# लापता युवक का शव बरामद, फैली सनसनी

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली फूलबेहड़ क्षेत्र के ग्राम सुन्दरवल के पास चकरोड के किनारे एक युवक का शव बरामद हुआ है। शव बुरी तरह से सड चुका था। मृतक युवक के परिजनों ने गले व बांह में गोली मारे जाने की आशंका जताई है। शव के पास ही युवक की बाइक भी मिली वहीं मृतक का मोबाइल गायब है। मृतक युवक रविवार दोपहर को घर से लखीमपुर जाने के लिए निकला था।

फूलबेहड़ पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक युवक के मामा की तहरीर पर एक युवक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। खीरी पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस को घटना के जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं। फूलबेहड़ कोतवाली क्षेत्र के अटकोहना सलारपुर गांव निवासी 22 वर्षीय परमीत सिंह पुत्र गुरमुख सिंह रविवार को करीब तीन बजे घर से लखीमपुर जाने के लिए अपनी बाइक से निकला था। शाम को जब परमीत सिंह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसके फोन कर कॉल की। लेकिन उसका मोबाइल बंद आ रहा था। जिसके चलते परिजनो ने परमीत सिंह को तलाशना शुरू कर दिया। परमीत सिंह के न मिलने पर परिजनों ने फूलबेहड़ थाने पर उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी।

सोमवार शाम को सुन्दरवल गांव के पास चकरोड के किनारे एक युवक का शव बरामद होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने रविवार से लापता युवक के परिजनों को शव की शिनाख्त के लिए बुलाया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक युवक की शिनाख्त परमीत सिंह के रूप में की। बताते है कि मृतक युवक परमीत का शव बुरी तरह से सड चुका था। शव के चेहरे व हाथ से खून रिस रहा था।

जिसके चलते परिजनो ने गोली मार कर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। गोला कोतवाली क्षेत्र के हण्डेला फार्म निवासी मामा भूपेंद्र सिंह ने मृतक के फुफेरे भाई बूटा सिंह पर हत्या का शक जाहिर करते हुए फूलबेहड़ पुलिस को तहरीर दी है। फूलबेहड़ पुलिस ने बूटा सिंह के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। तब से नामजद आरोपी बूटा सिंह फरार चल रहा है। घटना की सूचना पाकर खीरी पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने मौके का निरीक्षण कर पुलिस को जल्द खुलासा करते के निर्देश दिए हैं।

> मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, मृतक के मामा की तहरीर पर मृतक के फुफेरे भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।
> आलोक धीमान,फूलबेहड़ इंस्पेक्टर

## एसएमजीआई के छात्र-छात्राओं ने अपनी श्रेष्ठता की साबित

**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन्स इटावा के अन्तर्गत संचालित विवेकानन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी में अध्ययनरत् बी.सी.ए. के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर अपने शानदार परीक्षा परिणाम से अपनी श्रेष्ठता साबित की है। संस्था के डायरेक्टर डा उमा शंकर शर्मा एवं प्राचार्य ने बताया कि हर वर्ष की तरह ही सी एस जे एम यू कानपुर द्वारा घोषित बी.सी.ए. के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम इस बार भी शानदार रहा है। बी.सी.ए. के द्वितीय सेमेस्टर में अंशिका रजावत ने 90.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, गुनगुन जैन ने 85.33 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, साहिल पोरवाल ने 84 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, मयंक कुमार ने 82.16 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं रुद्राक्ष शर्मा ने 81.83 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया है।

# दस लाख की ब्राउन शुगर बरामद, तीन गिरफ्तार

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**



वाहन चेकिंग के दौरान शारदानगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा के तिकुनिया से रोहतक जा रही निजी डबल डेकर बस की डिग्गी से 482 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। बरामद ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत करीब दस लाख रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने बस को सीज कर चालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

जिले के भारत-नेपाल सीमा के कस्बा तिकुनियां, गौरीफंटा सहित बहराइच जनपद के बिछिया आदि स्थानों से कई डबल डेकर बसें डग्गामारी कर महानगरों के साथ ही दूसरे राज्यों को आती-जाती हैं। सोमवार की रात सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में एसओ बृजेश कुमार मौर्य , एसआई अम्बकेश्वर दत्त त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी वीरेंद्र यादव, मो. वाहिद , संजय कुमार, आरक्षी करन कुमार , सुनील कुमार के साथ शारदा नगर बैराज पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तिकुनियां से सवारियां लेकर दिल्ली होकर रोहतक (हरियाणा) जा रही एक डबल डेकर बस संख्या एन एल 07 बी 2051को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान चालक की सीट के पीछे टूल बॉक्स से काली पन्नी के बंडल के अंदर दो पन्नियों से 482 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद करने के साथ ही बस चालक साजिद पुत्र बुन्दू निवासी थाना बछरायूं जनपद अमरोहा ,परिचालक जावेद पुत्र छोटे खां निवासी राजैती थाना बहादुर गढ़ जिला हापुड़ , हेल्पर शाहिब अली पुत्र बुन्दू निवासी ललियाना थाना किठौर जनपद मेरठ को गिरफ्तार करने के साथ ही बस को सीज कर दिया है। एसओ बृजेश कुमार मौर्य ने बताया कि चेकिंग के दौरान नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर मिलने पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसके साथ ही बस को सीज कर दिया गया है।

## कस्बा मितौली राम जी सोनी ने शिक्षा के क्षेत्र में नाम किया रोशन

**मितौली खीरी।** कस्बा मितौली निवासी मुन्ना लाल सोनी का पुत्र राम जी सोनी ने शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाकर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। राम जी सोनी को इंजीनियरिंग विज्ञान एवं प्रद्योगिकी स्कूल हैदराबाद विश्वविद्यालय तेलंगाना में सामग्री इंजीनियरिंग शाखा में पी एच डी अनुसन्धान विद्वान के रूप में अध्ययन कर रहा था प्रोफ़ेसर जय प्रकाश गौतम तथा डॉ कोरला (आईआईटी) हैदराबाद की देख रेख में काम कर रहे हैं राम जी सोनी को चम्बकत्व एवं धातु क्रम पर ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय सम्वेलन इटली में 2024 से 19 जून से 21 जून 2024 तक तथा 2024 सामग्री की बनावट पर बिसवां अंतरराष्ट्रीय सम्वेलन मेटज ,फ्रांश 30 जून से 6 जुलाई तक तथा 8 जुलाई 2024 से 30 अगस्त 2024 तक गेट यूनिवर्सिटी बेल्जियम में प्रोफेसर लियो ए आई कन्टेन्स की देखरेख में काम करेंगे।

# कुएं में गिरा सांड निकालने गए गौरक्षकों को प्रधान प्रतिनिधि ने धमकाया

- सूचना के बाद भी नही पहुंची पुलिस और ब्लाक के अधिकारी

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**



धौरहरा तहसील क्षेत्र के खरवहिया नम्बर एक गांव में कुंए में गिरे सांड की सूचना पाकर सांड को कुएं से निकालने गए गौरक्षकों से प्रधान प्रतिनिधि ने अभद्र व्यवहार करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दे डाली। गौरक्षकों द्वारा सांड को कुएं से निकालने के लिए अधिकारियों को सूचना दी गई फिर भी किसी अधिकारी ने मौके पर जाना उचित नहीं समझा।

धौरहरा विकास क्षेत्र के खरवहिया नम्बर एक गांव में स्थित कुंए में एक सांड गिर गया। ग्रामीणों से सूचना पाकर वहां गौरक्षक दल के लोग वहां पहुंच गए। गौरक्षक दल के सदस्य शिवम् पाण्डेय , दिनेश कुमार, विकास श्रीवास्तव, अमन कुमार , प्रदीप कुमार , हिमांशु यादव , चन्द्रेश सिंह , सूरज , धर्मपाल , रामसरन, धर्मेंद्र, राम पाल , सौरभ सिंह , अनुज आदि करीब एक दर्जन गौरक्षक दल के सदस्यों ने एसडीएम राजेश कुमार को शिकायती पत्र दे आरोप लगाया है कि खरवहिया नम्बर एक में कुंए में गिरे सांड की सूचना ग्रामीणों से मिलने पर सदस्यों ने वहां पहुंचकर गांव के प्रधान , सचिव , बीडिओ, तहसीलदार व प्रभारी निरीक्षक धौरहरा को कुएं में सांड गिरे होने की सूचना देकर उसे निकलवाने के लिए कहा। अधिकारियों के न पहुंचने पर गौरक्षक दल के सदस्यों ने ग्रामीणों की मदद से किसी तरह सांड़ को कुएं से बाहर निकाला।

सांड़ कुएं से निकाल दिए जाने के बाद मौके पर पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि ने गौरक्षक दल के सदस्यों के साथ गाली-गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी गई।

गौरक्षक दल के सदस्यों का आरोप है कि प्रधान प्रतिनिधि द्वारा किए जा रहे गाली-गलौज की सूचना उपनिरीक्षक रुद्र पाण्डेय को दी गई। फिर भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।किसी तरह वहां से बचकर गौरक्षकों ने एसडीएम राजेश कुमार को शिकायती पत्र दे कार्रवाई करने की मांग की है।

# दस दिनों में 15 हजार राहत किटों का हुआ वितरण

- डीएम के निर्देशन पर तहसील के बाढ़ पीड़ितों में तेजी से चल रहा राहत किटों के वितरण का कार्य
- एसडीएम बोले,बाढ़ से प्रभावित किसानों की फसलों का कराया जा रहा सर्वे

**पलियाकलां खीरी, समृद्धि न्यूज।**


डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन पर पलिया तहसील प्रशासन के द्वारा राहत किटों के वितरण का कार्य जोरों पर किया जा रहा है। एसडीएम की अगुवाई में तहसील प्रशासन ने दस दिनों के अंदर तेरह हजार राहत किटों के वितरण के कार्य को अंजाम दिया गया। इसके अलावा बाढ़ से प्रभावित हुई किसानों की फसलों का प्लाट टू प्लाट सर्वे कार्य कराया जा रहा है।

राहत किटों को बाढ़ पीड़ितों तक जल्द से जल्द पहुंचाया जा सके इसको लेकर डीएम लगातार तहसील अधिकारियों को निर्देशित कर रहीं हैं। इसी क्रम में पलिया तहसील क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों में दस दिनों में पन्द्रह हजार राहत किटों को बांटने का कार्य किया जा चुका है। जानकारी देते हुए एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया कि 13 जुलाई से 23 जुलाई तक गोविन्द नगर, भानपुरी, खजुरिया, देवीपुर, गजरौला, मकनपुर, चंबरबोझ सरखना पूरब, पतवारा, श्रीनगर, अतरिया प्रेमनगर, बबौरा मझगई आदि दर्जनों अन्य गांवों में 15 हजार किटों के वितरण का कार्य किया जा चुका है। एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया कि इसके अलावा किसानों की बाढ़ से प्रभावित हुई फसलों का भी प्लाट टू प्लांट सर्वे कराया जा रहा है।

# बस्तीपुरवा से बरोठा जाने वाली सड़क हुई जर्जर

- क्षेत्रवासी बोले सर्वप्रथम इस रोड पर अजमानी जब विधायक थे तब पत्थर पड़ा था

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



विकास खण्ड निघासन की ग्राम पंचायत बरोठा में बस्तीपुरवा से बरोठा जाने वाली रोड में सिर्फ गड्ढे ही गड्ढे है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सर्वप्रथम इस रोड पर अजमानी जब विधायक थे तब पत्थर पड़ा था। अब वह कैसे पड़ा या किस विभाग से पड़ा हम लोग ये नही जानते उस पत्थर को ऐसे ही पड़े हुए लगभग 20 वर्ष हो गये थे। फिर उसके बाद स्वर्गीय शत्रोहन लाल शुक्ला के प्रयासो से समाजवादी पार्टी के विधायक स्वर्गीय कृष्ण गोपाल पटेल के द्वारा 1100 मीटर रोड ही गन्ना विभाग से बन पाई थी शेष बची थी 450 मीटर रोड पुनः ऐसे ही पड़ी रही।

आज से लगभग 7 वर्ष पहले पूर्व मंत्री स्व0 रामकुमार वर्मा के प्रयासों से फिर से गन्ना विभाग द्वारा उसका भी निर्माण करवाया दिया गया था। अब इस सड़क की हालत इतनी खराब है कि पता नहीं सड़क में गड्ढे है या गड्ढे में सड़क। इससे रोज़ दुर्घटना, वाहन में खराबी आती है। इससे संबंधित गन्ना विभाग को बहुत बार प्रार्थना पत्र दिया गया था मगर जीएम चुप्पी साधे बैठे है और बोलते है कि बजट नही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर गन्ना विभाग के पास बजट नही है तो इस सड़क को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत पुनः निर्माण करवा दें जिससे सभी ग्रामीणों को इस कष्ट से जल्द ही छुटकारा मिले।

# बंद रहते क्षेत्र के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र

**पसगवॉ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नौनिहालों की देखभाल और उनके पोषण का दायित्व बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की है। क्षेत्र के कई ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जो माह में सिर्फ पुष्टाहार वितरण वाले दिन खुलते हैं। क्योंकि इन्हें खोलने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका कभी-कभार आती हैं। इसका असर महिलाओं और बच्चों की सेहत पर पड़ रहा है।

सरकार बच्चों को कुपोषण मुक्त व शिक्षित करने लिए हर वर्ष लाखों रुपए खर्च कर रही हैं?, लेकिन यह सिर्फ कागजी आंकड़ों में सिमट कर रह गई हैं। यहां बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है तो वही विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एअर कंडीशन आफिस में बैठें-बैठें केवल कागजी आंकड़ों को उपर दिखा अपनी पीठ थपथपाने में व्यस्त हैं। वे कभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर जांच करने नहीं जातें कि वहां क्या चल रहा है, केन्द्र खुला हैं कि बंद ही रहता हैं, जिसके चलते जमीन धरातल पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं आम जनमानस तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ती नजर आ रही है। नाम न छापने की शर्त पर कई ग्रामीणों ने बताया है कि गढी इब्राहिमपुर जहा आंगनबाड़ी केन्द्र कभी कभार खुलता हैं, जिसके चलते यहां आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चे नहीं पढ़ पाते. जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते बच्चों को पुष्टाहार भी नहीं मिल पा रहा है?। इससे वह कुपोषण के शिकार भी हो रहे हैं। यह आंगनबाड़ी केंद्र सिर्फ कागजों में चलता हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि आए दिन आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहता हैं।

## एसडीएम राजीव निगम ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी का चार्ज किया ग्रहण

**सिंगाही खीरी।** एसडीएम राजीव निगम ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी का चार्ज ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर उन्होंने कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था के साथ ही नगर की प्रकाश व्यवस्था को सही रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी का चार्ज ग्रहण करने के बाद मौजूद कर्मचारियों को सफाई व प्रकाश व्यवस्था सही रखने की बात कही। इस मौके पर एसडीएम राजीव निगम ने कहा कि नगर पंचायत के द्वारा फागिग अभियान चलाया जाएगा। नगर पंचायत अतिरिक्त फोगिग मशीनें लेकर फोगिग करवाई जाएगी ताकि मच्छरों पर नियंत्रण किया जा सके। इसके साथ ही कस्बे को बेसहारा पशुओं से मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान लिपिक अखिलेश अवस्थी, सभासद दीपक सक्सेना, सुरेंद्र सिंह मोहम्मद राशिद सहित नगर पंचायत स्टाफ उपस्थित रहा।

# राहत सामग्री न मिलने से महिलाओं ने काटा हंगामा, सौंपा ज्ञापन



**पलियाकलां खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बड़ा पतवारा निवासी दर्जनों महिलाओं ने तहसील पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने बाढ़ राहत सामग्री न मिलने की बात कही है। आरोप है कि कुछ विशेष लोगों को राहत सामग्री दी जा रही है लेकिन जिनके घरों में पानी भरा था, उनको सामग्री का वितरण नहीं किया जा रहा है। मंगलवार को बड़ा पतवारा की दर्जनों महिलाएं तहसील पहुंची और बाढ़ राहत सामग्री न मिलने को लेकर प्रदर्शन किया। तहसीलदार आरती यादव को ज्ञापन दिया है। जिसमें कहा गया है कि पतवारा गांव में भयंकर बाढ़ का पानी आया था और उनके घरों में पानी भरने से सारा सामान भी नष्ट हो गया था।

आरोप है कि गांव में कुछ विशेष लोगों को ही राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है लेकिन उन लोगों तक अभी सामग्री नहीं पहुंची है। तहसीलदार ने सभी को लेखपाल के जरिए राहत सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# धरा को सजाने इसे हरा-भरा बनाने के लिए रोपित किए पौध



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पर्यावरण मित्र समूह द्वारा धरा को सजाने इसे हरा-भरा बनाने के क्रम में मोहल्ला काशीनगर, रानीगंज एवं बहादुर नगर में छायादार,औषधीय, शोभा कार एवं पुष्प वाले पौधे रोपित किए गए। वृक्षारोपण अभियान को निरंतर गति प्रदान करते हुए पर्यावरण मित्र समूह सदस्यों, नगर की विभिन्न संस्थाओं एवं सेवियों द्वारा ट्री गार्ड्स सहित पौधे रोपित किए गए। मोहल्ला काशी नगर में डॉ धर्मेंद्र पालीवाल क्लीनिक के समीप, अनुपम नर्सिंग होम के पीछे गली में, रानीगंज में जूलियन डे स्कूल के निकटवर्ती स्थानों पर और बहादुर नगर में पितरिया निवास के पास पौधे रोपित कर धरा को सजाने, हरा भरा बनाने के अभियान को गति प्रदान की गई।

पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में कोर कमेटी के सदस्य विशाल सेठ, राम मोहन गुप्त, मयूरी नागर, अनुश्री गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, उदयवीर सिंह, जयवीर सिंह, राजवीर सिंह, नीरा सिंह, पूर्णिमा सिंह, अमन सिंह चंदेल, आयुष प्रताप सिंह, उमा पितरिया, दीपक रस्तोगी, ऊषा पितरिया, कैलाश पितरिया, प्रियंका पितरिया सहित विभिन्न नागरिक सम्मिलित रहे।

## बाढ़ से हुए कटान रोकने के लिए भाजपा नेता ने की वार्ता



**निघासन खीरी।** बाढ़ से हो रही तबाही से राहत हेतु भाजपा नेता झण्डी के राजा राजेश्वर सिंह विगत कई दिनों से क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित गाँवों मे भ्रमण कर गाँव वालों को झण्डी स्थिति आवास से लंच पैकेट बनवाकर बांट रहे है व ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनते हुये संबंधित अधिकारियों से समाधान हेतु वार्ता भी कर रहे है। इसी कड़ी में राजा राजेश्वर सिंह जसनगर पहुँचे जहां सैकड़ों एकड़ जमीन बाढ़ के कारण घाघरा नदी ने काट दी थी। नदी का कटान गाँव में अंदर की तरफ तेजी से बढ़ रहा है जिससे नदी के किनारे आबादी क्षेत्र में बने मकानों में नदी के पानी से खतरा बढ़ गया है व गाँव वाले चिंतित हैं। राजा साहब के वहाँ पहुंचे ही स्थानीय ग्रामवासियों ने उन्हे घेर लिया व तेजी से कट रहे गाँव से सहमे ग्रामवासियों ने अपनी पीड़ा बताई। राजा साहब ने उन्हें मदद का आश्वासन देते हुये शीघ्र जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, एसडीएम निघासन राजीव निगम, अधिशासी अभियंता शोभित कुमार व अन्य अधिकारियों से वार्ता कर तत्काल कटान रोकने हेतु पानी की ठोकर परपूपाईन (जिसे स्थानीय भाषा में तिगुड़िया कहते हैं) आदि उसे बाबापुरवा (ग्रामसभा बरसोला कला) से नयागाँव (ग्रामसभा खैरटिया) लगवाने हेतु आग्रह किया। विशेष कर आबादी वाले क्षेत्र में जिससे उस क्षेत्र के लगभग 8 गाँवों में कटान से बचाव होगा व हजारों की संख्या में लोगों को राहत मिलेगी। अधिकारियों ने शीघ्र कार्यवाही हेतु राजा साहब को आश्वासन भी दिया। राजा राजेश्वर सिंह के साथ जसनगर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता भी थे। जिसमें भाजपा मंडल प्रभारी विनय जायसवाल, सेक्टर संयोजक जसनगर राहुल गुप्ता, सेक्टर प्रभारी रमेश मौर्या, सेक्टर प्रभारी सुनील अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# सावन लगते ही कभी पेड़ों पर पड़ जाते थे झूले, अब विलुप्त हुई परंपरा





> पहले गांव के पेड़ पर पतावर से मोटी रस्सी बनाकर झूला डाल कर झूला झूला जाता था। सारे गांव की बहन, बेटियां झूलती थीं। आधुनिकता की चकाचौंध में सावन के झूले भी यादें बन गए हैं। केवल भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों में सावन माह में भगवान को झूला झुलाने की परंपरा जरूर अभी भी निभाई जा रही है।
> पिंकी सिंह ,उमरिया अमीर नगर



> पवित्र सावन माह का आगमन तो होता है। किंतु आधुनिक चकाचौंध में अपने साथ झूले नहीं लाता। इस अनोखी परंपरा के खत्म होने के पीछे कोई एक नहीं, कई कारण हैं। आधुनिक समाज की तेज रोशनी ने बहुत कुछ झुलसा दिया। बीते एकाध दशकों से तो ऐसा प्रतीत होने लगा है कि झूला झूलने की परंपरा मानो धीरे-धीरे खत्म होने को है।
> प्रिया शर्मा, अमीर नगर खीरी



> युवतियां पेड़ों पर झूला झूलती थीं, गीत गाती थीं। सखियों के बीच आपस में हंसी, मजाक, ठिठोलियां होती थीं, पर अब यह सब किस्से कहानियों में सिमट गये हैं। युवा पीढ़ी झूलों की महत्ता से अनभिज्ञ है। झूला झूलते वक्त लड़कियां और औरतें लोक गीत कजरी गाती थीं। अब सबकुछ समाप्त होता जा रहा है।
> विनीता मिश्रा,कुम्भी चीनी मिल



> पहले सावन का महीना आते ही पेड़ों पर झूले पड़ जाते थे। पहला सावन मायके में ही मनाने की परंपरा रही है। ऐसे में बहन-बेटियां ससुराल से मायके बुला ली जाती थीं और हाथों में मेहंदी रचा कर पेड़ों पर झूला डालकर झूलती थीं। महिलाएं सावनी गीत गाया करती थीं। अब जगह के अभाव में कहीं झूले नहीं डाले जाते।
> सोनी शर्मा, अमीर नगर खीरी

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

आधुनिक की चकाचौंध में सावन के पुराने दिन विलुप्त होने की कगार पर हैं। सावन में युवतियों और नव विवाहिताओं में झूला झूलने एवं तीज महोत्सव, नाग पंचमी में गुड़िया डालने का विशेष महत्व रहता है लेकिन बाग-बगीचों में अब नहीं गूंजते सावन के गीत और न ही पड़ते हैं झूले। हरे-भरे बाग बगीचे ही नष्ट होने की कगार पर हैं। बाग-बगीचों की हवाओं के साथ पत्तों के बीच शोर करते सावन के गीतों की स्वर लहरियां अब कहीं-कहीं ही सुनाई देती है।

नव विवाहितो के उत्साह और उमंग से जुड़ा हरियाली तीज का त्यौहार पहचान खोने लगा है। सावन के झूले और लोकगीत दायरे में सिमट कर रह गए हैं। त्यौहार का असल आनंद इस सबके बीच कहीं गुम हो गया है। सावन के गीतों ने अब महिलाओं की जुबान के बजाए मोबाइल पर लाउडस्पीकर पर आनंद लेने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। सावन के लोकगीत भी बीते जमाने के साथ पीछे छूट गए, फिल्मी गाने इन पर ज्यादा हावी हो गए हैं।

## वक्फ सम्पत्तियों को अधिकारिक वेबसाइड पर शीघ्र दर्ज करवायें: प्रदीप

**इटावा।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि अपर सर्वे कमिश्नर वक्फ उ.प्र. द्वारा उच्च स्तर पर उ.प्र. वक्फ नियमावली के सम्बन्ध में हुई बैठक की समीक्षा के दौरान यह संज्ञान में लिया है कि प्रदेश में उ.प्र. शिया/सुन्नी वक्फ बोर्ड सम्पत्ति की कुल संख्या-131381 है, जिसमें सुन्नी औकाफ की संख्या-123525 तथा शिया औकाफ की संख्या-7856 है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार के अधीन केन्द्रीय वक्फ परिषद द्वारा वामसी पर दर्ज वक्फ सम्पत्तियों की संख्या में भिन्नतायें है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि सभी अधिसूचित एवं उ.प्र. सुन्नी/शिया सेण्ट्रल वक्फ बोर्ड में विधिवत पंजीकृत वक्फ सम्पत्तियों जिसमें मकान, दुकान, कब्रिस्तान, खाली वक्फ की जमीन इत्यादि को यथारूप वामसी पोर्टल पर दर्ज नहीं किया गया है।

# गंदगी से बीमारियों ने लिया जन्म, अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

## ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुस्त, जिम्मेदारों के द्वारा नहीं किया जा रहा है गांवों में दवा का छिड़काव

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मौसम में परिवर्तन के साथ क्षेत्र में लोगों के सेहत पर काफी असर पड़ रहा है। वही क्षेत्र में आयी भीषण बाढ़ ने न जाने कितनी बीमारियों को जन्म दिया है। इन दिनों नदियों का जलस्तर घट रहा है।

बाढ़ का पानी निकल कर नदी में समा रहा है। बाढ़ प्रभावित गावों में जैसे-जैसे पानी कम हो रहा है, वैसे-वैसे पानी में मछली जैसी दुर्गंध बाढ़ प्रभावित गांवों में फैलती जा रही है। हल्की सी हवा चलते ही घरों में भी लोगों का सांस लेना मुश्किल हो जा रहा है। सर्दी, खांसी, बुखार एवं सांस की दिक्कतों की शिकायतें एक-दो घरों से नहीं बल्कि लगभग घर-घर से आ रही है। हालांकि बाढ़ के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुँच लोगों को सचेत करते हुए दवाइयां भी बांटी थी। मगर उसका कुछ खास असर देखने को नही मिला। अगर इन बीमारियों की वजह असल मायने में देखी जाए तो वो है बाढ़ प्रभावित गांवों में बहकर आई जमा गंदगी। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था बिल्कुल भी दुरुस्त नही है और न ही जिम्मेदारों के द्वारा गांवों में दवा की छिड़काव किया जा रहा है। निघासन सीएचसी अधीक्षक पी के रावत ने बताया कि बाढ़ के बाद डायरिया व बुखार के मामले बहुत आ रहे है, कुछ मामले डेंगू के भी आये है, सबसे ज्यादा मरीज चर्म रोग जैसे दाद, खाज व खुजली के आ रहे है। उन्होंने यह भी बताया कि बीमारियों की असल वजह गंदगी होती है। बाढ़ का पानी जब गांवों में घुसा तो अनेक बैक्टीरिया जमा हो गए। पानी सूखने के बाद वही बैक्टीरिया बीमारियों को जन्म दे रहे है, ऐसे में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए, बाढ़ प्रभावित गावों में कैम्प लगाकर दवा का वितरण भी किया जा रहा है। वही सामुदायिक स्वस्थ केंद्र पर भी मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है।

# अंत्योदय को समर्पित व चौतरफा विकास से समावेषित है आम बजट

**बीजेपी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ने किया बजट का स्वागत**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि अंत्योदय को समर्पित एवं चौतरफा विकास से समावेषित बजट निःसंदेह गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा समेत समाज के समस्त वर्ग की उम्मीदों एवं आकांक्षाओं पर खरा उतरने वाला है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अंत्योदय के प्रण व समग्र विकास के संकल्प को आकार देता यह बजट नीवन भारत के स्वर्णिम युग को और उत्तम मजबूती प्रदान करेगा। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का समस्त देशवासियों और प्रदेशवासियों की तरफ से आभार प्रकट किया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट 2024-25 गाँव, गरीब, किसान, महिलाओं, युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति के साथ ही चतुर्दिक समृद्धि एवं विकसित भारत, आधुनिक भारत के सपने को साकार करने वाला बजट है।

## इस बार का भी बजट सिर्फ जुमलों के अलावा कुछ भी नहीं : अजय राय

**लखनऊ।** हर बार की तरह इस बार का भी बजट सिर्फजुमलों व हवाई दावों के अलावा कुछ भी नहीं। देश की सभी बड़ी समस्याओं फिर चाहे युवाओं के रोजगार की बात हो, किसानों की बात हो, य फिर महंगाई की बात हो किसी भी समस्या के निवारण का स्पष्ट रोड़ मैप नहीं है। पिछले बजट में जो वादे किय गये थे, जो योजनाएं घोषित हुई थी, उनकी कोई चर्चा न करते हुए फिर से नये वादे नई घोषणाएं। उक्त बातें बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहीं। कहा कि 2023 और 2024 का बजट भाषण ध्यान से देखते हुए कई झूठ यूहीं पकड़ में आ जाते हैं जैसे पिछले बजट में भी यह वादा किया गया था।

# सात वर्ष में सरकार ने करीब 16.38 लाख युवाओं को किया प्रशिक्षित

## मॉडल कौशल ऋण से कमजोर तबके के छात्रों को विशेष ट्रेनिंग के लिए मिलेगी आर्थिक मदद

समृद्धि न्यूज



**अधिक संख्या में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ सकेंगे प्रदेश के युवा**

**लखनऊ।** आम बजट 2024-25 में किए गए प्राविधानों से उत्तर प्रदेश के लाखों युवाओं को लाभ मिलेगा। वो न सिर्फ अधिक संख्या में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि भविष्य के रोजगारपरक पाठ्यक्रमों से भी जुड़ सकेंगे। यही नहीं, उन्हें कौशल प्रशिक्षण के लिए ऋण भी मिल सकेगा।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2024-25 पेश करते हुए युवाओं के कौशल विकास को लेकर कई घोषणाएं कीं, जिनसे बड़ी संख्या में प्रदेश और देश के युवाओं का कौशल निखर सकेगा और वो रोजगार से जुड़ सकेंगे। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास के लिए पहले से ही महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। निश्चित रूप से आम बजट 2024-25 में जो नए प्राविधान किए गए हैं उसका लाभ प्रदेश के युवाओं को मिलेगा और वे प्रशिक्षित होकर रोजगार के नए नए अवसरों को प्राप्त करेंगे।

मॉडल कौशल ऋण से कमजोर तबके के छात्रों की आर्थिक मदद होगी तो वहीं 1000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन से प्रदेश में औद्योगिक शिक्षा को बल मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 7 वर्षों में कौशल विकास मिशन के माध्यम से लाखों युवाओं को प्रशिक्षित कर सेवायोजित किया गया है। यदि 2023-24 की बात करें तो 2.08 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया गया, जिसमें से 1.21 लाख युवाओं को सेवायोजन प्रदान किये जाने के दृष्टिगत नियुक्ति प्रदान कराई है। 2017 ने योगी सरकार बनने के बाद से 16 लाख 38 हजार से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षित किया गया, जिसमें करीब 5.69 लाख को रोजगार भी उपलब्ध कराया गया।

## खबरें एक नजर में

### सभी के सपनों पर पानी फेरने वाला बजट : लोकदल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट पेश किए जाने पर लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए इस बजट में क्या है? जहां से प्रधानमंत्री सांसद चुने गए है। किसानों की एमएसपी की बात इस बजट में क्यों नहीं है। सरकार ने बेरोजगारी बढ़ाई है। सरकार ने 4 करोड़ नौकरी की झूठी घोषणा की है। सरकार यह बताए कि पिछले दस साल में कितनी नौकरी दी है। इस बजट में भी किसानों की आय दोगुनी करने की बात कहा की गई। अडानी-अंबानी को छोड़कर देश के गरीबों, बेरोजगारों, किसानों, महिलाओं, मेहनतकशों, वंचितों के अच्छे दिन' की उम्मीदों वाला कम बल्कि उन पर पानी फेरने वाला यह बजट है।

### किसानों महिलाओं व युवाओं को समर्पित है बजट : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उम्मीद से अच्छा बजट आया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं के लिए समर्पित है। बजट के माध्यम से देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक मजबूत नींव रखने का काम किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट शानदार, जानदार है। विपक्ष की आलोचना करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव को दृष्टिदोष है। उम्मीद से अच्छा बजट है। विकसित भारत की नींव पड़ी है। उन्होंने कहा कि आन्ध्र प्रदेश में तो चुनाव नहीं है। बिहार, झारखण्ड, उड़ीसा या देश का वह हिस्सा विकास से पीछे है, उसे विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयास किया जा रहा तो उसमें कमी खोजना ठीक नहीं है।

### बजट देश की 140 करोड़ जनता की आशाओं का प्रतिबिंब

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह बजट देश की 140 करोड़ जनता की अपेक्षाओं, आकांक्षाओं का दर्पण है। यह बजट भारत को तीसरी आर्थिक अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को साकार करने वाला दस्तावेज है। जयवीर सिंह ने कहा कि इस बजट में सभी के लिए कुछ न कुछ है। इसके साथ ही भारत को आत्मनिर्भर बनाने का एक रोड मैप भी है। उन्होंने कहा कि इस बजट में गांव, गरीब, किसान, युवा, महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। उ0प्र0 को जनसंख्या के अनुरूप अधिक आवंटन प्राप्त हुआ है। मंत्री ने कहा कि यह बजट सर्वसमावेशी एवं सर्वस्पर्शी है। यह बजट विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### पति पर पत्नी को जहर देने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर में लवकुश नगर की नई बस्ती में पत्नी ने पति पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। परिजनों ने गंभीर हालत में महिला को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक कानपुर की रहने वाली महिला की लखनऊ के रहने वाले राशु से शादी हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों में विवाद होता रहता था। सोमवार को दोनों में विवाद हुआ। इसके बाद पति ने पत्नी को जहर दे दिया। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। महिला की तबीयत बिगड़ने की जानकारी पड़ोसियों को लगी तो उन्होंने परिवार को सूचना देने के साथ ही आननफानन में महिला को लोहिया अस्पताल पहुंचाया। लोहिया अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा है। फिलहाल गाजीपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तीन दिनों से लापता एसी मैकेनिक का गोमती में मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मलिहाबाद कोतवाली अंतर्गत घुसौली गांव निवासी सुमित टेडी पुलिया के पास एसपी का काम करता था। परिजनों ने बताया कि17 जुलाई को सुमित घर से बिना बताया कहीं चला गया था। इसके बाद से वह दोबारा घर नहीं लौटा, देर शाम परिजनों ने सुमित के मोबाइल पर संपर्क किया लेकिन उसका मोबाइल बंद जाने लगा। इसके बाद परिजनों ने नाते-रिश्तेदार, बेटे के दोस्तों से पूछताछ की। बावजूद इसके सुमित का कहीं सुराग नहीं लग सका। किसी अन्होनी की आशंका के मद्देनजर पर परिजनों ने मलिहाबाद कोतवाली में लिखित शिकायत देते हुए बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस भी सुमित की तलाश में जुटी गई। मंगलवार दोपहर सुमित का शव गोमती नदी में उतराता मिला। चौक प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय ने बताया कि मृतक के हाथ पर मां नाम का और अतः अस्ति प्रारंभ का टैटू है। शव दो दिन पुराना बताया जा रहा है। मां शांतिदेवी ने बेटे की हत्या कर शव को नदी में फेंके जाने की आशंका जताते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो गया। वहीं, जांच में मिले तथ्यों और आरोपों के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

### यात्रियों को चाय-बिस्किट खिलाकर बेहोश करने वाले गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यात्रियों को चाय और बिस्किट खिलाकर बेहोश करने वाले गैंग का खुलासा हुआ है। आरोपी यात्रियों को झांसे में लेने के बाद घटना को अंजाम देते थे। जीआरपी चारबाग पुलिस ने बताया कि रेलवे स्टेशन और ट्रेन में सो रहे यात्रियों के मोबाइल, पर्स और कीमती सामान की चोरी आरोपी करते थे। यह प्लानिंग कर घटना को अंजाम देते थे। पुलिस ने दो शातिर चोर को चार बाग स्टेशन से गिरफ्तार किए हैं। इनके कब्जे से तीन मोबाइल और 60,000 हजार रूपए बरामद हुए हैं। आरोपी जहर खुरानी का भी काम करते थे। आरोपी चार्जिंग पॉइंट पर लगे मोबाइल को निशाना बनाते थे। इसके साथ ही ट्रेन में सो रहे यात्रियों का मोबाइल लेकर भाग जाते थे। डिप्टी एसपी विकास पांडेय के निर्देश पर रेलवे की तरफसे अभियान चलाया जा रहा। प्रभारी निरीक्षक संजय खरवार का कहना है कि टीम गठित कर आरोपियों की धरपकड़ की गई। इनके पास से कई मोबाइल बरामद हुआ है।

# मुआवजा देने में लापरवाही पर कई अफसरों से जवाब-तलब

**लापरवाह एडीएम एफआर को प्रतिकूल प्रविष्टि तो एसडीएम से मांगा स्पष्टीकरण**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है।

उन्होंने प्रदेश में विभिन्न आपदाओं में हुई जनहानि एवं क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही करने वाले आधा दर्जन से ज्यादा अधिकारियों से जवाब तलब किया है। इसमें पांच जिलों के एडीएम एफआर को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी है, जबकि तीन एसडीएम से स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं बाढ़ संबंधी कार्यों में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ को निलंबित कर दिया।

सीएम ने सभी लापरवाह अधिकारियों को दो दिनों में अपना स्पष्टीकरण शासन के सौंपने के निर्देश दिये हैं। बताया जा रहा है कि अगर जवाब संतोषजनक नहीं हुआ तो सीएम योगी सख्त कार्रवाई कर सकते हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि आपदा से हुई जनहानि का मुआवजा 24 घंटे के अंदर प्रदान किया जाए।

### इन लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी ने की कार्रवाई

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश भर में आपदा से हुई जनहानि का सर्वे पूरा कर 24 घंटे में मुआवजा दिया जा रहा है। वहीं इसमें लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में विभिन्न आपदाओं के दौरान हुई जनहानि और क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर एक्शन लिया गया है। इनमें बांदा, चित्रकूट, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर और मुजफ्फनगर के एडीएम एफआर क्रमशः संतोष सिंह, उमेश चंद्र निगम, उमा शंकर, एस सुधाकरन और गजेंद्र कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि सौंपी गयी है। इसके साथ ही लापरवाही पर सिद्धार्थनगर की सदर तहसील के एसडीएम ललित कुमार मिश्रा, हाथरस की शादाबाद तहसील के एसडीएम संजय कुमार सिंह और अलीगढ़ की अतरौली तहसील के एसडीएम अनिल कुमार कटियार से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। वहीं बाढ़ संबंधी कार्यों में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ अश्विनी कुमार को निलंबित कर दिया है। सभी को दो दिनों के अंदर अपना जवाब शासन को सौंपना होगा।

## बिना सीएम के सम्पन्न हो गई बीजेपी कोर ग्रुप की मीटिंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव मौर्य के बीच की खटास को आरएसएस अब कम करने में जुट गई है। पिछले दिनों आरएसएस के कई नेताओं की बैठकों ने इस ओर इशारा भी किया। बीते रोज लखनऊ में बीजेपी के दफ्तर में संगठन मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और दोनों डिप्टी सीएम मिले लेकिन योगी मौजूद नहीं थे। अमूमन बैठकों में सीएम मौजूद होते हैं। कुछ दिन पहले आरएसएस के दो नेताओं ने सीएम योगी और केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की। वीएचपी नेता ने भी मौर्य से बात की है। अनुमान लगाया जा रहा है कि आरएसएस केशव प्रसाद मौर्य और योगी आदित्यनाथ के बीच की खाई को भरने की कोशिश कर रहे हैं। खबर आई थी कि संघ के सरकार्यवाह अरुण कुमार लखनऊ आने वाले हैं और उसके बाद सबके साथ बैठक करेंगे, लेकिन नही आये। 2017 में भी ऐसा ही हुआ था जब केशव प्रसाद मौर्य और योगी के बीच मनमुटाव हुआ था, आरएसएस के उस वक्त के बड़े अधिकारी दत्तात्रेय होसबोले योगी आदित्यनाथ को लेकर खुद केशव प्रसाद मौर्य के सरकारी आवास पर गए थे। साफ है कि पहले भी संघ मध्यस्थता करवा चुका है।

# समग्र विकास और विकसित भारत की मजबूत नींव डालेगा बजट : केशव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट गाँव-गरीब के विकास, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को प्रोत्साहन और किसानों की आय में वृद्धि को धरातल पर उतारने वाला बजट है। यह गरीबों, महिलाओं के शैक्षिक , सामाजिक व आर्थिक उत्थान,सभी के उत्तम स्वास्थ्य, कृषि विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को समर्पित बजट है। जिसके लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत का रोड मैप और गरीब कल्याण तथा समग्र विकास पर केंद्रित बजट है, सर्व समावेशी बजट है। बजट में महिलाओं, नौजवानों, बुजुर्गों, किसानों और सर्व समाज के हितों को सर्वोपरि रखा गया है ।समग्र विकास और आत्मनिर्भरता की नीव रखने वाला यह बजट है। श्री मौर्य ने कहा कि गरीबों, युवाओं, अन्नदाता किसानों व नारीशक्ति को समर्पित बजट है। किसानों की आमदनी बढ़ाने पर विशेष रूप से फोकस किया गया है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। बजट से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। मिडिल क्लास के घर के सपने पूरे होंगे। बुनियादी ढांचे के विकास पर फोकस किया है।

### किसानों, नौजवानों और महिलाओं का बजट में रखा ध्यान : रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि बजट में नौजवानों, युवा, किसानों तथा महिलाओं के भविष्य पर ध्यान दिया गया है। केन्द्र द्वारा बजट में युवा और कौशल विकास ही है। वित्त मंत्री ने कौशल विकास पर ध्यान देते हुए नई योजनाएं बनाई है। उच्च शिक्षा के लिए लोन में छूट दी है। देश में पहली बार बजट में कौशल विकास तथा श्रमिकों के लिए विशेष ध्यान दिया गया है।

# जल समस्याओं का निस्तारण करें अफसर

**महापौर जोन चार के अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा नगर निगम के समस्त जोनों की समीक्षा बैठक किये जाने के क्रम में आज जोन 04 की समीक्षा बैठक लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय की समीक्षा बैठक जोन के सम्मानित मा. पार्षद गण एवं अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। जिसमें क्षेत्र के मा. पार्षदों द्वारा रखी गई समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

महापौर द्वारा जोन के समस्त वार्डों में सर्वे कर कॉमर्शियल व घरेलू समपत्तियों को टैक्स लिस्ट में शामिल कर कर वसूली की स्थिति में सुधार लाए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त पार्षदों द्वारा जोन में सभी कॉमर्शियल प्रोपार्टियों के टैक्स लिस्ट में न होने की शिकायत पर महापौर जी द्वारा क्षेत्र में ऐसी सभी घरेलू एवं कॉमर्शियल समपत्तियों को जो टैक्स लिस्ट में शामिल नहीं हैं, उनका सर्वे कर टैक्स वसूल किये जाने के सख्त निर्देश दिए गए।साथ ही सर्वे से पूर्व इसकी सूचना क्षेत्रीय मा. पार्षद को दिए जाने हेतु भी आदेशित किया गया। साथ ही कर वसूल की फाइल प्रत्येक वार्ड अंतर्गत बनाये जाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जोन अंतर्गत बनी ऐसी सड़कें जिनके बिल पास हो गए हैं लेकिन शिलापट्ट अभी तक नहीं लगाया गया है, इस मामले को लेकर मा. महापौर जी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सिविल अभियंता की फटकार भी लगाई।

साथ ही भविष्य में शिलापट्ट लगने से पहले पेमेंट होने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफसीधे कार्यवाही किये जाने के निर्देश जारी किए। बैठक में पार्षदों द्वारा जोन अंतर्गत सुएज कंपनी द्वारा आने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ करने और लगातार लापरवाही बरतने इत्यादि की शिकायतें भी महापौर के समक्ष रखीं, जिस पर महापौर जी ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द सुएज कंपनी से सम्बंधित शिकायतों का संज्ञान लेकर उनको त्वरित रूप से निस्तारित किये जाने के निर्देश जारी किए। बैठक में अपर नगर आयुक्त व जोन 04 के प्रभारी पंकज श्रीवास्तव, जोनल अधिकारी संजय यादव सहित नगर निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



**अकबर नगर मेडिटेशन हाल में मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने वसंत कुंज योजना में शिफ्ट किए गए परिवारों को दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा की।**

### प्रश्न का उत्तर न देने पर शिक्षक ने छात्र का सिर फोड़ सहपाठी को बुरी तरह से पीटा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 24 घंटे के भीतर मलिहाबाद कोतवाली में दूसरा शिक्षक उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। जहां एक अभिभावक ने राजकीय हाईस्कूल के शिक्षक पर बेटे व उसके सहपाठी की बुरी तरह से पिटाई करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। अभिभावक का आरोप है कि प्रश्न का उत्तर न देने पर शिक्षक ने उनके बेटे का सिर फोड़ सहपाठी को बेहरमी से पीट दिया। शिक्षक की हरकत से अभिभावकों में रोष व्याप्त है। मलिहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के पुरवा गांव निवासी एक अभिभावक ने सरकारी शिक्षक के खिलाफकार्रवाई किए जाने की मांग की है। लिखित शिकायत में छात्र के पिता ने बताया कि वह खेती बाड़ी कर बेटे (16) को स्कूल भेजते हैं। उनका बेटा काकोरी कस्बे के राजकीय हाईस्कूल में कक्षा सात में पढ़ता है। सोमवार को बेटा अपने सहपाठी के साथ स्कूल में पढ़ने गया था। इस दौरान शिक्षक मो. सलीम आशिके रसूल ने दोनों से एक प्रश्न पूछा, बेटा व उसका सहपाठी शिक्षक के प्रश्न का उत्तर नहीं दे सका। इस पर शिक्षक का पारा हाई हो गया। पिता का आरोप है कि शिक्षक ने दोनों बच्चों की बेहरमी से पिटाई कर आपस में उनका सिर लड़ा दिया।

# कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित होंगे युवा : कपिल देव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** आम बजट 2024-25 में किए गए प्राविधानों से उत्तर प्रदेश के लाखों युवाओं को लाभ मिलेगा। वो न सिर्फ अधिक संख्या में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि भविष्य के रोजगारपरक पाठ्यक्रमों से भी जुड़ सकेंगे। कौशल प्रशिक्षण के लिए ऋण भी मिल सकेगा।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2024-25 पेश करते हुए युवाओं के कौशल विकास को लेकर कई घोषणाएं कीं, जिनसे बड़ी संख्या में प्रदेश और देश के युवाओं का कौशल निखर सकेगा और वो रोजगार से जुड़ सकेंगे। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास के लिए पहले से ही महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। आम बजट 2024-25 में जो नए प्राविधान किए गए हैं उसका लाभ प्रदेश के युवाओं को मिलेगा और वे प्रशिक्षित होकर रोजगार के नए नए अवसरों को प्राप्त करेंगे। मॉडल कौशल ऋण से कमजोर तबके के छात्रों की आर्थिक मदद होगी तो वहीं 1000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन से प्रदेश में औद्योगिक शिक्षा को बल मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 7 वर्षों में कौशल विकास मिशन के माध्यम से लाखों युवाओं को प्रशिक्षित कर सेवायोजित किया गया है।


## अमृतकाल के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है बजट : नरेंद्र कश्यप

**लखनऊ ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने आम बजट 2024-25 की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। उन्होंने इसे श्विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज बताया। बजट में अंत्योदय की पावन भावना, विकास की असीम संभावना और नवोन्मेष की नव-दृष्टि शामिल है। बजट में गांव, गरीब, किसान, महिला, नौजवान समेत समाज के सभी तबकों के समग्र विकास का संकल्प, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दृष्टि और वंचितों को वंचना से मुक्त कराने का रोडमैप प्रस्तुत किया गया है।

**अभियान** | **चालान व बंद की कार्रवाई में 60.84 लाख रूपया वसूला गया प्रशमन शुल्क : टीसी**

# विशेष चेकिंग अभियान में अनफिट मिले 5913 स्कूली वाहन

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री के निर्देश पर परिवहन विभाग ने स्कूल वाहनों के विरूद्ध 08 से 22 जुलाई तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान में स्कूली वाहनों के फिटनेस संबंधी जांच प्रवर्तन दल द्वारा किया गया। जांच के दौरान पूरे प्रदेश में रजिस्टर्ड 61921 स्कूली वाहनों में 47624 वाहनों के फिटनेस संबंधी जांच किये गये, जिसमें से 41675 स्कूली वाहन फिट पाये गये एवं 5913 स्कूली वाहन अनफिट पाये गये।

परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह ने बताया कि स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान में अनफिट पाये गये 2076 वाहनों का चालान किया गया, जबकि 456 स्कूली वाहनों को बंद किया गया। कार्यवाही से 60.84 लाख रूपये प्रशमन शुल्क वसूला गया और 552 स्कूली वाहनों को नोटिस भेजी गयी।

लखनऊ संभाग में 6775 स्कूली वाहन चेक किये गये, जिसमें से 5763 स्कूली वाहन फिट पाये गये एवं 1012 अनफिट पाये गये। इसी प्रकार अयोध्या संभाग में 3050 वाहन चेक किये गये, जिसमें से 151 वाहन अनफिट पाये गये, गोण्डा संभाग में 1744 वाहन चेक किये गये जिसमें से 600 वाहन अनफिट पाये गये, बस्ती संभाग में 2052 वाहन चेक किये गये, जिसमें से 400 वाहन अनफिट पाये गये। कानपुर संभाग में 2294 वाहन चेक किये गये, जिसमें से 211 वाहन अनफिट पाये गये, प्रयागराज संभाग में 2384 वाहन चेक किये गये, 280 वाहन अनफिट वाहन पाये गये, बांदा संभाग में 663 वाहनों की चेकिंग की गयी, जिसमें 39 वाहन अनफिट पाये गये, बरेली संभाग में 1987 वाहनों की चेकिंग की गयी, जिसमें 184 वाहन अनफिट पाये गये, मुरादाबाद संभाग में 2702 वाहनों की चेकिंग की गयी, जिसमें 327 वाहन अनफिट पाये गये, वाराणसी संभाग में 5159 वाहनों की चेकिंग की गयी, जिसमें 297 वाहन अनफिट पाये गये, गोरखपुर संभाग में 4384 वाहनों की चेकिंग की गयी, जिसमें 985 वाहन अनफिट पाये गये, आजमगढ़ संभाग में 1840 वाहनों की चेकिंग की गयी, जिसमें 236 वाहन अनफिट पाये गये, मिर्जापुर संभाग में 1202 वाहनों की चेकिंग की गयी, जिसमें 10 वाहन अनफिट पाये गये, मेरठ संभाग में 1554 वाहनों की चेकिंग की गयी, जिसमें 281 वाहन अनफिट पाये गये, गाजियाबाद संभाग में 2013 वाहनों की चेकिंग की गयी, जिसमें 119 वाहन अनफिट पाये गये, सहारनपुर संभाग में 1736 वाहनों की चेकिंग की गयी, जिसमें 468 वाहन अनफिट पाये गये, आगरा संभाग में 3810 वाहनों की चेकिंग की गयी, जिसमें 1208 वाहन अनफिट पाये गये, अलीगढ़ संभाग में 1258 वाहनों की चेकिंग की गयी, जिसमें 86 वाहन अनफिट पाये गये एवं झांसी संभाग में 1017 वाहनों की चेकिंग की गयी, जिसमें 139 वाहन अनफिट पाये गये।परिवहन आयुक्त ने प्रवर्तन टीम को निर्देश दिये हैं कि समय-समय पर अभियान चलाकर अनफिट वाहनों की जांच की जाए। कोई अनफिट वाहन सड़क पर चलता न पाया जाए। मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री के विशेष निर्देश है कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न किया जाए, उनको सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो।

# जान जोखिम में डालकर लगा रहीं जिंदगी का टीका

▶ उफनाते नदी-नालों, जंगल-झाड़ियों से होकर गांवों तक पहुंच रहे स्वास्थ्य कर्मी





**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जानलेवा बीमारियों से बचाव में टीका बेहद अहम माना जाता है। जनपद के बाढ़ग्रस्त इलाकों के दूरस्थ गांवों में टीकाकरण करना आसान नहीं है। भानमती यादव और पुष्पा देवी जैसी स्वास्थ्यकर्मी जान जोखिम में डालकर लोगों को टीका लगा रही हैं। कहीं विषैले जानवरों का डर है तो कहीं गहरे पानी में फंसने का, लेकिन इनके उत्साह में कोई कमी नहीं है।

**सैलाब से ढके कच्चे और फिसलन भरे रास्ते:** नेपाल सीमा से सटे बहराइच जिले के 232 गांव ऐसे हैं जहां पहुंचने के लिए नदी-नालों को पार करना पड़ता है। स्वास्थ्य कर्मी उफनाते नदी-नालों, जंगल-झाड़ियों और विकट पगडंडियों से होकर गांवों तक पहुंच रहे हैं। जिला मुख्यालय बहराइच से 55 किमी दूर चौकसाहार और बेला मकन गांव जाने के लिए सीएचसी शिवपुर से 7 से 8 किमी का रास्ता नदी पार कर तय करना पड़ता है। बाढ़ग्रस्त इन इलाकों में एएनएम भानमती यादव और पुष्पा देवी टीकाकरण के लिए कई बार जा चुकी हैं। पुष्पा देवी बीती 14 जुलाई को सुबह आठ बजे रवाना हुईं। चौकसाहार से एक किमी पहले नदी पार करने के बाद कच्चे रास्ते पर सैलाब का पानी फैला होने से सड़क बंद थी। ऐसे में जैसे-तैसे रास्ता पार किया। चौकसाहार के पैदल मार्ग पर दो गांवों में 18 बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया। पुष्पा बताती हैं कि हर साल बाढ़ के कारण गांव के कई परिवार दूर-दूर छोटी-छोटी बस्तियों में बस गए हैं। ऐसे में बरसात के मौसम में कच्चे और कीचड़ वाले रास्तों से उन तक पहुंचना और भी कठिन हो जाता है। घर और खेत सैलाब में कट जाने की वजह से ग्रामीणों को वैक्सीनेशन के लिए राजी करना थोड़ा मुश्किल होता है।

### 10 साल की बेटी से दूर हैं पुष्पा

चौकसाहार गांव में टीकाकरण करने वाली एएनएम पुष्पा देवी कहती हैं कि अप्रैल 2022 से वह अपनी दो बेटियों से दूर हैं। छोटी बेटी अभी 10 साल की है और नाना-नानी के साथ मऊ जिले के मधुबन गांव में रहती हैं। जनपद में सात ब्लाकों के 232 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं , इन इलाकों में अभी तक 1132 गर्भवती महिलाओं और 2300 बच्चों का टीकाकरण कर 90 फीसदी से अधिक लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। साथ ही इन इलाकों की सभी गर्भवती महिलाओं की संभावित प्रसव तिथि भी अंकित कर ली गई है ताकि सही समय से सुविधाएँ मुहैया कराकर अस्पताल में प्रसव कराया जा सके।

**डॉ संजय कुमार शर्मा मुख्य चिकित्साधिकारी**

### टीकाकरण के लिए बाढ़ ग्रस्त स्थानों पर जाना पड़ रहा

टीमों को टीकाकरण के लिए बाढ़ ग्रस्त स्थानों पर भी जाना पड़ रहा है, जहां पहुंचने के लिए सुरक्षित रास्ते तक नहीं हैं। उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि हम अपने लक्ष्यों को पूरा कर रहे हैं।

**मोनिका रानी जिलाधिकारी**

# सोनबरसा स्कूल में बीडीओ ने किए पौधरोपण

**मनकापुर/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**



मंगलवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज़ाराम में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी समय प्रकाश पाठक द्वारा अशोक व नीम के पौधे को रोपित किया गया।

पेड़ रोपित करने से पहले रसोइया रवीन्द्र कुमार द्वारा गड्ढा तैयार करके उसमें देशी खाद डाला गया।इसके अतिरिक्त प्रभारी प्रधानाध्यापक आलोक भारती द्वारा पाकड़, बलजीत सिंह कनौजिया द्वारा अमरूद, शताब्दी वर्मा द्वारा नीम, अरूण कुमार सिंह द्वारा अमरूद व अमर ज्योति शर्मा द्वारा जामुन का पौधा रोपित किया गया। इसके अतिरिक्त शिक्षक सुरेश कुमार, पूनम वर्मा,पूनम यादव, अनुराधा मिश्रा,चित्रावती मौर्य व अभिभावक संवारी,सरोज, मनीषा व सावित्री द्वारा भी औषधीय , छाया दार व फलदार पौधे रोपित किये गए। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी समय प्रकाश पाठक द्वारा बच्चों व अभिभावकों को वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया गया पौधा है तो हमारा जीवन है।पौधे के बिना किसी जीव की कल्पना नहीं की जा सकती।

इस अवसर पर छात्र अमन, सूरज, मनीष,रूमा, अर्चना, रुबी, पूनम, लक्ष्मी,साकिरा, अंशिका, कुसुम, संगीता, माधुरी आदि का महत्वपूर्ण रोल रहा।

# संगीत प्रेमियों ने मनाई मुकेश साहब की जयंती

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय फिल्म फेयर से अलंकृत महान पार्श्व गायक मुकेश साहब की 101 वीं जयंती जनपद के संगीत प्रेमियों द्वारा एम वी म्यूजिकल आर्केस्ट्रा ग्रुप के तत्वावधान में संगीत एवं सम्मान समारोह के साथ मनायी गयी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के प्रसिद्ध गायक एवं टी वी स्टार बृजमोहन उर्फ बब्लू ने उनकी याद में गीत प्रस्तुत करते हुए गाया कि, सब कुछ सीखा हमने न सीखी होशियारी। सिविल न्यायालय के डिप्टी नाजिर तिलकराम उर्फ टी आर ने हम उस देश के वासी हैं,जिस देश में गंगा बहती है। गीत गाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

जनपद के प्रसिद्ध संगीतकार मयंक मिश्र ने चंदन सा बदन,चंचल चितवन जैसे बेहतरीन गीत गाकर महफिल में समां बांध दिया। समाज सेवी और संगीत प्रेमी पंकज सिन्हा ने मुकेश साहब की जीवनी में कहा कि उनका पूरा नाम मुकेश चंद्र माथुर था। वह गजल,गीत के अलावा भजनों में भी प्रसिद्ध गायक थे अभिनेता राजकपूर के अभिनय में अधिकांश गीत गाये हैं। उनके गाये भजन मंदिरों में काफी लोकप्रिय है। शिक्षक अश्वनी श्रीवास्तव गुरु जी ने जाने कहां गये वो दिन÷गीत सुनाकर जयंती पर मुकेश साहब को याद किया। उक्त अवसर पर एम वी म्यूजिकल आर्केस्ट्रा ग्रुप और जयंती के संयोजक प्रमोद नंदन श्रीवास्तव एडवोकेट ने मुख्य अतिथि ब्रजमोहन उर्फ बब्लू की गरिमामयी उपस्थिति में संगीत प्रेमी शंकर चौधरी को अपने साथियों के साथ पुष्प गुच्छ प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए माल्यार्पण कर सम्मानित किया। श्रोताओं में वरिष्ठ ढोलक वादक शफीक अहमद,फहीम खान, हारमोनियम वादक मयूर,राम फेर प्रजापति एडवोकेट,मुरली मनोहर, डॉ. दिनेश,मोनू सिंह,शिक्षक सत्येन्द्र कश्यप,मधुर गायक देवेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन प्रमोद नंदन एडवोकेट ने किया।

## क्षेत्र में चल रही है डग्गामार बसे जिम्मेदार जानकर भी बन रहे है अनजान

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विशेश्वरगंज से इकौना लिंक मार्ग पर आजकल तेज रफ़्तार से लांग रुट की डबल डेकर बसें ओवर लोड होकर दौड़ रही है। इन बसों की हाई स्पीड के सामने दो पहिया वाहन का चलना नामुनकिन हो गया है,जरा सी चूक होने पर जान माल दोनों का नुकसान कभी भी हो सकता है।।ज्ञातव्य हो कि पूर्व में इसी ओवर लोडिंग तथा तेज रफ़्तार की वजह से जबरदस्त दुर्घटना हो चुकी है जिसकी खबर प्रकाशित हुई थी,लेकिन परिवहन विभाग के अधिकारी नहीं जगे।

पुरैना बाजार के नहर पटरी से भी डबल डेकर बस का संचालन किया जाता है।लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा कार्यवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति ही की जा रही है।

## डीएम ने ब्लॉक कटरा बाजार में चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# जनता की समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**




गोंडा के दूर दराज गांवों में रहने वाली जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिये गोण्डा की डीएम नेहा शर्मा द्वारा निरन्तर चलाए जा रहे जन चौपाल कार्यक्रम के तहत मंगलवार को उन्होंने कटरा बाजार ब्लाक की पांच ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर गांव में हो रहे विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को जाना। डीएम ने गांव में विकास कार्यों का सत्यापन भी कराया तथा जहां खामियां मिली, उन्हें तुरंत दुरूस्त कराए जाने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने डीएम के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं रखी जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया तथा समस्या का निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। डीएम की अध्यक्षता में ग्राम रामापुर, सेहरिया कला, देवापसिया, चौदहा मटेकुहा तथा भदैंया में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इन सभी चौपालों में ग्राम वासियों द्वारा राशन वितरण, आवास, किसान सम्मान निधि, राजस्व, पेंशन आदि से संबंधित समस्या को रखा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस दौरान ग्राम पंचायत रामापुर में जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल ट्रांसफार्मर सही कराने के निर्देश विद्युत विभाग को दिये हैं।

ग्राम चौपाल के दौरान ग्राम पंचायत देवा पसिया में ग्रामीणों के द्वारा अवगत कराया गया कि गांव में आंगनवाड़ी के द्वारा राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने सीडीपीओ को जांच करने के निर्देश दिये हैं।

## खबरें एक नजर में

### श्रावण मास के पहले सोमवार को हुआ बाबा का श्रृंगार



**गोन्डा,समृद्धि न्यूज़।** शहर के स्टेशन रोड पर स्थित सिद्ध पीठ श्री दुखहरण नाथ मंदिर पर श्रावण मास के पहले सोमवार को सायंकाल मन्दिर में बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया गया। श्रृंगार का आयोजन में मुख्य यजमान ऋचा श्रीवास्तव एवं लवलेश श्रीवास्तव रहे। दुखहरण नाथ मंदिर के महंत द्वारा यजमान जोड़ी ने विधि विधान से पूजन पाठ किया।और बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के बाद सभी भक्तों ने बाबा की आरती किया। उसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। बाबा के श्रृंगार के दौरान देव अक्षत मोहन, आशुतोष मोहन ,सर्वेश ,अखिलेश,अभिषेक, संदीप मेहरोत्रा,वरदान मेहरोत्रा सहित मंदिर प्रांगण में भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### प्रार्थना सभा में सेल्फी का भी शिक्षकों ने किया विरोध




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** दो सप्ताह बीतने के बाद भी ऑनलाइन अटेंडेंस पर शिक्षकों का बहिष्कार जारी है। महानिदेशक बेसिक शिक्षा के आदेश का 8 जुलाई से ही शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक अनुचर सभी विरोध कर रहे हैं। अब उनके दिए गए आदेश प्रार्थना सभा की सेल्फी का भी विरोध किया जा रहा है। किसी भी शिक्षक ने ऑनलाइन कोई कार्य नहीं किया ना ही प्रार्थना सभा की सेल्फी भेजी।जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक विद्या विलास पाठक ने कहा कि मोर्चे के नेताओं की महानिदेशक बेसिक शिक्षा से वार्ता हुई है। उसके क्रम में जब तक बैठक की कार्रवाई जारी नहीं की जाती, तब तक महानिदेशक कार्यालय पर 29 जुलाई को होने वाला अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन स्थगित नहीं किया गया है। जब जो वार्ता हुई है, उसके क्रम में कार्यवृत जारी करते हुए कार्य किया जाएगा, तभी हम 29 तारीख का धरना स्थगित करेंगे। 8 तारीख से चल रहा विरोध बहिष्कार आज भी जारी रहा। शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया और परिषद के अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे आदेश जारी किए जा रहे हैं जो पूर्ण रूप से व्यावहारिक नहीं है। भौगोलिक स्थितियां, मौसम व क्षेत्र की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर ही आदेश जारी किए जाने चाहिए। शिक्षकों का मन बन चुका है आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। बेसिक शिक्षा में काम करने वाले सभी चाहे वह शिक्षामित्र हो, चाहे शिक्षक हो, चाहे अनुदेशक हो, सभी एक साथ हैं हमारा संघर्ष न्यायोचित है और संघर्ष करने पर हमें मजबूर किया जा रहा है।

### बुजुर्ग और महिला पर भेड़िए ने किया हमला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले की महसी तहसील में स्थित हरदी इलाके में बीती रात घर में सो रहे एक बुजुर्ग व महिला पर आदमखोर जानवर ने हमला कर दिया। चीख सुनकर जागे परिजनों व ग्रामीणों के शोर मचाने पर जानवर भाग गया। हमले में घायल बुजुर्ग व महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिले के महसी तहसील के हरदी इलाके में स्थित नथवापुर ग्राम के रहने वाले फकीरे अपने घर में लेटे हुए थे।वही कुछ दूरी पर उनकी बहू भी सो रही थी। देर रात 3 बजे के करीब भेड़िए ने बुजुर्ग के चेहरे पर हमला कर दिया शोर सुनकर जागी बहू पर भी जानवर ने हमला कर दिया। दोनों की चीज पुकार सुनकर जागे ग्रामीणों ने लाठी डंडों के साथ मौके पर पहुंच शोर मचाया जिसके बाद भेड़िया मौके से भाग निकला। हमले में घायल दोनों लोगों को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहले भी कई लोगों की जा चुकी है जान महसी तहसील के घाघरा के कछार में स्थित ग्रामों में भेड़िए के हमले में तीन मासूमों की जान जा चुकी है। बीते दिनों हरदी इलाके में ही स्थित सिकंदरपुर ग्राम में भेड़िए के हमले में एक साल के मासूम की मौत हो गई थी। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच लोगों से सतर्कता का बरतने की बात कही है।

# बाग में बकरी जाने पर दो समुदाय में मारपीट, 13 घायल, 30 पर केस दर्ज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

कैसरगंज थाना अंतर्गत हंसना जलालपुर में समुदाय विशेष के व्यक्ति की बकरी पुत्ती तिवारी के बाग में जाने को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में जमकर लड़ाई-झगड़ा होने लगा।

बात बढ़ी तो दोनों समुदायों के लोग मारपीट पर उतारू हो गए। इसमें दोनों की पक्षों की ओर से लगभग 13 लोग घायल हुए हैं।कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हंसना जलालपुर गांव निवासी समुदाय विशेष के व्यक्ति की बकरी बहुसंख्यक समाज के ग्रामीण के बाग में सोमवार शाम को चली गई। इसको लेकर कहासुनी शुरू हो गई। कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट होने लगी। मारपीट में एक पक्ष से खुशबू तिवारी, राहुल अवस्थी, बबलू ,विमल कुमार तिवारी, शिवम तिवारी, किरण कुमार प्रशांत तिवारी, राजकुमार, मनोज कुमार, ओम प्रकाश और दूसरे पक्ष से असद खान, शमशाद, शाहजहां, मेहर बानो, हनीफ, जाकिर सहित कई लोगों को चोटें आयी हैं। सभी आसपास के लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज मे भेजा गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी अपने घर चले गये हैं। इस मारपीट में 13 लोगों को गंभीर रूप से घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है। मारपीट की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष के लोगों को थाने बुलाया। दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने दोनो तरफ से मिली तहरीर के आधार पर विशेष समुदाय के बीस व हिन्दू समुदाय के दस लोगों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि सोमवार की देर शाम ननकू की बकरी पुत्ती तिवारी के बाग में चली गई थी इसी को लेकर विवाद हुआ जिसमें दोनों पक्षों के लोग एकत्रित हो गए तथा मारपीट होने लगी। सभी का मेडिकल कराया गया, दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है, जिसमे विशेष समुदाय के 20 लोगों व हिन्दू समुदाय के दस लोगों व दस अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। नामजद की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## एकता तथा समरसता की प्रतीक बनी गुरू पूर्णिमा

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** श्री टीका गिरि आश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में जिन्दा समाधि लेने वाले जैसे धार्मिक व्यक्तित्व की गुरु पूर्णिमा रविवार को बड़े ही धूम-धाम से एकता तथा समरसता की प्रतीक बनी। उक्त कार्यक्रम में श्री टीका गिरि न्यास के संयोजक तथा सर्वराकार महंथ उमेश प्रताप जी रहे तथा अन्य कार्यक्रम का कार्यभार देखने के लिए न्यास के वरिष्ठ सदस्य कांउसिल आदित्य प्रताप सिंह एडवोकेट हाईकोर्ट, निरंकार सिंह भदौरिया (बिहार), पूर्व ग्राम सभा बीडीसी विवेक सिंह , डाक्टर आईपी सिंह, वशिष्ठ मिश्र एडवोकेट तहसील कर्नलगंज, राजीव कुमार मिश्र एडवोकेट हाईकोर्ट तथा याकूब अज्म गोण्डवी ने अपनी कविता से गुरु की महिमा तथा जीवन में गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला।



## गणेश प्रताप सिंह बने वजीरगंज के सहायक विकास अधिकारी, हुआ स्वागत

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।** गणेश प्रताप सिंह को वजीर गंज के सहायक विकास अधिकारी पंचायत बनाया गया। यहाँ पर तैनात रहे सहायक विकास अधिकारी पंचायत रवि प्रकाश मिश्रा का स्थानन्तरण मुजेहना ब्लाक हो गया। नवागत सहायक विकास अधिकारी गणेश प्रताप सिंह का कर्मचारियों ने भव्य स्वागत किया। उन्हों चार्ज लेने के बाद कहा कि शासन की योजनाओं को प्रथमिकता से लागू किया जायेगा। ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्य मे तेजी लाई जाएगी। इस मे किसी भी प्रकार की लापरवाही करने वालो को बख्शा नही जाएगा। सफाई कर्मचारी के ब्लाक अध्यक्ष शनीराम मोहम्मद रिजवान अतुल दूबे विजय मौर्या राम अनुज यादव सुनील कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद अफाक मोहम्मद शमीम , राम अनुज यादव राम देव भास्कर सुनील सोनकर नरेन्द्र बहादुर सिंह आदि कर्मचारी ने माला पहनाकर कर भव्य स्वागत किया।

# प्राथमिक विद्यालय का हुआ उद्घाटन पहले दिन 22 छात्रों ने कराया पंजीकरण

▶ बीईओ ने किया बच्चों का मुंह मीठा कराकर वितरित की पाठ्य पुस्तकें

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



मंगलवार को जनपद के विकास खण्ड जरवल अंतर्गत ग्राम पंचायत बिराहिमपुर के बेल्हौरा में नये सत्र के साथ नवस्थापित प्राथमिक विद्यालय के शैक्षिक भवन में दाखिला व पठन पाठन की शुरुआत हुई। सादे समारोह में ग्रामीणों की मौजूदगी में खण्ड शिक्षा अधिकारी जरवल अरविंद सिंह ने फीता काटकर नये भवन का उद्घाटन किया तथा मौजूद ग्रामीणों से कहा कि बेल्हौरा में नए स्कूल की स्थापना हो जाने से अब आपके छोटे छोटे बच्चों को पढ़ाई के लिये गांव से दूर नही जाना पड़ेगा। उन्होंने लोगो से कहाकि 6 वर्ष की आयु पूरी करने वाले प्रत्येक बच्चे का दाखिला विद्यालय में अवश्य कराए। इस मौके पर मौजूद नोडल संकुल प्रभारी अब्दुल सलाम ने परिषदीय विद्यालयों में सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओ के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों को नियमित स्कूल पढ़ने भेजने की अपील की। विद्यालय के प्रभारी शिक्षक एख़लाक़ अहमद ने बताया कि पहले दिन 22 छात्रों का पंजीकरण हुआ है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान फखरुद्दीन खां, अराफात खां, सियामुद्दीन खां, मुश्ताक़ खान, समेत ग्रामवासी लोग उपस्थित रहे।

## उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र पहुंचे डीएम कार्यालय

# बोले, विद्यालय नहीं दे रहा टीसी, मिल रही फेल करने की धमकी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के जिया गांव में स्थित जेपीवीएल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के दर्जनों छात्र जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे। सभी ने विद्यालय के प्रधानाचार्य पर गंभीर आरोप लगाते हुए डीएम को शिकायती पत्र दिया।

जिलाधिकारी मोनिका रानी को दिए गए पत्र में छात्र आदेश कुमार, नूरुद्दीन, रियाज आदि का कहना है कि वह सभी जिया गांव में कक्षा नौ में पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन सरकार की ओर से बनवाए गए विद्यालय का संचालन शुरू हो गया है। ऐसे में सभी राजकीय विद्यालय कलिंगा गांव में नामांकन और पढ़ाई के लिए टीसी की मांग कर रहे हैं। लेकिन विद्यालय टीम द्वारा टीसी नहीं दी जा रही है। इतना ही नहीं सभी को फेल करने की धमकी दी जा रही है।

छात्रों ने डीएम से टीम बनाकर जांच कराए जाने की मांग की। सीआरओ देवेंद्र पाल सिंह ने जांच के बाद कार्यवाई का आश्वासन छात्रों को दिया है। इस दौरान निर्देश कुमार, रंजीत साहनी, करिश्मा साहनी, अयूब अहमद, गोविंद यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

# अपने ज्ञान से संवार रहे छात्रों की तकदीर, स्मार्ट क्लास के स्मार्ट गुरुजी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

एक तरफ जहां निजी स्कूलों में भारी भरकम फीस देकर अभिभावक अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा दे रहे हैं।

वहीं, जिले के ऐसे परिषदीय विद्यालय भी हैं जहां शिक्षक अपनी मेहनत, पढ़ाने के दिलचस्प तरीकों से गांवों के नौनिहालों को निजी स्कूलों सरीखा उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। परिषदीय विद्यालयों के ये शिक्षक सीमित संसाधनों में बच्चों का भविष्य संवारने में जुटे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सरकारी स्कूलों में बदलाव के वाहक बने ये शिक्षक अपनी मेहनत व जुनून से छात्रों का भविष्य गढ़ रहे हैं।

### नीदरलैंड दौर में जाने वाले शिक्षाविदों के दल में रही शामिल



गत सत्र में छात्र नामांकन- 272 (तीन कक्षाएं 6,7,8 संचालित)इस स्कूल से राष्ट्रीय आय व योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में 3 छात्र चयनित हुए। इसके अलावा सांस्कृतिक प्रतियोगिता में मंडल स्तर पर पुरस्कार विजेता रहे हैं। दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष पाठ्यक्रम निर्माण प्रयासों के लिये श्रीमती श्रीवास्तव को वर्ष 2021 का राज्य शिक्षक पुरस्कार मिला है तथा वह बेसिक शिक्षा मंत्री उप्र के साथ शैक्षिक भ्रमण हेतु नीदरलैंड दौर में जाने वाले शिक्षाविदों के दल में शामिल रही है।

**आंचल श्रीवास्तव, स.अ. उ.प्रा.वि. कमोलिया खास, विकासखंड, चितौरा**

### गणित और विज्ञान आधारित शैक्षिक वीडियो का किया निर्माण



गत सत्र में छात्र नामांकन- 190 (तीन कक्षाएं कक्षा 6 7 8 संचालित अनिल कुमार के द्वारा 200 से अधिक गणित और विज्ञान आधारित शैक्षिक वीडियो का निर्माण किया गया है। इनके विद्यालय में आधा सैकड़ा गणित के स्वनिर्मित टीएलएम है जिनसे ये छात्रों को पढ़ाते हैं। अनिल को डायट पर उपनिदेशक द्वारा शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया गया है।

**अनिल कुमार, स.अ. उ.प्रा. वि मोहम्मदपुर कोड़वा, विकास खण्ड हुजूरपुर**

▶ शिक्षक अपनी मेहनत, पढ़ाने के दिलचस्प तरीकों से गांवों के नौनिहालों को निजी स्कूलों सरीखा उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर रहे हैं

### विद्यालय का है अपना फेसबुक और यूट्यूब चैनल



गत सत्र में छात्र नामांकन- 352 विद्यालय में छात्रों के लिए स्मार्ट क्लास संचालित है। गत वर्ष आयोजित राष्ट्रीय आय व योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में 3 छात्र चयनित हुए, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता में जनपद स्तर में विद्यालय के छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा है। श्रीमती पांडेय ने कोरोना काल मे छात्रों के लिये शैक्षिक वीडियो का निर्माण किया, जिसे विभाग के दीक्षा एप्प पर अपलोड किया गया है। महिलाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा के लिये मिशन शक्ति सम्मान समेत विभाग द्वारा कई सम्मान मिले हैं।

**अर्चना पांडेय, स.अ. पीएमश्री विद्यालय भौली, विकास खण्ड- जरवल**

### बच्चों के लिए बेहतर शैक्षिक माहौल में होती है पढ़ाई



पयागपुर के पीएमश्री विद्यालय बेलवापदुम में प्रीति मिश्रा इंचार्ज शिक्षिका के रूप में कार्यरत है उनके विद्यालय में गत वर्ष छात्र नामांकन 405 था। विद्यालय सभी तरह की भौतिक सुविधाओ से संतृप्त है। जिसमें मुख्यत: स्मार्ट क्लास, आधुनिक लाइब्रेरी सहित बच्चों के लिए बेहतर शैक्षिक माहौल में पढ़ाई होती है। विद्यालय में एक महिला शिक्षक तथा दो पुरुष शिक्षकों को मिलाकर तीन शिक्षकों की तैनाती है इसके बावजूद नौनिहालों को उत्कृष्ट शिक्षा मिल रही है। इस स्कूल में संचालित स्मार्ट क्लास व आधुनिक लाइब्रेरी निजी स्कूल को भी टक्कर देती है। श्रीमती मिश्रा को राज्य स्तरीय कहानी सुनाओ प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा निदेशक के हाथों सम्मानित भी किया गया है।

**प्रीती मिश्रा, इंचार्ज शिक्षिका, पीएमश्री विद्यालय बेलवापदुम विकास खण्ड- पयागपुर**

## प्रतिबंध मुक्त संघ

केंद्र की राजग सरकार ने एक आदेश के जरिये सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक को हटा लिया है। जिसको लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। वहीं संघ ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि तत्कालीन सरकार ने निराधार ही शासकीय कर्मियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर रोक लगायी थी। यह भी कि वर्तमान सरकार का निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला है। वहीं राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव परिणाम सामने आने के बाद संघ व सरकार के बीच मनमुटाव की जो खबरें आ रही थीं, हालिया फैसले को सरकार की संघ से उसी तल्खी को दूर करने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। जिससे जनमानस में यह संदेश दिया जा सके कि भाजपा व संघ में किसी प्रकार का मनभेद व मतभेद नहीं है। वहीं संघ दावा करता है कि इस कदम से देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी। दरअसल, हाल के दिनों में संघ की तरफसे जो बयान सामने आ रहे थे, उससे लग रहा था कि भाजपा व संघ के रिश्ते खराब दौर से गुजर रहे हैं। संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने तो कहा था कि भगवान राम ने एक अहंकारी पार्टी को रोका है, जो रामभक्त होने का दावा करती है। यहां तक कि संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखा गया था कि भाजपा कार्यकर्ताओं के अति उत्साह के चलते पार्टी के जनाधार में गिरावट आई है। साथ ही संघ प्रमुख ने बिना नाम लिये पार्टी नेतृत्व के सुपरमैन व भगवान समझने की महत्वाकांक्षा का जिक्र किया था। इन बयानों को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि संघ का भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मोहभंग हो गया है। ऐसे में जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अगले साल शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है, भाजपा का यह कदम दोनों के बीच रिश्ते सामान्य करने की दिशा में उठाया गया कदम कहा जा रहा है। बहरहाल, केंद्र के इस फैसले के बाद कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल सरकार को निशाने पर ले रहे हैं। कांग्रेस ने सरकार पर हमले तेज कर दिए हैं। पार्टी ने 58 साल पहले वर्ष 1966 में आरएसएस पर लगाये गए प्रतिबंध को हटाने के औचित्य पर सवाल उठाए हैं। कहा जा रहा है कि जनसंघ, वाजपेयी सरकार और मोदी सरकार की पिछली एक दशक की सरकार के दौरान भी यह प्रतिबंध नहीं हटाया गया था। दरअसल, 7 नवंबर 1966 को संसद के सामने गोहत्या के खिलाफएक बड़ा प्रदर्शन हुआ था। आरएसएस व जनसंघ के प्रयासों से लाखों लोग जुटे थे और पुलिस के साथ टकराव में कई लोगों की जान गई थी। जिसके बाद इंदिरा गांधी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के संघ में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख का कहना है कि संघ पिछले 99 साल से राष्ट्र के सतत निर्माण व समाज सेवा में संलग्न रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते तत्कालीन सरकार ने शासकीय कर्मचारियों को संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में भाग लेने हेतु निराधार प्रतिबंधित किया था। हालांकि, इस बीच मध्यप्रदेश समेत कई राज्य सरकारों ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था लेकिन केंद्र सरकार के स्तर पर यह प्रतिबंध वैध बना हुआ था। इसी मामले को लेकर इंदौर की एक अदालत में वाद चल रहा था, जिसमें अदालत ने इस बाबत केंद्र सरकार से जवाब मांगा था।

# क्यों सरदार पटेल की सीख से पूजा खेडकर दूर रही

आर.के. सिन्हा

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 21 अप्रैल, 1947 को राजधानी के मेटकॉफ हाउस में आजाद होने जा रहे भारत के पहले बैच के आईसीएस जो 1948 से आईपीएस कहलाये ऐसे सभी अफसरों को संबोधित करते हुए कहा था कि उन्हें स्वतंत्र भारत में जनता के सवालों को लेकर गंभीरता और सहानुभूति का भाव रखना होगा। उन्हें अपने दायित्वों का निर्वाह ईमानदारी से करना होगा। सरदार पटेल ने उन्हें स्वराज और सुराज का अंतर भी समझाया था। जाहिर है, उनका ईमानदारी से आशय यही रहा होगा कि वे अपने जीवन के हर क्षेत्र में शुचिता और तटस्थता का पालन करेंगे। पर हाल में आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर मामले को गहराई से देखने से समझ आ रहा है कि कुछ शातिर तत्व आईएएस या अन्य सरकारी नौकरियों को पाने के लिए फर्जी प्रमाणपत्र भी सौंपते हैं। उनके लिए ईमानदारी का कोई मतलब नहीं है। उनका सरदार पटेल की सीख से भी कोई लेना-देना नहीं।

पूजा खेडकर मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण ले रही थीं। उन्हें महाराष्ट्र, शायद उनके अपने राज्य कैडर, में जिला प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। उन्हें एहसास नहीं था कि आईएएस अफसर बनने का मतलब जनसेवा होता है। इसके बजाय, उसने इस पद को हासिल करने के बाद अपनी झूठी शान दिखानी शुरू कर दी। उसने कार, सुसज्जित कार्यालय और कर्मचारियों जैसी कई सुविधाओं की मांग की। चूंकि प्रोबेशनर्स इन लाभों के हकदार नहीं होते हैं, इसलिए उन्हें कोई भी लाभ नहीं दिया गया। इसलिए, उसने अपनी दैनिक जरूरतों के लिए एक लग्जरी कार %किराए पर% ली। इससे भी बुरा यह है कि उन्होंने कार की छत पर नीली बीकन लाइट भी लगाई। बीकन लाइट के इस्तेमाल को लेकर नियम हैं कि हर कोई ऐसी लाइट नहीं लगा सकता, जिसके कार्यात्मक उद्देश्य आवश्यक नहीं हैं। एम्बुलेंस वाहन पर ऐसी लाइट वाहन की तेज गति को सुविधाजनक बनाने के लिए होती है। पूजा का चयन दो विशेष श्रेणियों के तहत किया गया था। एक, वह ओबीसी के गैर-क्रीमी वर्ग से संबंधित हैं। यह स्वयं ही संदिग्ध है, यह देखते हुए कि उनके पिता एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी थे। फिर वह गैर-क्रीमी लेयर में कैसे चुनी गई। वह निश्चित रूप से गरीब व्यक्ति नहीं थी। उनके परिवार के पास पर्याप्त जमीन है जो निश्चित रूप से उन्हें एक अलग आर्थिक श्रेणी में रखेगी। पूजा ने यह भी दावा किया था कि उसकी एक अलग तरह की शारीरिक स्थिति है, जो उसे विकलांग कोटे के तहत आरक्षित सीट के लिए हकदार बनाती है। यूपीएससी और कार्मिक विभाग द्वारा विकलांगता के संबंध में कुछ तय दिशा-निर्देशों का पालन करते हैं। एक व्यक्ति जिसे एक आंख में दृष्टि नहीं होती है, उसे %विकलांग%% नहीं माना जाता है, यदि दूसरी आंख हर तरह से ठीक है। मैंने इसके बारे में तब जाना जब मेरे एक मित्र के पुत्र ने सिविल सेवा परीक्षा दी।। बचपन में, उसके एक भाई ने उसकी दाहिनी आंख में कंपास डाल दिया था, जिससे वह आंशिक रूप से दृष्टिबाधित हो गया था। वह विकलांग कोटे के तहत आरक्षण के लिए योग्य नहीं होता, अगर उसकी दूसरी आंख सही होती। उसकी %सामान्य% आंख में आंशिक अंधापन था। इस तरह वह रेलवे सेवा के लिए चुना गया, जहां वह अब एक जिम्मेदार पद पर है।



**पूजा खेडकर के मामले में, वह लोकोमोटर डिफिशिएंसी का दावा करती है, जो उसकी बाहों और पैरों के चलने में बाधा उत्पन्न करती है। डॉक्टर और तकनीशियन आसानी से कमी का आकलन कर सकते हैं। उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मेडिकल बोर्ड के सामने खुद को प्रस्तुत करना चाहिए था, जो यह प्रमाणित करता था कि वह विकलांग श्रेणी में शामिल करने के लिए योग्य है या नहीं। किसी न किसी बहाने से, वह बोर्ड के सामने पेश नहीं हुई, एक बार नहीं बल्कि पांच बार। वह उन अस्पतालों से विकलांगता का उचित प्रमाण पत्र भी प्राप्त नहीं कर सकी थी।**

पूजा खेडकर के मामले में, वह लोकोमोटर डिफिशिएंसी का दावा करती है, जो उसकी बाहों और पैरों के चलने में बाधा उत्पन्न करती है। डॉक्टर और तकनीशियन आसानी से कमी का आकलन कर सकते हैं। उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मेडिकल बोर्ड के सामने खुद को प्रस्तुत करना चाहिए था, जो यह प्रमाणित करता था कि वह विकलांग श्रेणी में शामिल करने के लिए योग्य है या नहीं। किसी न किसी बहाने से, वह बोर्ड के सामने पेश नहीं हुई, एक बार नहीं बल्कि पांच बार। वह उन अस्पतालों से विकलांगता का उचित प्रमाण पत्र भी प्राप्त नहीं कर सकी थी जिनसे उसने कथित तौर पर संपर्क किया था। यह भी रिकॉर्ड पर है कि उसने 2007 में एक मेडिकल कॉलेज में शामिल होने के दौरान पूर्ण फिटनेस प्रमाण पत्र जमा किया था। उल्लेखनीय बात यह है कि कार्मिक विभाग ने उसे मसूरी में आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करने और मेडिकल चेक-अप पास किए बिना आईएएस में शामिल होने की अनुमति दी।

यहां कोई गंभीर गलती हुई है, जो भ्रष्टाचार की श्रेणी में आएगा और सही और निष्पक्ष जांच के बाद इसके लिए दोषी अधिकारी या अधिकारियों को दंडित तो करना ही होगा। केंद्र सरकार ने एक मेडिकल परीक्षा का आदेश दिया है जिसके लिए उसने एक व्यक्तिगत समिति नियुक्त की है, जो यह साबित करेगी कि क्या वह किसी भी विकलांगता से पीड़ित है। अगर उसने नखरे नहीं दिखाए होते, तो वह सेवा में बनी रहती। इससे कांड के बाद यूपीएससी की कार्यप्रणाली भी अच्छी रोशनी में नहीं दिखता है। इससे भी गंभीर बात यह है कि पूजा अपने जिला मजिस्ट्रेट जिससे अधीन वह प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थी उनके आदेशों की अनदेखी करती थी।

यह सरकारी सेवा में एक गंभीर आरोप है। इस बीच, तेलंगाना में एक आईएएस अधिकारी के बारे में भी रिपोर्ट आई हैं, जो कुछ विकलांगताओं के आधार पर सेवा में शामिल हुए। उदाहरण के लिए, उन्हें कथित तौर पर पोलियो का हमला हुआ है। लेकिन घोड़े की सवारी और साइकिल चलाते हुए उनके वीडियो यह तो नहीं बताते कि वे कभी पोलियो के शिकार थे?।

इससे यह सवाल उठता है कि क्या सिविल सेवाओं में विकलांग श्रेणियों के तहत रिक्तियों को भरने में मानदंडों का सख्ती से पालन किया जाता है। लगता तो यही है कि इस मामले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है और पिछले दस-पंद्रह साल में विकलांगता के आधार पर चुने गए ऐसे सभी मामलों को जांच फ्रेम के दायरे में लाने की आवश्यकता है। आईएएस, जिसे अकसर भारत के इस्पात के रूप में जाना जाता है, यह उपाधि सरदार वल्लभभाई पटेल, भारत के लौह पुरुष से प्राप्त करता है। उन्होंने नव स्वतंत्र भारत की एकता और स्थिरता बनाए रखने में सिविल सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था। आईएएस राष्ट्र के प्रभावी शासन के लिए आवश्यक, सबसे प्रतिष्ठित सेवाओं में से एक है। इस सेवा में भर्ती में कोई भी समझौता देश के हितों को गंभीर रूप से कमजोर कर सकता है।

यदि देश की जनता के दिल में आईएएस पदाधिकारियों के प्रति स्वाभाविक रूप से सम्मान और आदर का भाव नहीं रह जाएगा, तो कोई भी आईएएस प्रशासन कर ही नहीं पाएगा। आईएएस अधिकारियों से अपनी भूमिकाओं में निष्पक्षता और अखंडता का प्रदर्शन करने की अपेक्षा की जाती है। उनके फैसले लाखों लोगों के जीवन और देश की समग्र स्थिरता को प्रभावित करते हैं। निष्पक्षता बनाए रखकर और कानून के शासन का पालन करके, आईएएस अधिकारी यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि सरकार की नीतियां और कार्यक्रम निष्पक्ष रूप से और प्रभावी ढंग से लागू किए जा रहे हैं।

## विचार

# कांवड़ यात्रा : नेमप्लेट पर अंतरिम रोक

कांवड़ यात्रा के मार्ग में आने वाली दुकानों, ठेलों आदि पर मालिक एवं कर्मचारियों के नाम लिखे जाने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। सोमवार को जहां एक ओर सावन मास के पहले सोमवार के साथ ही देश भर में कांवड़ यात्राएं प्रारम्भ हो गयी हैं, वहीं शीर्ष न्यायालय ने इस आदेश के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया है। इस आदेश से उप्र के साथ ही यात्रा मार्ग पर दुकानदारों की पहचान बताने सम्बन्धी कई राज्य सरकारों के आदेश पर भी रोक लग गयी है।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि होटल चलाने वाले यह बता सकते हैं कि वे किस तरह का खाना परोस रहे हैं लेकिन उन्हें अपना व कर्मचारियों के नाम लिखने के लिये मजबूर नहीं किया जा सकता। अदालत का यह भी मानना था कि ऐसा आदेश जारी कर उप्र पुलिस ने अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल किया है। उत्तर प्रदेश के अलावा मध्यप्रदेश एवं उत्तराखंड की सरकारों ने भी इसी आशय का आदेश जारी किया हुआ है जिन पर भी रोक लग गयी है। इस आदेश को लेकर देश



भर में रोष था और माना जा रहा था कि पहले मुजफ्फरपुर पुलिस तथा बाद में पूरे राज्य में दूकानदार का नाम लिखने का जो आदेश दिया गया है, उसका उद्देश्य सामाजिक ध्रुवीकरण है। हाल के हुए लोकसभा चुनाव में उप्र में भाजपा को बड़ी पराजय मिली थी। उसकी सदस्य संख्या वहां काफी घट गयी है। वैसे तो विधानसभा चुनाव अभी तकरीबन ढाई साल दूर हैं लेकिन यहां 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे। उसमें बढ़त लेने तथा हिन्दू वोटों को पाने के लिये मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने यह आदेश जारी कराया है।

इसके खिलाफ शनिवार को एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स नामक एक स्वयंसेवी संस्था ने याचिका दायर की थी। लेखक व बुद्धिजीवी अपूर्वानंद और आकार पटेल के साथ तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की अलग-अलग याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए तीनों राज्यों (उप्र, मप्र व उत्तराखंड) की सरकारों को शुक्रवार तक का समय अपने जवाब दाखिल करने के लिये दिया गया। जस्टिस एसवी भट्ट तथा ऋषिकेश राय ने कहा तब तक किसी को नेमप्लेट लगाने की जरूरत नहीं है और न ही ऐसा करने के लिये किसी को बाध्य किया जाये।

**उनका यह भी मानना है कि खाद्य विभाग यह तो सुनिश्चित कर सकता है कि कांवड़ियों को ताजा व शुद्ध खाना मिले लेकिन पुलिस को उसके काम में दखलंदाजी करने का अधिकार नहीं है। देखा जाये तो इससे भारतीय जनता पार्टी की उप्र, उत्तराखंड तथा मध्यप्रदेश की सरकारों के उन मंसूबों पर पानी फिर गया है जो हिंदुओं के बीच अपनी जगह बनाये रखने के लिये कांवड़ यात्रा का इस्तेमाल करना चाहती थीं। गौरतलब है कि भाजपा सरकार के आदेश के जारी होते ही अनेक राजनैतिक दलों ने इसका विरोध किया था।**

उनका यह भी मानना है कि खाद्य विभाग यह तो सुनिश्चित कर सकता है कि कांवड़ियों को ताजा व शुद्ध खाना मिले लेकिन पुलिस को उसके काम में दखलंदाजी करने का अधिकार नहीं है। देखा जाये तो इससे भारतीय जनता पार्टी की उप्र, उत्तराखंड तथा मध्यप्रदेश की सरकारों के उन मंसूबों पर पानी फिर गया है जो हिंदुओं के बीच अपनी जगह बनाये रखने के लिये कांवड़ यात्रा का इस्तेमाल करना चाहती थीं। गौरतलब है कि भाजपा सरकार के आदेश के जारी होते ही अनेक राजनैतिक दलों ने इसका विरोध किया था। केवल विपक्षी दल नहीं वरन भाजपा की सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी, जनता दल यूनाइटेड के केसी त्यागी आदि ने भी इस आदेश का विरोध किया है। इस आदेश को लेकर लोग समझ गये थे कि इसके कारण जहां एक ओर सामाजिक विभाजन होगा वहीं दूसरी ओर अगड़ी-पिछड़ी जातियों के बीच भी विभाजन हो सकता है।

इस आदेश को जिस तरीके से लागू किया गया वह भी संदेह के घेरे में है। जब न्यायाधीशों ने जानना चाहा कि यह आदेश है या केवल प्रेस बयान, तब याचिकाकर्ताओं के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह छद्म आदेश है। इसे स्वैच्छिक तो बताया गया लेकिन इसका पालन एक तरह से अनिवार्य कर दिया गया है। दुकानदारों पर इसके लिये दबाव डाला जा रहा है। सिंघवी का तर्क था कि बहुत से शाकाहारी रेस्टोरेंट हिन्दुओं की ओर से चलाये जा रहे हैं पर उनके कर्मचारी मुस्लिम या दलित हो सकते हैं। क्या कोई कह सकता है कि वह ऐसा खाना नहीं खायेगा जो मुस्लिमों या दलितों के द्वारा छुआ हुआ हो? स्वयं जस्टिस भट्ट ने बताया कि वे केरल के एक ऐसे स्थान पर रहे थे जहां केवल दो ही शाकाहारी रेस्टोरेंट थे। वे मुस्लिम के रेस्टोरेंट में जाते थे क्योंकि वहां सफाई बेहतर थी। याचिकाकर्ताओं की इस दलील में दम है कि इस आदेश से संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17 एवं 19 (1) (ग) का उल्लंघन होता है क्योंकि इससे धर्म, जाति व नस्ल के आधार पर भेदभाव व छुआछूत को बढ़ावा मिलता है। वैसे यह आदेश कुछ वर्गों के लिये रोजगार का संकट भी बनकर आ सकता है। संप्रदाय या जाति के उजागर होने पर उनकी वस्तुओं, खासकर खाद्य सामग्रियों की बिक्री पर विपरीत असर हो सकता है। इसके अलावा देश के कई हिस्सों में, विशेषकर इन तीन राज्यों में जिस प्रकार से संप्रदाय व जाति आधारित विभाजन हुआ है, मुस्लिम व निचली जातियों के दुकानदारों को कांवड़ियों के रोष का शिकार भी होना पड़ सकता है जो अक्सर इस तरह का व्यवहार करते देखे जाते हैं। कई बार कांवड़ियों व स्थानीय लोगों के बीच विवाद ही नहीं बल्कि मारपीट होती देखी जाती है।

# एक ही सुर के गायक- हिंदू-मुस्लिम!

राजेंद्र शर्मा

कहावत है, पूत के पांव पालने में ही दीख जाते हैं। मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले करीब पचास दिनों में ही, अपने पांव बखूबी दिखा दिए हैं। और ये पांव बताते हैं कि हरेक संकट से उबरने का उसे एक ही रास्ता दिखाई देता हैकृसांप्रदायिक ताप बढ़ाया जाए। हैरानी की बात नहीं है कि इसका सबसे खुलेआम प्रदर्शन उस उत्तर प्रदेश से ही शुरू हुआ है, जहां आम चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगियों को, कम से कम उनके हिसाब से अप्रत्याशित रूप से भारी हार का सामना करना पड़ा है।

न सिर्फभाजपा राज्य की कुल अस्सी सीटों में से 33 पर आ गयी और 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले 29 सीटें नीचे चली गयी, बल्कि राम मंदिर निर्माण पर केंद्रित अपनी तमाम प्रचार आंधी के बावजूद, उसने अयोध्या-फैजाबाद की अपनी सीट भी गंवा दी और वह भी सामान्य सीट से समाजवादी पार्टी द्वारा मैदान में उतारे गए, एक दलित उम्मीदवार के हाथों। इतना ही नहीं, इस राज्य में बनारस की सीट से तीसरी बार प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर चुनाव मैदान में उतरे, खुद नरेंद्र मोदी की जीत का अंतर घटकर डेढ़ लाख के करीब रह गया, जो किसी प्रधानमंत्री की जीत का सबसे कम अंतर है। यही नहीं, कुल मिलाकर राज्य में भाजपा का मत फीसद भी, 2019 के चुनाव की तुलना में 8 फीसद से ज्यादा गिर गया और 41.5 फीसद के करीब पर आ गया। स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश में सत्ताधारी भाजपा न सिर्फइस हार से हिली हुई है बल्कि इसकी व्याख्या करने के मुश्किल सवाल से भी जूझ रही है कि चुनाव में उसकी ऐसी दुर्गत हुई तो कैसे? हैरानी की बात नहीं है कि इस मुश्किल सवाल के जवाब की तलाश ने राज्य में भाजपा के नेतृत्व की आपसी खींच-तान को एक नयी ऊंचाई पर पहुंचा दिया। पिछले ही दिनों जब राज्य में संघ-भाजपा द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, इसकी अटकलों ने बहुत तेजी पकड़ ली कि आम चुनाव के दयनीय प्रदर्शन के बाद, आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री पद से हटना पड़ सकता है। हालांकि, भाजपा के उत्तर प्रदेश राज्य अध्यक्ष, भूपेंद्र सिंह चौधरी ने श्आशा के अनुरूप नतीजे नहीं आनेश् की नैतिक जिम्मेदारी अपने ऊपर लेने की घोषणा की और वास्तव में चुनाव नतीजों के बाद ही वह अपने पद से इस्तीफे की पेशकश भी कर चुके थे, लेकिन किसी से यह छुपा नहीं रहा है कि उक्त समीक्षा बैठक में, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और उप-मुख्यमंत्री, केशव प्रसाद मौर्य के बीच, जम कर खींच-तान ही नहीं हुई, घात-प्रतिघात भी हुए। खबरों के अनुसार जहां आदित्यनाथ ने आम चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन के लिए, अपने लोगों के अति-आत्मविश्वास और उसके चलते प्रयासों की कोताही को जिम्मेदार ठहराया, वहीं केशव प्रसाद मौर्य ने इसे पार्टी और संगठन की आलोचना ठहराते हुए इस पर आपत्ति जतायी और जोर देकर कहा कि पार्टी और संगठन ही सबसे ऊपर हैं, सरकार से भी ऊपर। जाहिर है कि उनका निशाना आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के प्रदर्शन पर था, जिसको लेकर संघ-भाजपा के नेताओं-कार्यकर्ताओं की भी शिकायतें कोई थोड़ी नहीं हैं। ऐसा समझा जाता है कि संघ-भाजपा के कार्यकर्ताओं की यह आम शिकायत है कि आदित्यनाथ सरकार, कुछ चुने हुए नौकरशाहों द्वारा ही चलाई जा रही है, जबकि सत्ताधारी पार्टी के आम कार्यकर्ताओं की ही नहीं, खुद मंत्रियों तक की कोई सुनवाई नहीं होती है। इस माने में आदित्यनाथ, सचमुच मोदी मॉडल का ही अनुसरण कर रहे हैं, जहां वास्तव में सरकार अति-केंद्रीयकृत तरीके से, नौकरशाहों के एक छोटे से ग्रुप द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय से चलाई जा रही है। बहरहाल, आदित्यनाथ मॉडल की अपनी ही एक विशेषता और है। राज्य के जो दोनों उप-मुख्यमंत्री अपने असंतोष का इजहार करते हुए, चुनाव नतीजे आने के बाद से मुख्यमंत्री की बुलाई बैठकों का एक प्रकार से बहिष्कार कर रहे बताए जाते थे, उनमें से एक ब्रजेश्वर पाठक की अतिरिक्त शिकायत खबरों के मुताबिक यह थी कि आदित्यनाथ के राज में शासन-प्रशासन में जाति विशेष का दबदबा चल रहा था। बहरहाल, आदित्यनाथ के एड़ियां गड़ा देने के बाद, जब खराब चुनावी प्रदर्शन के लिए उन पर हमलों से हांडी चौराहे पर फूटने का खतरा दिखाई दिया और मुख्य विपक्षी पार्टी, सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने, चुटकी लेने के लिए सौ लाओ, सरकार बनाओ का मानसून ऑफर दे दिया, दिल्ली में बैठे भाजपा नेतृत्व को जल्दबाजी में युद्धविराम की घोषणा कराने का फैसला लेना पड़ा।



## राशिफल

**मेषः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**बृषभः-** शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुनः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति आपकी महत्ता बढे.गी।

**कर्कः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

**सिंहः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढे.गी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः-** सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः-** बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभः-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा। कार्य क्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी।

**मीनः-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# सरकार के सामने परस्पर विरोधी हितों के बीच संतुलन बनाने की चुनौती

के रवींद्रन

23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला साल का बजट पेश करेंगी। खुद को एक निर्णायक मोड़ पर पाते हुए, उन्हें एक ऐसा बजट तैयार करने का काम सौंपा गया है जो गठबंधन सहयोगियों को खुश करे, जनता के असंतोष को दूर करे और आर्थिक विकास को बनाये रखे। उनकी भूमिका अभूतपूर्व जटिलता को ग्रहण करती है और उन्हें राजनीतिक सुविधा और वित्तीय समझदारी के बीच सर्कस की रस्सी पर चलने जैसा काम करना है।महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों के साथ, बदलते राजनीतिक परिदृश्य, जो खुद को भाजपा के लिए भारी चुनावी झटकों के रूप में प्रकट करता है, निश्चित रूप से बजट निर्माण में अपनी झलक पायेगा।

चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार जैसे विभिन्न गठबंधन सहयोगियों के साथ गठबंधन करने की अनेक महत्वपूर्ण शर्तें होती है, जैसे प्रभावशाली केन्द्रीय कैबिनेट पदों पर छोड़े गये दावों की भरपाई के लिए पर्याप्त बजटीय आवंटन। गठबंधन की राजनीति की पेचीदगियां केवल अंकगणित के बारे में नहीं हैं। श्री नायडू और श्री कुमार, दोनों प्रभावशाली



क्षेत्रीय नेता, अपने-अपने क्षेत्रों में काफी प्रभाव रखते हैं और सरकार के भविष्य पर लगभग नियंत्रण रखते हैं। भारी आवंटन की उनकी मांग न केवल राजनीतिक लाभ की इच्छा को, बल्कि प्रतिस्पर्धी चुनावी परिदृश्यों के बीच निरंतर समर्थन सुनिश्चित करने के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्रों को खुश करने की व्यावहारिक आवश्यकता को भी दर्शाती है। फिर भी, इन राजनीतिक चालों के बीच, निर्मला सीतारमण को आर्थिक मोर्चे पर समान रूप से कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

**चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार जैसे विभिन्न गठबंधन सहयोगियों के साथ गठबंधन करने की अनेक महत्वपूर्ण शर्तें होती है, जैसे प्रभावशाली केन्द्रीय कैबिनेट पदों पर छोड़े गये दावों की भरपाई के लिए पर्याप्त बजटीय आवंटन। गठबंधन की राजनीति की पेचीदगियां केवल अंकगणित के बारे में नहीं हैं। श्री नायडू और श्री कुमार, दोनों प्रभावशाली क्षेत्रीय नेता, अपने-अपने क्षेत्रों में काफी प्रभाव रखते हैं और सरकार के भविष्य पर लगभग नियंत्रण रखते हैं। भारी आवंटन की उनकी मांग न केवल राजनीतिक लाभ की इच्छा को, बल्कि प्रतिस्पर्धी चुनावी परिदृश्यों के बीच निरंतर समर्थन सुनिश्चित करने के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्रों को खुश करने की व्यावहारिक आवश्यकता को भी दर्शाती है।**

विकास को बढ़ावा देते हुए राजकोषीय अनुशासन बनाये रखने की अनिवार्यता एक पहेली प्रस्तुत करती है, जिस पर ध्यान देने के लिए विभिन्न प्रकार की आवाजें उठ रही हैं। सामाजिक कल्याण योजनाएं, जिनका लंबे समय से विपक्षी दलों द्वारा समर्थन किया जाता रहा है, अब भाजपा के अपने खेमे में भी गूंज रही हैं, क्योंकि आर्थिक लाभ के समान वितरण की मांगें तेज होती जा रही हैं। इसलिए, बजट एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में उभरता है जिसमें लोकलुभावन मांगों को पूरा करने और आर्थिक बुनियादी ढांचे को बनाये रखने के बीच संतुलन बनाने का कार्य करना होगा। भाजपा की चुनावी असफलताओं में प्रकट होने वाले लोकप्रिय असंतोष के साथ, लक्षित हस्तक्षेपों के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को दूर करने का दबाव बढ़ गया है। इसमें न केवल मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ाना, बल्कि समावेशी विकास के लिए नये रास्ते भी तलाशना शामिल है, खासकर ग्रामीण और हाशिये पर पड़े शहरी क्षेत्रों में। सीतारमण की दुविधा के केंद्र में व्यापक आर्थिक स्थिरता से समझौता किये बिना इन प्रतिस्पर्धी मांगों को समेटने की आवश्यकता है। भारत का विकास पथ, मजबूत होने के बावजूद, घरेलू और वैश्विक दोनों तरह की चुनौतियों से घिरा हुआ है, जिसके लिए राजकोषीय संसाधनों का सावधानीपूर्वक प्रबंधन आवश्यक है। इसलिए, वित्त मंत्री का कार्य केवल संख्या-गणना से बहुत आगे तक फैला हुआ है जिसके लिए सामाजिक-राजनीतिक गतिशीलता की सूक्ष्म समझ और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक लीवर को कुशलता से संभालने की आवश्यकता है। इसके अलावा, बजट को न केवल समाज के मुखर वर्गों को बल्कि उस बहुसंख्यक वर्ग को भी ध्यान में रखना होगा, जिसकी बेहतर आजीविका की आकांक्षाएं अक्सर सत्ता के गलियारों में अनकही रह जाती हैं। इस संबंध में, समावेशी विकास न केवल एक आर्थिक अनिवार्यता, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी बन जाता है। यह बयानबाजी और वास्तविकता के बीच की खाई को पाटने का एक अवसर है, यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत की प्रगति का लाभ इसके विशाल और विविध आबादी के बीच समान रूप से साझा किया जाये। इन चुनौतियों के बीच सीतारमण का वित्त मंत्रालय का नेतृत्व न केवल तात्कालिक आर्थिक भाग्य के लिए बल्कि दीर्घकालिक प्रक्षेपवक्र के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्हें जो नाजुक संतुलन कार्य करना होगा, उसमें कठिन विकल्प चुनना शामिल है, जैसे आवंटन को प्राथमिकता देना, कर संरचनाओं में सुधार करना और निवेश को प्रोत्साहित करना। यह सब चुनावी कैलेंडर और गठबंधन राजनीति की अनिवार्यताओं पर नजर रखते हुए किया जाना है। यह कार्य लोकतंत्र में शासन की दोहरी अनिवार्यताओं को समाहित करता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# परिवहन ज्वाइंट टीम को बिना टिकट मिले 14 यात्री

- परिचालक पर गिरी गाज, दर्ज हुई एफआईआर
- महोबा डिपो की बस में मिले 14 यात्रियों के किराए का दस गुना कंडेक्टर से वसूला जाएगा

**सुमेरपुर,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

प्रवर्तन दल ने बीती रात इंगोहटा के पास बिना टिकट यात्रियों को लेकर महोबा से लखनऊ के लिए जा रही परिवहन निगम की बस को पकड़ा।

प्रवर्तन दल के बीच रास्ते में बस को रुकवाने पर कंडक्टर ने जल्दबाज़ी में टिकट मशीन से टिकट निकालने की कोशिश की लेकिन तब तक टीम ने उसे दबोच लिया। यात्रियों से पूछताछ की गयी तो बड़ी संख्या में बिना टिकट यात्री मिले जो कंडक्टर को किराये के पैसे दे चुके थे। प्रवर्तन दल ने बस को हमीरपुर डिपो में खड़ा कराकर टिकट मशीन सहित बैग को डिपो में जमा कराया है। हमीरपुर प्रवर्तन दल द्वारा महोबा डिपो की बस पर मौदहा सुमेरपुर के मध्य इंगोहटा में औचक निरीक्षण किया गया था।



टीम ने मशीन और बैग को अपने कब्जे में लेते हुए जब यात्रियों से टिकट माँगा तो 14 यात्रियों के पास टिकट नहीं मिला जो कंडक्टर को पैसे दे चुके थे। चेकिंग टीम ने फिलहाल बस को हमीरपुर डिपो में खड़ा कराकर बैग सहित मशीन को डिपो में जमा कराया है। टीम के सदस्य सत्येन्द्र सिंह सहायक यातायात निरीक्षक ने बताया कि महोबा डिपो की बस में 14 यात्री बिना टिकट मिले थे।

ऐसे में 14 यात्रियों के किराए का दस गुना कंडक्टर से वसूला जाएगा। फिलहाल बस को डिपो में खड़ा करा लिया गया है। बैग और टिकट मशीन को डिपो में जमा कराया गया। डिपो के एआरएम राम प्रताप साहू ने बताया कि महोबा डिपो के कंडक्टर लक्ष्मण दुबे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गयी है।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने पर कोर्ट ने आरोपी को सुनायी उम्रकैद की सजा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुस्करा थाना के एक गांव निवासी नाबालिग वर्ष 2015 में घर से सोते समय अचानक लापता हो जाने के मामले में पीड़ित मां ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। कुछ दिन बाद घर पहुंची नाबालिग ने उसके साथ गांव के ही एक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपित के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। जिसकी सुनवाई करते हुए मंगलवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह ने आरोपित को दोषी मानते हुए उम्रकैद सुनाई है। साथ ही 26 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट अवध नरेश सिंह चंदेल ने बताया कि थाना मुस्करा के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की की मां ने मुस्करा थाने में तहरीर दी थी कि 16 मई 2015 की रात 12 बजे घर में सोते समय उसकी पुत्री अचानक कहीं लापता हो गई।

काफी तलाश के बाद जब वह नही मिली। जिस पर गांव निवासी सुरेश द्वारा बेटी को फोन किए जाने की बात पर उसने सुरेश के खिलाफ बेटी को बहला कर ले जाने समेत एससी एसटी का मुकदमा दर्ज कराया गया। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। वहीं बेटी की बरामदगी के बाद जब पुलिस ने कोर्ट में 164 के बयान कराएं तो उसमें बेटी ने सुरेश द्वारा दुष्कर्म करने की बात बताई। जिस पर कोर्ट में हुए बयान के आधार पर आरोपित सुरेश के खिलाफ दुष्कर्म व 6 पाक्सो एक्ट की धारा और बढ़ गई। मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह ने आरोपित सुरेश को दोषी मानते हुए एससी एसटी मामले में आजीवन कारावास सुनाया है। इसके साथ ही 26 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। वहीं अधिवक्ता ने बताया कि पीड़िता ने अपनी शादी के दो वर्ष बाद ही पति को छोड़कर आरोपी सुरेश के साथ रिलेशनशिप में रहने लगी थी और बाद में दोनों ने शादी कर ली थी। जिनके दो बच्चे भी हैं।

## खबरें एक नजर में

### एसपी ने किया शिकायतों का निस्तारण



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा पुलिस कार्यालय में सुनी गई आम-जनों की समस्याएं/ शिकायतें शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामींण क्षेत्रों से शिकायतें/ समस्याएं लेकर आये हुए शिकायतकर्ताओं/आम-जनों की समस्याओं को सुना गया जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का अवलोकन कर गुणवत्तापूर्ण अविलम्ब निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

### सर्प के दंश से मजदूर की मौत

**घाटमपुर,समृद्धि न्यूज़।** थाना सजेती क्षेत्र के कुरसेडा गाव मे एक मजदूर को साप ने डस लिया जिसकी इलाज दौरान मौत हो गयी, बताया जाता है कि गांव निवासी पदम कुमार 48 सोमवार शाम को घर में था तभी उसे सरप ने डस लिया, जानकारी पर परिजन उसे घाटमपुर सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाकटरो ने हैलट कानपुर रिफर कर दिया।

### सीएचसी पनवाड़ी के मुख्य रास्ते का जाल हुआ खस्ताहाल

**पनवाड़ी, महोबा।** शासन द्वारा बीमार व्यक्तियों के इलाज हेतु अस्पतालों की व्यवस्था पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं, परंतु स्थानीय स्तर पर इतने खर्च के बावजूद कुछ न कुछ गड़बड़ी मिलती रहती है आपको बता दें कि पनवाड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार पर लोहे का जाल लगा हुआ है जो कि पूरी तरह से छतिग्रस्त हो चुका है, किंतु अस्पताल प्रशासन इससे अनजान बना हुआ है, यहां आने वाले मरीजों को टूटे हुए लोहे के जाल से गुजरना पड़ता है जो कि पूरी तरह खतरे को पार करने जैसा है, अस्पताल में पहुंचते वाले मरीजों को स्वास्थ्य लाभ से पहले खतरे को जानते हुए मजबूरी वश मोल लेना पड़ता है, अस्पताल प्रशासन की निष्क्रियता ही कहें कि इतने रुपए खर्च होने के बाद भी मुख्य द्वार पर खतरे की घंटी बजती रहती है।

### बार व बेंच के सहयोग से गरीबों को मिलेगा न्याय

**उतरौला,बलरामपुर।** बार व बेंच के सहयोग से गरीबो को सस्ता व सुलभ न्याय मिल सकता है। अधिवक्ताओं द्वारा तहसील में जुड़ी समस्याओं को तहसीलदार व अधिवक्ताओं की बैठक में उठायी गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि खतौनी में हिस्से में अंश निर्धारण में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लेखपाल व राजस्व निरीक्षक द्वारा रिपोर्ट आदि के नाम पर अनावश्यक विलम्ब करते हैं। इसी तरह दुरुस्ती के मामले में अधिकतर रिपोर्ट न लगने के चलते लंबित है। अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने नाबालिग को बैनामा संरक्षिका द्वारा, व मुख्तार नामा से होने वाले बैनामे का नामांतरण किये जाने का मामला उठाया। तहसीलदार सत्य पाल प्रजापति ने कहा कि हाई कोर्ट के निर्देश की फाइलों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाएगा।

### डीजे की चार मशीनें चोरी

**राठ,हमीरपुर।** चोरों ने डीजे की चार मशीनें पार कर दी है। पीड़ित ने कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। कस्बे के जलालपुर रोड पठानपुरा मोहल्ला निवासी सचिन कुशवाहा पुत्र रामनारायण ने बताया कि 13 जुलाई को उसके मकान के सामने उसका डीजे कमांडर जीप में लगा खड़ा था। रात के समय चोर डीजे की चार मशीनें चोरी करके ले गए। सुबह जब उसने डीजे का उक्त सामान गायब देखा तो आसपास के लोगों से जानकारी की। लेकिन कुछ पता नहीं चला है। बताया कि चारों मशीनों की कीमत एक लाख रुपए है। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### गाली गलौज कर की मारपीट

**राठ,हमीरपुर।** मझगवां थाने के सरगांव निवासी नम्मी पुत्र कृष्णा ने बताया कि शनिवार की रात नौ बजे अपने घर के सामने दरवाजे पर बैठा था। तभी बिना बजह गांव का अच्छेलाल पुत्र मुनैया बबलूए फूला सुमन गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर दी। बताया कि उसके भाई भाइयालाल व भाभी सोनम को भी मारा.पीटा। मारपीट से सभी को चोटें आईं हैं। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### फर्जी फंसाने का लगाया आरोप

**राठ,हमीरपुर।** कोतवाली के बिलरख गांव निवासी रोहित कुमार पुत्र कढ़ोरी लाल ने बताया कि गांव के कालीचरन पुत्र शिवनाथ व उसकी पत्नी रचना ने पुत्री को नाबालिग दिखाते हुए उसके ऊपर छेड़छाड़ का झूठा मामला दर्ज कराया था। जिसमें वह जेल भी गया था। उस समय कालीचरन ने अपनी नाबालिग पुत्री की शादी 11 मई 23 को औड़ेरा गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र शिवनाथ के साथ नरसिंह मंदिर कछ्वां की पहाड़ियां से हिंदू रीति.रिवाज के साथ संपन्न कराई थी। जो कानूनन अपराध है। पीड़ित ने उसे फर्जी फंसाने पर उक्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### लीकेज पाइप लाइन की होगी मरम्मत

**राठ,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।** चरखारी रोड स्थित विराट पैलेस के सामने की सड़क के किनारे जल संस्थान की ओर से लीकेज पाइप लाइन की खोज कराई जा रही है। जिससे गहरे.गहरे गड्ढे कराए गए हैं। काम करते समय फरसौलियाना मोहल्ला निवासी 28 वर्षीय ललित कुमार पुत्र दशरथ क्षेत्र के स्यावरी गांव निवासी 55 वर्षीय ख्यालीराम कुशवाहा पुत्र छोटेलाल के ऊपर मिट्टी गिरने से वह दब गए। वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने उन्हें आनन.फानन में बाहर निकाल सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने ललित को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

# भारत की आजादी में चंद्रशेखर आजाद की अहम भूमिका: प्राचार्य

**महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लोकेंद्र नाथ पांडेय ने चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

पूरन राम प्रकाश दीक्षित दीक्षित महाविद्यालय गहरौली में मंगलवार को पंडित चंद्र शेखर आजाद की जयंती मनाई गई कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लोकेंद्र नाथ पांडेय जी द्वारा आजाद जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया गया।



प्राचार्य ने इस क्रम में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि भारत को अंग्रेजो से आजादी दिलाने महान भूमिका निभाने वाले आजाद जी की जयंती है जिन्होंने मात्र 14 वर्ष की उम्र में गांधी के असहयोग आंदोलन से जुड़ कर अंग्रेजो के खिलाफ आजादी की लड़ाई में भाग लिया और इस क्रम में वह कई बार जेल गए और गांधी जी द्वारा असहयोग आंदोलन वापस लेने पर उन्होंने क्रांतिकारी संगठन हिंदुस्तानी सोसलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन राजगुरु सुखदेव भगत सिंह आदि के साथ मिलकर किया। काकोरी काण्ड की घटना को अंजाम दिया और अंग्रेजो द्वारा ट्रेन में ले जा रहे धन को लूट कर आजादी की लड़ाई के लिए धन एकत्र किया। लाला लाजपत राय पर लाठी चार्ज करने वाले अधिकारी सांडर्स को गोली मार कर उनकी मौत का बदला लिया। इसी क्रम में रोहित कुमार गुप्ता ने उनके कृत्यों पर प्रकाश डालते हुए असेंबली बम कांड के बारे में बताया की किस तरह इन्होंने बहरे अंग्रेजो तक अपनी बात पहुंचाने के लिए संसद में बहस के दौरान बम फोड़ने को कार्यवाही की। कार्यक्रम छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और छात्रा नंदनी ने बताया की किस तरह जज द्वारा पद्रह कोड़े मारने की सजा होने पर भी इन्होंने वंदेमातरम का उद्घोष करना नही छोड़ा और सजा को हस्ते हस्ते स्वीकार किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रवक्ता आकाश दीप मिश्रा कपिल द्विवेदी उमेश गुप्ता, सत्येंद्र सक्सेना मनोज द्विवेदी, रविन्द्र सोनी, कुलदीप द्विवेदी, शैलेंद्र प्रजापति, शैलेंद्र राजपूत श्रवण और दुर्वेश सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।



## भारतीय टीम के बॉलर का हुआ स्वागत

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** बागेश्वर धाम जाते समय कस्बे के प्रकाश होटल में रुके भारतीय क्रिकेट टीम के प्रसिद्ध बॉलर कुलदीप यादव का उनके प्रशंसकों ने जोरदार स्वागत किया। जिससे वह गदगद नजर आए। सोमवार को देर शाम बागेश्वर धाम जा रहे हैं भारतीय टीम के बॉलर कुलदीप यादव कुछ देर के लिए कस्बे के प्रकाश होटल में ठहरे। यहां पर उनके प्रशंसक अभिषेक तिवारी, आशीष यादव, संतोष कुमार, लोकेश, विजय कुमार, दीपक कुमार आदि में उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड बहुत ही रमणीक जगह है। यहां पर पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। चित्रकूट धामए खजुराहो ओरछा भीमकुंड चरखारी स्टेट जटाशंकर धाम बहुत ही रमणीक है। सरकारों को इनके विकास के लिए ज्यादा जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के बागेश्वर धाम महाराज की ख्याति देश के अलावा विदेशों में भी है। हमारा देश हमेशा ऋषियों मुनियों का देश रहा है। हमारे सनातन धर्म की ख्याति पूरे विश्व में है।

### लाइन स्टाफ को गाली देने के सम्बंध में दिया शिकायती पत्र

**उतरौला,बलरामपुर।** विद्युत उपभोक्ताओं एंव ग्राम प्रधान द्वारा विद्युत उपकेंद्र पर परिचालन कार्य,लाइन फाल्ट होने पर लाइन स्टाफ को गाली देने के सम्बंध में एक शिकायती पत्र उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार को सौंपा। नाजिम अली,श्याम किशोर,राजन धर्मेंद्र,व राम अभिलाष ने दिये गए शिकायती प्रार्थना पत्र में यह आरोप लगाया है कि उतरौला उपकेंद्र से 11 केवी चमरुपुर फीडर के कुछ उपभोक्ता व ग्राम प्रधान फाल्ट आने पर आए दिन रात्रि में 11 बजे के बाद दर्जनों की संख्या में पहुंचकर लाइट चालू न होने तक दूसरे फीडरों को बंद करने के दबाव बनाते हैं बंद न करने पर तैनात कर्मचारियों से अभद्रता करते है। राजस्व वसूली टीम के द्वारा ग्रामो में कैम्प लगाकर बकाये का संयोजन,विछेदन का विरोध कर राजस्व वसूली को प्रभावित करते है।

## पूर्व प्रधान व सफाईकर्मी का विवाद पहुंचा पुलिस की चौखट में

- सफाई कर्मी ने सरकारी कार्य में बाधा डालने का लगाया आरोप

**सुमेरपुर,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत जलाला के मजरा भमौरा में नाली सफाई न करने पर सफाई कर्मी का पूर्व प्रधान से झगड़ा हो गया। पूर्व प्रधान ने सफाई कर्मी पर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। सफाई कर्मी ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।,ग्राम के पूर्व प्रधान नयन सिंह वर्मा का आरोप है कि पंचायत में तैनात सफाई कर्मी दलित बस्ती की नालियों की साफ.सफाई नहीं करता है। बारिश का पानी घरों के अंदर घुसने से लोग परेशान होते हैं। मंगलवार को सफाई कर्मी से सफाई करने को कहा तो वह अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करके गाली गलौज करने लगा। पूर्व प्रधान ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। इसी तरह सफाई कर्मी महेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि पूर्व प्रधान ने उसके साथ मारपीट करके सरकारी कार्य में बाधा पैदा की है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं सफाई कर्मी के साथ हुई इस घटना की सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण गोपाल में निंदा करते हुए प्रशासन से पूर्व प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### कार्यवाही न होने से दुखी पुजारी ने किया आत्महत्या करने का प्रयास

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के एक गांव स्थित प्राचीन मंदिर पर भूमाफिया द्वारा कब्जा करने की शिकायत ग्रामीणों ने तहसील दिवस मौदहा में की थी इसके बाद कोई कार्यवाही न होने से दुखी होकर मंदिर के पुजारी ने आत्महत्या करने का प्रयास किया है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकरी में प्राचीन बजरंगबली व अन्य देवताओं का मंदिर बना है जिसमें ग्राम समाज की काफी भूमि मंदिर से जुड़ी है जिस पर गांव का ही कृपाल प्रजापति अवैध कब्जा करना चाहता है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने तहसील दिवस पर की थी मगर कोई कार्यवाही न होने से भू माफिया के हौसले बुलंद हैं और वह मंदिर की तरफ दरवाजा कर रहा था जिससे नाराज मंदिर के पुजारी ने आज क्षुब्ध होकर कुएं में कूद कर आत्महत्या का प्रयास किया।

## महिला ने लगायी फांसी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्यवाही

- मृतक के ससुर ने बताया कि मेरे तीन पुत्र व दो पुत्री है जिसमे दोनों पुत्रियों की शादी कर दी है

**मौदहा,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कपसा में नव विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगा आत्महत्या कर ली। वही कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की है। कपसा के मदाइन पुरवा निवासी धीरज सिंह की गर्भवती पत्नी सरोज(23) ने घर में कमरे के अंदर फंदा आत्महत्या कर ली।

मृतक सरोज के ससुर चंद्रपाल सिंह ने बताया कि मेरे तीन पुत्र व दो पुत्री है जिसमे दोनों पुत्रियों की शादी कर दी है। वही मेरे दो पुत्र सूरत में रहते है व धीरज कानपुर में प्राइवेट कम्पनी में काम करता है और वही रहता है धीरज की शादी दो वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के हरडोनी गाँव में बलराम सिंह की पुत्री के साथ हुआ था शादी बाद दोनों पति पत्नी कानपुर में ही रहने लगे हम कपसा में अपनी पत्नी के साथ अकेले रहते थे बहू सरोज गर्भवती थीं इस कारण धीरज ने दो माह पूर्व गाँव छोड़ गया था इस किस कारण बहू ने ऐसा कदम क्यों उठाया वह खुद नही समझ पा रहा है। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## गौ-तस्करी का वांछित गिरफ्तार



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

एसपी बलरामपुर विकास कुमार द्वारा वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर बृजनन्दन राय के निकट पर्यवेक्षण में तथा निरीक्षक देवनन्दन उपाध्याय प्रभारी थाना को0 देहात के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को थाना को0देहात पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 273/2024 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मो0 फाजिल पुत्र इरशाद नि0 हरियाना थाना डिडौली जनपद अमरोहा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# मोटरसाइकिल, अवैध शस्त्र समेत तीन गिरफ्तार

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

एसपी बलरामपुर विकास कुमार ने अपराधों की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही कर गिरफ्तारी क्रम में-अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार , क्षेत्राधिकारी ललिया ज्योति के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को उनि ओमनरायन मिश्र मय हमराही हेकां चन्दन दूबे, कां. अजीत कुशवाहा, कां. शैलेस यादव, का अजय यादव देखभाल क्षेत्र रात्रिगस्त में मामूर थे, मुखबिर खास द्वारा प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम को मौके पर पहुँच कर खुरपिहवा नाला वहद ग्राम मध्यनगर पकरैला स्थित साधुपुरवा छेदीपुरवा हडहा तिराहा के पास से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अभियुक्त शस्त्र के साथ गुजर रहे थे। पुलिस टीम द्वारा पूँछ-ताँछ हेतु रोंके जाने पर तीनों अभियुक्तों द्वारा भागने की कोशिश की गई, मौजूद पुलिस टीम की मुस्तैदी से तीनों अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में लेकर जामा तलाशी ली गई अभियुक्तों के पास से एक अदद आटोमैन परक्यूशन मस्कट (भरूई बन्दूख) व 11 लोहे के गोल छर्रा व 14 लोहे का लम्बा छर्रा व 01 पेंचकश व एक रेती,व एक मटमैला डिब्बा लोहे के गोल छर्रे से भरा हुआ व एक प्लास्टिक का मटमैला सफेद डिब्बा,1/4 बारुद से भरा हुआ व एक प्लास्टिक के सफेद डिब्बे में 14 टोपी व एक अदद एन्ड्रायड मोबाइल कम्पनी नीला रंग व एक अदद मोटरसाइकिल पेशन प्रो हीरो कम्पनी वाहन सं0 यूपी 46 एल 6728 बरामद किया गया तथा तीनों अभियुक्तों को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गाय। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.सं.-165/24 धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायालय रवाना किया गया।



# ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन की दी ट्रेनिंग

- ई-ऑफिस को शुरू करके कार्यालयों को पेपरलैस बनाते हुए शासकीय कार्यों को प्रदान करना है

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



शासन द्वारा ई-ऑफिस प्रणाली लागू किये जाने की मंशा के अनुरूप अपर उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा जी की मौजूदगी मे कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार कक्ष मे पटल सहायकों, संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में ई-ऑफिस प्रणाली के सुचारू रूप से संचालन हेतु प्रशिक्षण जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी डॉ अमित कुमार गौतम के द्वारा दी गयी। अपर उप जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सभी कार्यवाहियों पूरा करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप पत्रावलियों का परिचालन ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य कार्यालयों को पेपरलैस बनाते हुए शासकीय कार्यों को गति प्रदान करना है। ई-ऑफिस सरकारी कार्यालयों में सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कामकाज करने का माध्यम है। इस अवसर पर संजीव कुमार श्रीवास्तव, इरशाद, नाज़िर कपिल मदान, रवि शुक्ला, श्री बाबुराम, तकनीकी सहायक ऐश्वर्य दीप व कलेक्ट्रैट के सभी पटल सहायक उपस्थित रहे।

### अध्यक्ष प्रहलाद यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**उतरौला,बलरामपुर।** अधिवक्ता संघ उतरौला ने अध्यक्ष प्रहलाद यादव के नेतृत्व में एक पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी बलरामपुर पवन अग्रवाल को सौंपा।ज्ञापन में तहसील में बाबू ,पेशकार,, मालबाबू, व चपरासी के रिक्त पदों पर कर्मचारियों की तैनाती,नगर में अतिक्रमण के चलते आम नागरिकों को हो रही परेशानी, अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की गई।दीवानी न्यायालय परिसर में व्याप्त गन्दगी व अंश निर्धारण में रिपोर्ट के नाम पर लेखपाल द्वारा मनमानी वसूली की जा रही है। इस अवसर पर मंत्री अमित श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह, लाल मिश्र व नसीम अहमद सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बाढ़ राहत सामग्री वितरित न होने से ग्रामीणों ने की शिकायत

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड श्रीद त्तगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत अमारे भरिया अल्लीपुर व बभन पुरवा तथा अल्ला नगर,विरदा बनिया भारी,बघजोत में बाढ़ से काफी प्रभावित रहा परन्तु आज तक बाढ़ राहत सामग्री नही वितरित किया गया जिससे ग्रामीण काफी नाराज है बाढ़ प्रभावित ग्रामो के प्रधान सहित ग्राम वासियों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस मे एक प्रार्थना पत्र देकर बाढ़ राहत सामग्री वितरण कराने को लेकर जिलाधिकारी से मांग की है। दोनों ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी बलरामपुर से शिकायत करते हुए कहा कि भीषण बाढ़ के आने से ग्रामवासियों का फसल पानी में डूब जाने से पूरा धान का फसल चौपट हो गया है। और बाढ़ का पानी सभी के घरों में घुस जाने से लोग भूखमरी के कगार पहुंच गए थे। लेकिन हल्का लेखपाल की लापरवाही के चलते बाढ़ राहत सामग्री का वितरण आज तक नहीं हो पाया है। जिला अधिकारी से शिकायत पत्र देते समय मुख्य रूप से ग्राम प्रधान अल्ला नगर ज्ञानेंद्र प्रसाद वर्मा,ग्राम प्रधान विरदा बनिया भारी इबरार खान, ग्राम प्रधान अमारे भरिया लाल बाबू वर्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# गौ तस्कर को मुठभेड़ के साथ किया गिरफ्तार, पांच भागने में सफल

**मसौली बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**गैंग बनाकर** गौवंशीय पशुओं का वध कर मांस की तस्करी करने वाले गैंग एव सफदरगंज पुलिस के बीच बीती रात्रि हुई मुठभेड़ मे एक वांछित बदमाश के गोली लग जाने से घायल हो गया जबकि गैंग के 5 सक्रिय सदस्य भागने मे सफल हो गये। मुठभेड़ मे घायल बदमाश सोमवार की रात्रि को ग्राम मौलाबाद मे हुई गौकशी का वांछित अभियुक्त है।

बताते चले कि रविवार सोमवार की रात्रि को सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मौलाबाद स्थित हमीनपुर झील मे मौलाबाद निवासी बीरबल की गाय का वध कर मांस को गायब कर दिया गया था जानकारी पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी सदर सुमित त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने डाग स्कावायड आदि का सहारा लेते हुए खुलासे के लिए कई टीमे गठित की गयी थी बीती रात्रि प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ वांछित अभियुक्तों की तलाश मे जुटी थी कि मध्य रात्रि करीब डेढ़ बजे दरियाबाद रोड पर स्थित तुरकानी मोड



के निकट दो मोटरसाइकिलों पर आ रहे आधा दर्जन लोगो को पुलिस ने जब रोकने की कोशिश की तो बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग करते हुए भाग खड़े हुए जिसमे पुलिस की जवाबी फायरिंग मे शादाब पुत्र जमील निवासी ग्राम सैदनपुर के पैर मे गोली लगने से गिर पड़ा जिसे पुलिस ने दबोच लिया गिरफ्तार बदमाश के कब्जे व निशादेही से 1 अदद तमंचा .315 बोर ,1 जिंदा, 1 खोखा कारतूस, 2 अदद लोहे के बांके , 2 अदद छूरी तथा 2 अदद रस्सी के टुकड़े बरामद किये । पुलिस की पूछताछ मे शादाब ने मुठभेड़ के दौरान भागने वाले नूरूल हसन उर्फ नूरइया पुत्र स्व0 अब्दुल हसन , राशिद उर्फ गोकुल पुत्र फिरोज, नाना उर्फ अहमद पुत्र इशराल निवासीगण वरिया मोहल्ला,सैदनपुर, मन्ने पुत्र पीर गुलाम , रियाज पुत्र पीर गुलाम निवासी मैलारायगंज ने बताया कि हम लोग गौवंशीय पशुओं का वध कर मांस की तस्करी का काम करते है सोमवार की रात्रि मे हम सभी लोगो ने गाय का वध किया था आज पुनः वध के लिए निकले थे। पुलिस ने घायल गौमांस तस्कर को इलाज के जिला अस्पताल मे भर्ती कराया है।

### डाग स्क्वायड मे तैनात डायना की अहम भूमिका

**सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मौलाबाद स्थित हमीनपुर झील मे हुई गोकशी की घटना मे संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान में बाराबंकी पुलिस की डॉग स्क्वायड में तैनात डायना फीमेल ने घटनास्थल से करीब 2.50 कि0मी0 दूर छुपे अभियुक्त सादाब पुत्र जमील निवासी सैदनपुर थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी के घर को तलाशने में अहम भूमिका निभायी, जिससे घटना में संलिप्त सादाब पुत्र जमील निवासी सैदनपुर थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को 24 घण्टे के अन्दर पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया।**

# आमने सामने हुई पिकप गाड़ियों की टक्कर में चालक हुए घायल, पिकप के परखच्चे उड़े

**मसौली, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

मंगलवार की दोपहर हाइवे पर स्थित ग्राम नेवला के निकट आमने सामने दो पिकपो मे हुई जोरदार टककर मे दोनो पिकपो के जहां परखच्चे उड़ गये वही दोनो वाहनो के चालक गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। बींच हाइवे पर हुई दुर्घटना से करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

थाना क्षेत्र के ग्राम नेवला के पास बाराबंकी की ओर से रामनगर की ओर आम लेकर जा रही पिकप नंबर यूपी 43 ए टी 3076 की सामने से आ रही पिकप नंबर यूपी 78 एफ एन 9212 की जबरदस्त टककर हो गयी जिससे दोनो वाहन काफी क्षतिग्रस्त हो गये और पिकप मे लदा आम् पुरी तरह सड़क पर बिखर गया। आम से लदी पिकप चालक जुबेर पुत्र मो नसीर व दूसरी



पिकप का ड्राइवर गम्भीर रूप से घायल हो गया जो अपना नाम व पता बता पाने में असमर्थ नजर आ रहा था।हादसे की सूचना पर पहुचे मसौली थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह, सब इंस्पेक्टर अभय गुप्ता कांस्टेबल प्रियांशु यादव ने लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। दुर्घटना होने से हाइवे पर दोनों तरफ करीब 1 किमी लम्बा जाम लग गया। ग्रामीणों ने भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए ट्रैक्टर लाकर क्षतिग्रस्त गाड़ियों को रोड से हटाकर किनारे कर दिया। दोपहर में भीषण गर्मी होने के कारण जाम लगने से यात्री बेचैन हो उठे,लेकिन पुलिस की सूझबूझ से करीब 1 घण्टे बाद लोगों जाम से निजात दिलाया जा सका।

# भाविप ने विवेकानंद कालेज में वाटर कूलर का किया लोकार्पण

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज में छात्रों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए शैलेंद्र चंसौलिया ने अपने स्वर्गीय माता पिता की स्मृति में वाटर कूलर स्थापित कराया है। जिसका लोकार्पण मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन सचिव विक्रांत खंडेलवाल ने किया।

वाटर कूलर लोकार्पण के मुख्य अतिथि विक्रांत खण्डेलवाल ने कहा कि आज समाज मे बढ़ती वैमनस्यता व दुराव को कम करने के लिए समरसता का मंत्र व्यवहार रूप में उतारने की जरूरत है। संगठन भी जाति, पंथ, भाषा, क्षेत्र आदि के आधार पर न होकर सर्वसमाज के हित में कार्य करे और समाज में बढ़ती दूरियों को मिटाने का कार्य करे। समाज में समरसता लाना हमारी प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। और उन्होंने एक गीत देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें, सूरज हमें रोशनी देता हवा नया जीवन देती। भूख मिटाने को हम सबकी धरती पर होती खेती है, औरों का भी हित हो ऐसा कुछ करना सीखें।। के माध्यम से समाज को प्रेरणादायक संदेश दिया। इस दौरान स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में छात्रों को शीतल




जल उपलब्ध कराने के लिए शैलेंद्र चंसौलिया द्वारा अपने स्वर्गीय माता पिता की स्मृति में उपलब्ध कराए गए वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर नेशनल प्रोजेक्ट सदस्य जीवनराम गुप्ता, अजय इटौरिया, प्रांतीय अध्यक्ष सीपी गुप्ता, भूपेंद्र कंथरिया, प्रबंधक अतुल हर्षे, प्रधानाचार्य नीरज दिवेदी, शाखा अध्यक्ष डॉ. वेदप्रकाश शर्मा, देवेंद्र तिवारी, राजनारायण, चंद्रप्रकाश यादव, गुड्डे, प्रदुम्न दीक्षित, अशोक पांडे, विस्सन सेठ, हरिश्चंद्र यादव डॉ. सुरेश साहनी, मुकेश साहनी, राजीव माहेश्वरी, डॉ. ब्रजेंद्र दुबे, सुशील बाजपेई, त्रिलोकीनाथ गुप्ता, अधिवक्ता उमेश दीक्षित, राजेंद्र अग्रवाल, आभा शर्मा, नैना साहनी, रीता साहनी, मधु पांडेय, प्रेमलता उपाध्याय, गीता पुरवार मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बाइक आमने-सामने टकराई तीन घायल,एक की हालत गंभीर

**रामपुरा (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**तेज गति** व लापरवाही से परिणाम स्वरूप दो बाइक आमने-सामने टकरा गई जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर होने के कारण उन्हे उरई ले जाया गया है।

रामपुरा थाना अंतर्गत कस्बा रामपुरा में ऊमरी बस स्टैंड से जगम्मनपुर रोड पर ज्योति बीज भंडार के सामने तेज गति से आ रही दो मोटरसाइकिल आमने-सामने टकरा गई जिससे बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। प्राप्त विवरण के अनुसार आज मंगलवार की दोपहर लगभग 12 बजे कस्बा रामपुरा जगम्मनपुर रोड पर ज्योति बीज भंडार के सामने दो हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जिसमें एक में नंबर प्लेट पर कुछ नहीं लिखा था तथा दूसरी यूपी 92 एल 3374 तेज गति से आमने-सामने टकरा गई जिसमें जयप्रकाश उर्फपप्पू पुत्र नारायण दोहरे उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी कूसेपुरा थाना रामपुरा एवं अमन उम्र 18 बर्ष पुत्र राजेश निवासी रामपुरा व अमन का भाई घायल हो गए। घायलों को ई-रिक्सा पर लिटाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा पहुंचाया गया जहां जयप्रताप तथा अमन को सिर में चोट लगने के कारण गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद एम्बुलेंस से जिला अस्पताल उरई रेफर किया गया है वही अमन का भाई बिना उपचार कराए घायल अवस्था में ही अस्पताल से चला गया। समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष से घटना की लिखित सूचना संबंधित रामपुरा थाने में नहीं दी गई है।

# जीव और परमात्मा को मिलाने में सेतु का काम करता गुरू: बजरंग

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



**भारतीय व्यवस्था** में गुरु का बड़ा महत्व है। सनातन धर्म में गुरु जीव और परमात्मा के मिलन में सेतु का कार्य करता है। अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने के साथ मनुष्य में संस्कार, आचरण का आधान करते हुए परमतत्व की ओर पहुंचाता है। यह बात अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रदेश महामंत्री महेश पांडेय बजरंग ने गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में साहित्य परिषद की ओर से विवेकानंद कालोनी परिसर में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में कही।

संगोष्ठी में अनेक रचनाकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से गुरु की महिमा का बखान किया। विशिष्ट अतिथि कलार्पण संस्था के प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर नारायण तिवारी ने कहा कि गुरु बनाइए जान के, पानी पीजे छान के। इसके माध्यम से उन्होंने नकारात्मकता में सकारात्मकता तलाशने पर जोर दिया। अश्वनी मिश्र ने कहा कि सुयोग्य गुरु के समुचित मार्ग दर्शन के अभाव में मानव जीवन निष्फल और भटकाव पूर्ण होता है। दुविधा और अज्ञानता के कारण मानव जीवन अपने ध्येय को प्राप्त नहीं कर पाता है। इसलिए जन्म से लेकर मृत्यु तक मनुष्य को निरंतर ज्ञान के समुचित प्रकाश और सतत मार्ग दर्शन के लिए गुरु की आवश्यकता रहती है। इसके अलावा सुरेश चंद्र त्रिपाठी, कवि महेश प्रजापति, कवियत्री प्रगति मिश्रा ने अपनी रचनाओं के माध्यम से गुरु की महिमा का बखान किया।

# पांचों युवतियां बरामद न हुई तो 27 से हिन्दू संगठन करेंगे भूख हड़ताल

- सम्प्रदाय विशेष के युवक भगा ले गये दूसरे सम्प्रदाय की युवतियां
- हिन्दूवादी संगठनों के पदाधिकारियों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

**पिछड़े डेढ़** माह में एक सम्प्रदाय विशेष के युवकों द्वारा दूसरे सम्प्रदाय की पांच युवतियों को भगा ले जाने एवं अब तक एक भी युवती की बरामदगी न होने से हिंदू संगठनों के नेताओं ने सीओ को ज्ञापन देकर घोषणा की है कि यदि 26 जुलाई तक युवती की बरामदगी नहीं होती है तो हिंदू संगठनों के सदस्य 27 जुलाई से तहसील परिसर में क्रमिक भूख हड़ताल एवं अनशन करने को विवश होगें। कोतवाली क्षेत्र में बीते डेढ़ माह में संप्रदाय विशेष के युवक अपने साथ पांच युवतियों को बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। नगर व ग्रामीण में



संप्रदाय विशेष के युवकों द्वारा दूसरे समुदाय की युवतियों को भगाने के बढ़ रहे मामलों को लेकर हिंदू संगठन के नेताओं में नाराजगी पनप रही थी। बीती 14 जुलाई को कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती की शादी थी। लेकिन शादी से पूर्व ही बीती तीन जुलाई को युवती घर से लापता हो गई। जिसके संबंध में पीड़ित भाई ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 13 जुलाई की रात में युवती के पिता की मृत्यु हो गई। बढ़ रही घटनाओं को लेकर 15 जुलाई को हिंदू सगठनों के नेता द्वारिकाधीश मंदिर पर एकत्रित हुए और मौन जुलूस निकालकर तहसील परिसर पहुंचे जहां मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर युवतियों की बरामदगी की मांग की गई थी। ज्ञापन देने एक सप्ताह के बाद भी पुलिस किसी युवती को बरामद नहीं कर पाई है। इससे संगठन के लोगों में नाराजगी पनप रही है। मंगलवार को हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजासिंह सेंगर, गोसंपदा संरक्षण शोध संस्थान के संस्थापक अनिल शिवहरे, मनोज गुप्ता, दिलीप सोनी, बलराम सोनी, हर्षित सोनी आदि ने सीओ रामसिंह को ज्ञापन सोंपकर बताया कि पुलिस इन मामलों में गंभीरता नहीं दिखा रही है। अब तक एक भी घटना का खुलासा नहीं हो सका है। यदि 26 जुलाई तक कार्रवाई नहीं की गई तो वह मजबूर होकर 27 जुलाई से तहसील परिसर में क्रमिक भूख हड़ताल व अनशन पर बैठने को विवश होंगे। वहीं, सीओ ने आश्वासन दिया है कि पुलिस कार्रवाई कर रही है शीघ्र ही युवतियों को बरामद किया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### उधार तेल मांगने पर दबंगों ने युवक की कर दी पिटाई, बचाने आये माता पिता को पीटा, काटी हाँथ की उंगलियां

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** थाना सुबेहा अंतर्गत किरसिया गाँव में उधार तेल मांगने से नाराज़ दबंगों ने युवक की लाठी डंडे से पिटाई कर दी । जानकारी पाकर बीच बराव करने आये माता पिता की भी पिटाई कर दी। यही नहीं धारदार हथियार से हुए हमले में पिता के बाये हाथ की अंगुलियां भी कट गई। युवक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दिया है। वही सीएचसी हैदरगढ़ पर मेडिकल के लिए भेजे गए तीनों का मेडिकल करने के बाद गम्भीर घायल पिता पुत्र को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। गाँव निवासी हरीओम अवस्थी पुत्र दुखहरन ने बताया कि गत21 जुलाई को वह गाँव निवासी सुरई उर्फ संजय पुत्र अंबर सिंह की दुकान पर अपनी गाड़ी के लिए तेल लेने गया था। उधार तेल मांगने पर वह गाली गलौच करने लगा जवाब में मैं भी औकात में रहने की बात कहकर घर चला आया था । हरि ओम ने बताया कि सोमवार की शाम वह जब दौड़ लगाकर वापस लौट रहा था कि तभी सुरई, उनके भाई पवन सिंह, नन्दे व शम्भू सिंह ने लाठी डंडे से हमला बोल दिया। फोन पर सूचना पाकर आये पिता दुखहरन व माता ललिता देवी की भी पिटाई कर दी।

### युवक ने किशोरी को बहला फुसला का भगाया फिर गांव के बाहर छोड़कर हुआ फरार

**जैदपुर बाराबंकी।** गांव का दामाद एक गांव की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया। बाद में डरी सहमी 15 वर्षीय लड़की को गांव के बाहर छोडकर भाग गया। पीड़ित के पिता ने थाना जैदपुर में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव? का? है जहां के निवासी ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विमल नामक व्यक्ति जो गढी जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी का रहने वाला उसकी ससुराल हमारे गांव की है।दमाद होने के चलते गांव में उसका अक्सर आना जाना होता था।जो मेरी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। जिसकी काफी तलाश भी की गयी। दिनांक 16-7-2024 को विपक्षी मेरी पुत्री का गांव के बाहर छोड़कर फरार हो गया।जिसे लेकर नाबालिक पुत्री काफी भयभीत है।जैदपुर पुलिस द्वारा आरोपी विमल के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

### किशोरी को भगाने वाला भेजा गया जेल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 4 दिन पूर्व किशोरी को भगा ले जाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया है।पुलिस ने अपहृत किशोरी को परिजनों के हवाले कर दिया है। तीन दिन पहले एक गांव निवासी अनुसूचित जाति के पीड़ित पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को युवक अनुपम मिश्रा अपहृत कर लें गया है।पुलिस ने मंगलवार को किशोरी के साथ आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की हैं।

### विद्यालय के स्मार्ट क्लास को चोरों ने बनाया निशाना

**मसौली बाराबंकी।** बीती रात्रि अज्ञात चोरो ने प्राथमिक विद्यालय मुश्कीनगर के कार्यालय एव स्मार्ट क्लास का ताला तोड़ कर कीमती सामान उठा ले गये विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने सफदरगंज थाने मे चोरी की तहरीर दी है। प्रधानाध्यापक सुरेश चंद्र ने बताया कि सोमवार को नित की भांति स्कूल बंद होने के बाद सभी कमरों मे तला बंद कर घर गया था मंगलवार की सुबह स्कूल पहुंचे प्रधानाध्यापक सुरेश चंद्र को कार्यालय एव स्मार्ट क्लास का ताला टूटा मिला तथा स्मार्ट टी वी , इन्वर्टर, बैटरी,चार्जर सेटअप बाक्स आदि गायब मिले। प्रधानाध्यापक सुरेशचंद्र सफदरगंज पुलिस को चोरी की तहरीर दी है।

### पल्हरी बाजार से बाइक हुई चोरी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** थाना सफदरगंज क्षेत्र के पल्हरी बाजार से मोटरसाइकिल हुई चोरी पीड़ित ने थाना सफदरगंज पुलिस से शिकायत किया है। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के शहरी निवासी मोहम्मद कलाम पुत्र अब्दुल सलाम अपनी मोटरसाइकिल ह्रश्च 41 4986 सुपर स्पलेंडर से जो कि पुत्र गुलाम मोहम्मद के नाम से है सुबह करीब 9 बजे उसे लेकर पल्हरी बाजार थाना सफदरगंज प्लाट देखने आया था। गाड़ी सड़क के किनारे पुलिया के पास खड़ी कर दिया था।और प्लाट देखने चला गया। वापस आने पर जिस स्थान पर गाड़ी खड़ी की थी उस स्थान पर गाड़ी नही मिली। जिसके बाद पीड़ित ने 112 व थाना सफदरगंज पुलिस से शिकायत किया है।

### किशोरी व युवती को फुसलाकर युवक ले भागे

**जालौन (उरई)।** अलग अलग स्थानों से एक किशोरी और एक युवती को युवक द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाने की शिकायत परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी बाबा ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय नातिन को गांव कें ही युवक मिथुन ने बहला फुसलाकर अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। सोमवार की शाम नातिन गांव में जाने की बात कहकर निकली थी। तभी मिथुन व उसके परिजन राहुल, रतन व ऊषा उसे अपने साथ ले गए। वहीं से वह उनकी नातिन को भगाकर अपने साथ ले गए। उधर, कोतवाली क्षेत्र निवासी एक पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री रात में घर पर सो रही थी। सुबह करीब साढ़े पांच बजे अरशद उनकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने किशोरी व युवती की सकुशल बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है।

### बच्चों के विवाद में महिला से की मारपीट

**जालौन (उरई)।** बच्चों के विवाद में गांव के एक व्यक्ति ने महिला के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम काशीपुरा निवासी प्रवेश देवी ने पुलिस को बताया कि उनके गांव ही सियाशरण ने उनके बच्चे को अकारण ही मार दिया था। जब उसने इसकी शिकायत सियाशरण से की तो वह गाली, गलौज करने लगा। मना करने पर मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है।

### शौचक्रिया जा रहे ग्रामीण को तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने रौंदा

**कालपी (जालौन)।** मंगलवार हाईवे पार कर शौचक्रिया को जा रहा व्यक्ति हादसे का शिकार हो गया। उसे तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी थी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है।

**बजट प्रतिक्रिया** — आम जनमानस ने प्रक्रियाओं में कहा मध्यवर्गीय लोगों की पहली जरूरत है रोजगार

# आम बजट ने मध्यम वर्ग को रोजगार और आर्थिक मजबूती की दिखाई उम्मीद

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

- बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से ही देश में कायम होगी खुशहाली

**देश और** प्रदेश के बजट से आम आदमी का कितना क्या जीवन प्रभावित होता है इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जैसे ही आम बजट को पारित करने की प्रक्रिया शुरू होती है वैसे-वैसे आम और खास सभी का ध्यान इस बात पर केंद्रित हो जाता है कि इस बार सरकार का उनको लेकर क्या प्लान है वह कौन-कौन सी व्यवस्थाएं हैं जो उन्हें आर्थिक तौर पर प्रभावित कर सकती हैं मंगलवार को देश का आम बजट पारित हुआ और विभिन्न टीवी चौनल समाचार पत्र तथा सोशल मीडिया पर बजट को लेकर आम और खास सभी को जानकारियां हुई। अब आम आदमी का मौजूदा बजट को लेकर क्या कहना है इसे लेकर जब लोगों से उनकी प्रतिक्रियाएं ली तो एक तस्वीर स्पष्ट होती है कि यह बजट इस बार मध्यम वर्ग के लोगों के लिए रोजगार के साथ-साथ आर्थिक मजबूती दिलाने वाला लोग मानकर चल रहे हैं। बीए प्रथम वर्ष के छात्र सत्यम गुप्ता का कहना है कि देश की सरकार ने रोजगार को अहमियत देते हुए इस बजट में बड़े स्तर पर धन राशि आवंटित करने का जो घोषणा की है उससे बेरोजगार छात्रों को स्वावलंबन की दिशा में काफी मदद मिलेगी मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा को बढ़ाया जाना भी छोटे-छोटे व्यवसाईयों के लिए मददगार साबित होंगे। दुकानदार अभिनव भी इस बजट को लेकर पूरी तरह से इस बात की पुष्टि करते हैं कि यह बजट छोटे व्यवसाईयों के लिए काफी सकारात्मक साबित



होगा। घरेलू महिलाएं भी इस आम बजट को लेकर कहती है कि उनका वास्ता तो उन सब चीजों से रहता है जो घर के बजट को बनाती और बिगड़ती हैं फ्लिहाल तो सरकार ने इस बजट में महंगाई को थोड़ा सा ध्यान में रखते हुए इस बात का पूरा-पूरा प्रयास किया है कि घरेलू उपयोग की वस्तुओं के दामों में कोई बड़ा बदलाव न लाया जा सके श्रीमती सुशीला देवी राधा देवी कहती है कि बजट उनके लिए सकारात्मक ही है शिक्षक दुर्गेद्र राधा रमन की अपनी राय में इस बजट में सरकार ने मध्यम वर्ग की लोगों को रहता ही पहुंचाई है जो की एक अच्छे बजट का प्रतीक है देश की अधिकांश जनता जब आर्थिक रूप से मजबूत रहेगी तो देश का भी सर्वांगीण विकास होगा कुल मिलाकर शिक्षक वर्ग भी आम बजट से मिली जुली अपनी राय रखता है फ्लिहाल जो भी हो लेकिन जिस तरह से आम आदमी की बजट को लेकर प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं उनसे तो साफ जाहिर होता है कि यह आम बजट जनता के लिए हितकर ही है।

### नौकरी पेशा कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए बेहद निराशाजनक बजट

उरई। सर्वजन हिताय संरक्षण समिति की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रीना त्रिपाठी ने बजट को नौकरी पेशा कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए बेहद निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों और शिक्षकों को बहुत उम्मीद थी कि बजट में पुरानी पेंशन बहाली की बात होगी, 8वें वेतन आयोग की बात होगी, कोरोना काल में जब्त किए गए 18 महीनों के मंहगाई भत्ते की बात होगी, केन्द्र सरकार में लाखों रिक्त पड़े पदों को भरने की बात होगी, आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करने की बात होगी, 50 प्रतिशत महंगाई भत्ते को मूल वेतन में जोड़ने की बात होगी किन्तु बजट में इन बातों का उल्लेख भी न होना कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए बेहद निराशाजनक है। इनकम टैक्स में पुरानी व्यवस्था में कोई राहत नहीं दी गई है और पुरानी व्यवस्था में स्टैंडर्ड डिडकसन भी नहीं बढ़ाया गया है। नई व्यवस्था में मात्र 17500 रुपए प्रति वर्ष का लाभ है जो अत्यधिक कम है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर कर्मचारियों को बजट से निराशा हाथ लगी है।

### शराब के नशे में युवक ने परिजनों के साथ की मारपीट

**जालौन (उरई)।** शराब के नशे में युवक ने परिवार के लोगों के साथ ही गाली गलौज व मारपीट कर दी। पीड़ित वृद्ध पिता ने डायल 112 को फोन किया लेकिन पुलिस के आने से पहले ही युवक वहां से भाग गया। पीड़ित पिता ने सीओ को शिकायती पत्र देकर पुत्र के खिलाफकार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह बजरिया निवासी 80 वर्षीय वृद्ध सुलेमान ने सीओ को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके पुत्र बबलू का लगभग 4 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। विवाह के बाद से पुत्र व पुत्रवधू उन्हें परेशान कर रहे हैं। आए दिन घर में झगड़ा करते हैं। अक्सर शराब पीकर घर आ जाता है और शराब के नशे में गाली-गलौज करता है। जिससे घर का माहौल खराब हो रहा है। सोमवार की रात वह नशे में घर आया और घर के सदस्यों के साथ गाली, गलौज करने लगा। जब उन्होंने मना किया तो मारपीट कर दी।

# फसल बीमा कराओ, सुरक्षा कवच पाओ

> 31 जुलाई तक जनपद के सभी किसान अपनी फसल का बीमा अवश्य करा लें

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी किसान भाई अपनी खरीफ फसल का बीमा जरूर करा लें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत 2023 में जनपद में कुल 24106 कृषकों ने अपनी फसल का बीमा कराया दावों उपरान्त 20400 कृषकों को बीमा की धनराशि दी गयी। कहा कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) को संचालित किया गया है। इस फसल बीमा योजना से किसान भाई खरीब फसल की सुरक्षा कवच प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य है। कि प्राकृतिक आपदाओं से अनुसूचित क्षेत्र में बोई गई अधिसूचित फसल को बीमा कवर प्रदान करना, कृषि में उन्नत तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा देना, आपदा वर्षों में कृषि आय को स्थिर रखना है। प्राकृतिक आपदा व अन्य कारणों से किसानों की फसलें खराब हो जाती हैं। जिसे देखते हुए सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चलाई है। इसके तहत किसान फसल का बीमा कराते हैं। यदि उनकी फसल आपदा की वजह से खराब होती है तो बीमा कंपनी उसका मुआवजा देती है। उन्होंने कहा कि किसान भाई फसल नुकसान के संबंध में टोल फ्री नंबर 14447, संबंधित बैंक शाखा, कृषि/उद्यान विभाग



बैठक में जानकारी देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

कार्यालय, क्राप इंश्योरेंस ऐप में सूचित कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस समय खरीफ की फसल जैसे धान, मक्का, बाजरा,ज्वार, उड़द, तिल,अरहर, मूंगफली आदि अधिसूचित फसल में शमिल कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ 2024 के अंतर्गत जनपद कन्नौज में धान की बीमित राशि 98400 एवं कृषक प्रीमियम राशि 1968 रु, मक्का की बीमित राशि 67600 व कृषक प्रीमियम राशि 1352, बाजरा की बीमित राशि 43700 व कृषक प्रीमियम राशि 874 एवं तिल फसल की बीमित राशि 27200 व कृषक प्रीमियम राशि 544 है। उन्होंने बैंक व कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, किसानों को फसल बीमा कराने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किए जाएं। उन्होंने कहा कि संबंधित बैंक शाखा, जन सेवा केंद्र, भारत सरकार के पीएमएफबीवाई पोर्टल, क्रियान्वयक अभिकरण के अधिकृत बीमा मध्यस्थध् कार्यालय से बीमा करा सकते हैं एवं पूर्ण जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। बीमा कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक खाता संबंधी प्रपत्र, भूमि स्वामित्व संबंधी प्रपत्र, बटाई प्रमाण पत्र, फसल बुवाई का प्रमाण पत्र (स्वसत्यापित) एवं मोबाइल नंबर आवश्यक है। बैठक के दौरान कृषि उप निदेशक प्रमोद सिरोही, जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक एचडीएफसी एर्गो कमल तिवारी, जिला प्रबंधक मयंक शर्मा सहित संबंधित बैक अधिकारी रहे।

# दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

> आरसेटी तिर्वा में आधा सैकड़ा प्रशिक्षुकों ने लिया प्रशिक्षण

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**इंडियन बैंक** आरसेटी तिर्वा में मंगलवार को 10 दिवसीय बकरी पालन शिविर का समापन हुआ। इस दौरान संस्थान के निदेशक केशव बाजपेई ने सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम के दारौन संस्थान के निदेशक ने कहा कि आरसेटी तिर्वा से प्रशिक्षण लेकर सभी स्वाबलंबी बन सकते है। उन्होने कहा कि यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद प्रशिक्षार्थियों को अपना रोजगार स्थापित करने के लिए



प्रशिक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र सौपते निदेशक केशव बाजपेई

इंडियन बैंक द्वारा ऋण भी दिया जाता है। जिससे प्रशिक्षुकों को आर्थिक समस्याओं का भी सामना न करना पड़ा। उन्होने सभी को प्रशस्ति पत्र सौंपकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर दीपक द्विवेदी, शशि कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## एक्सप्रेस-वे पर अनियन्त्रित होकर पलटी कार, चार घायल

**तिर्वा।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के पचोर गांव के निकट आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार की सुबह एक कार अनियन्त्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चारो घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। अम्बेडकर नगर जनपद के जलालपुर निवासी विक्की (28), राजेन्द्र (24) पुत्र रामलौटन व गोलू (21) पुत्र अमरजीत एवं सहारनपुर के मच्छरछेड़ी निवासी सौरभ (21) पुत्र जगदीश कार में सवार होकर दिल्ली से लखनऊ जा रहे थे। मंगलवार की सुबह जब उनकी कार एक्सप्रेस-वे पर तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के पचोर गांव के सामने पहुंची, तभी अचानक कार अनियन्त्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में कार सवार चारो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही यूपीडा कर्मी मौके पर पहुंचे। सभी को कार से बाहर निकालकर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उनका उपचार किया जा रहा है।

## पीड़ित ने कोतवाली में दिया लिखित प्रार्थना पत्र

**छिबरामऊ कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर चौकी के अंतर्गत ग्राम जगतपुर निवासिनी रेनू शर्मा पत्नी प्रमोद शर्मा ने कोतवाली में लिखत प्रार्थना पत्र में कहां है कि गांव के ही मोनू शर्मा पुत्र विजय शर्मा आए दिन गाली गलौज मना करने पर मारपीट पर आमादा हो जाते हैं धमकी भी देते हैं कि तुम्हारी पुत्री जो सिकंदरपुर पढ़ने के लिए जाती है उसको भी परेशान करते हैं प्रभारी निरीक्षक से अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की समाचार लिखे जाने तक अभियोग दर्ज नहीं हो सका।

## मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गाँव अचारिया वाकरपुर निवासी प्रवेश कुमार उम्र 24 वर्षीय पुत्र दयाशंकर व उनके पड़ोसी रिश्तेदार जय प्रकाश उम्र 28 वर्षीय पुत्र अजब सिंह मार्ग दुर्घटना मे घायल हो गये। आसपास के लोगो की मदद से दोनो घायलो को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

## शेखपुर के ग्रामीण ने क्षेत्रीय लेखपाल के ऊपर लगाए गंभीर आरोप दिया लिखित प्रार्थना पत्र

**छिबरामऊ कन्नौज।** शेखपुरा निवासी अनुज त्रिपाठी पुत्र अनिल कुमार त्रिपाठी ने संपूर्ण तहसील समाधान दिवस पर समाधान अधिकारी संबोधित लिखित प्रार्थना पत्र दिया संपूर्ण तहसील समाधान दिवस पर शेखपुर निवासी अनुज कुमार तिवारी ने अपने प्रार्थना पत्र में कहां है कि क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा प्रधानमंत्री आवास मुख्यमंत्री आवास सरकारी खाद के गद्दा चक रोड नाली पर बनवा दिए गए हैं उक्त प्रकरण की जांच कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

## बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल श्रम, की रोकथाम पर हुई चर्चा

**उरई (जालौन)।** जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार पोत्सायन के निर्देश के क्रम में जनपद जालौन के डकोर ब्लॉक में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बाल विवाह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया बैठक में ब्लॉक स्तर पर बच्चों के संरक्षण और भागीदारी के अधिकार एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु एजेंडे में निर्धारित बिंदुओं यथा बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल श्रम, की रोकथाम पर चर्चा की गई। मिशन वात्सल्य योजना से संरक्षण अधिकारी जूली खातून के द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारी गणों को महिला कल्याण विभाग के द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं जैसे पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप आदि के संबंध में जानकारी प्रदान कर ग्राम स्तर पर गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की नियमित बैठक कराकर गांव समुदाय में कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को चिन्हित कराया जाने का अनुरोध किया गया जिससे उनको उक्त कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर समाज के मुख्य धारा में जोड़ा जा सके।

# शिक्षकों की अनियमितता से अभिभावक परेशान, समय से नहीं पहुँच रहे शिक्षक

> लोगों में चर्चा, तभी शिक्षक कर रहे ऑनलाइन अटेंडेंस का विरोध

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**नौनिहालों को** साक्षर बनाने के लिए सर्वशिक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र एवं छात्राओं को किताबें, ड्रेस व एमडीएम मुफ्त में दिया जाता है। इस व्यवस्था में सरकार का प्रतिमाह करोड़ों रुपये खर्च हो रहा, लेकिन शिक्षकों की लापरवाही से कई परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था बेपटरी हो गई है। इससे नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। इससे बच्चों का भविष्य चौपट हो रहा है। साथ ही शासन की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। कस्वा क्षेत्र में कई परिषदीय विद्यालय सरकार के द्वारा संचालित है। जिसमे ग्रामीण आँचल से आने वाले





प्रा. वि. द्वितीय में जानकारी देने से मना करते शिक्षक दीपक व प्राथमिक विद्यालय तरपुरवा में झाड़ू लगाते छात्र

गरीब बच्चे पढने आते है। लेकिन अध्यापक उनके हौसले को तार तार करने में लगे हुए है। शिक्षको की लापरवाही छात्रों के भविष्य पर हावी पड़ रही है। मामला जलालाबाद में स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय का है। जहाँ पर शिक्षक अपनी मनमानी से विद्यालय का संचालन कर रहे कभी समय से आना या न आना उनकी मर्जी के ऊपर निर्भर करता है। ट्रेन से आना और बापस उससे ही चले जाना उनकी इतनी ही ड्यूटी बनी हुई है। ग्रामीण पप्पू, दिनेश व अन्य कई अभिभावकों ने बताया कि शिक्षक समय से नहीं आते है। जिससे उनके बच्चों की शिक्षा पर काफी असर पड़ रहा है। प्रतिनिधि के विद्यालय पर पहुँचने के समय सिर्फ तीन शिक्षक मौजूद मिले। जिसमें दीपक सिंह, बरखा सिंह सहायक अध्यापक व शिक्षा मित्र गीता मौजूद मिली। जब इंचार्ज प्रधानाध्यक के बारे में जानकारी लेनी चाही तो मास्टर साहब आगबबूला हो गये जानकारी देने से मना करने लगे। फिर बताया कि वह छुट्टी पर है। विद्यालय में पाँच अध्यापक पर सिर्फ 85 छात्रों के नाम दर्ज हुए है। जो कि शिक्षक और छात्र के अनुपात समानुपात से काफी कम है। इस सम्बन्ध में जब खंड शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र वर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि मुझे इंचार्ज प्रधानाध्यापक शिखा सोनकर की छुट्टी के बारे में कोई जानकारी नही है। अगर ऐसा कुछ पाया जाता है। तो इस पर जाँच की जाएगी। वही दूसरी ओर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तरपुरवा में मौजूद शिक्षक छात्रों से विद्यालय परिसर में झाडू लगवाते हुए नजर आए और उनसे पानी भरवाने का कार्य भी करवाया जा रहा था। विद्यालय के समय अन्य शिक्षिका विद्यालय में मौजूद रहने के समय तक नही पहुँची थी। जब इंचार्ज प्रधानाध्यापक से ऑनलाइन उपस्थित के बारे में बात की तो उन्होंने बताया कि ऑनलाइन उपस्थिति बंद चल रही है। समय से न आने वाले शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करते हुए नजर आ रहे है। समय से लापरवाही की बजह से छात्र परिषदीय विद्यालय में जाने के लिए तैयार नही हो रहे है

# दरवाजे पर खड़ी स्कूटी व बाइक चोरी

**कालपी (जालौन)।** घर के दरबाजे पर खड़ी दो भाईयो की स्कूटी और बाईक चोरी हो गई। पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। नगर क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाएं कोई नई नहीं है बल्कि अक्सर ही चोर हाथ साफकरते रहते हैं और अब फ्रि सोमवार की रात नगर के मुहल्ला कागजीपुरा से एक स्कूटी और एक बाईक गायब हुई है। मंगलवार को मुहल्ला निवासी धर्मेन्द्र सिंह पुत्र सुल्तान सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र के माध्यम से जानकारी दी है कि सोमवार रात उसने अपनी स्कूटी यूपी 92 जेड 8350 तथा भाई हीरा सिंह ने अपनी हीरो स्पेलन्डर बाईक संख्या यूपी 92 ए एम 4604 घर के दरवाजे पर लाक लगाकर खड़ी की थी और सो गया था सुबह जब जागा तो दोनों गायब थी । इस दौरान उसने अपने वाहनों की तलाश भी की लेकिन कही पता नहीं चला है।

# मांगों को लेकर सिंचाई विभाग इंजीनियर संघ ने काली पट्टी बांध किया विरोध प्रदर्शन

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार को** बेतवा नहर सिचाई संघ के जूनियर इंजीनियरों ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर कार्यालय के सामने काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया।

सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियरों ने मंगलवार को अधिशाषी अभियंता कार्यालय बेतवा प्रखंड के सामने एकजुट होकर सरकार की विषमताओं को दूर करने और अपनी मांगों को लेकर सरकार की नीतियों का विरोध काली पट्टी को बांध कर करते हुऐ बताया की हमारे साथ शासन की जो नीति है उसमें हमारी कुछ मांगे है। जैसे जूनियर इंजीनियर के सभी सेवा संबधित प्रकरण की यथा पदोन्नती, स्थाई करण, ज्येष्ठता निर्धारण, पूर्व विभाग की सेवा जोड़ना, विकलांगता दर्ज कराना, चरित्र पंजिका पूर्ण कराना जैसी मांगो को पूर्ण




कराने को लेकर विरोध जताया। साथ ही बताया की अगर हमारी मांगे नहीं मानी जाती है तो हम सभी इंजीनियर संघ के लोग सिंचाई मंत्री से लेकर विभाग के प्रमुख अभियंता कार्यालय जाकर अनिश्चित कालीन धरना करने पर विवश होंगे। इस मौके पर इंजीनियर संघ के अध्यक्ष शिवशंकर, अतिरिक्त महाचिव हेमंत रावत संगठन प्रचार सचिव आशीष वर्मा, सचिव हितेंद्र प्रजापति, इंजीनियर संजय रजक, शैलेन्द्र कुमार, सुमन कुमार, दीपक चौहान, किसन पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## नाली में कूड़ा डालने से मना किया तो दबंगों ने पिता-पुत्र को धुना

**जगम्मनपुर (जालौन)।** नाली में कूड़ा डालकर अवरोध करने से मना करने पर दवंग पड़ोसियों ने पिता पुत्र की लाठी डंडों से जमकर धुनाई कर दी। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम महमूदपुर हिम्मतपुर निवासी दिनेश बाबू दोहरे ने थाना रामपुरा में प्रार्थना पत्र देते हुए अपने गांव के ही निवासी प्रदीप दोहरे पुत्र पूरन दोहरे व शिवराज सिंह उर्फ सोनू पुत्र मुन्नीलाल दोहरे पर लाठी डन्डा से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपी प्रदीप के परिजन घर के बाहर नाली में घर का कूडा डालकर उसे अवरुद्ध कर देते हैं जिससे पानी की निकासी नहीं हो पाती है। नाली में कूडा डालने से मना करने पर पहले महिलाओं-महिलाओं में तू-तू मैं-मैं हुई बाद में शाम लगभग 08 बजे अपने घर की महिलाओं के कहने में आकर उनका पक्ष ले प्रदीप दोहरे एवं सोनू दोहरे लाठी डंडा लेकर आ गए और घर के बाहर खडे दिनेश बाबू दोहरे की मारपीट करने लगे।

# एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**पुलिस अधीक्षक** अमित कुमार आंनद द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकारनाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में थाना सौरिख पुलिस द्वारा 01 नफर वारन्टी अभियुक्त इन्द्रजीत पुत्र पातीराम निवासी ब्राहिमपुर नगरिया थाना सौरिख जनपद कन्नौज उम्र करीब 23 वर्ष , को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# आर्य कन्या कालेज में शिक्षण कार्य ताक पर, गिद्ध दृष्टि 70 लाख पर

> आर्य कन्या प्रबंध समिति विवाद में आया नया मोड़

**कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**आर्य कन्या** पाठशाला इंटर कॉलेज कालपी में शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के नियमों को ताक पर रखकर तथा कथित प्रबंध समिति को कार्य करने का अवसर देकर के शिक्षा अधिनियम तथा भारतीय संविधान का खुला उल्लंघन करने से नहीं चूक रहे हैं। इसी के साथ इंटर कालेज में बर्चस्व को लेकर चल रहा विवाद नये मोड़ पर पहुंच गया है। सूत्रों की मानें तो कालेज में चल रहे विवाद के पीछे कालेज फंड में लगभग 60 से 70 लाख रुपये हैं उसी को लेकर विवाद दर विवाद चला आ रहा है।

आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज कालपी के पूर्व प्रबंधक नरेंद्र कुमार तिवारी ने संयुक्त शिक्षा निदेशक झांसी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद जालौन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा की शिक्षा विभाग के नियमों को ताक पर रखकर मनमानी पूर्ण ढंग से बिना वैधानिक ढंग से किए गए निर्वाचन के केवल प्रबंधक को मान्यता देकर के माननीय हाई कोर्ट के आदेशों का भी उल्लंघन किया है। उन्होंने बताया कि तथा कथित प्रबंध समिति का चुनाव जून 2022 में फर्जी ढंग से कराया गया था इस चुनाव में हुई गड़बड़ियों को देखते हुए जिला विधायक निरीक्षक जनपद जालौन ने चार-पांच बार संयुक्त शिक्षा निदेशक झांसी को पत्र लिखकर अवगत कराया की श्रीमती प्रीति जेटली द्वारा गठित प्रबंध समिति शिक्षा विभाग के नियमों के तथा प्रशासन योजना की विपरीत है ऐसी स्थिति में आप मार्गदर्शन करें कि हमें क्या करना चाहिए लगभग डेढ़ 2 साल के बाद अचानक संयुक्त शिक्षा निदेशक ने एक पत्र के जरिए जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेशित कर दिया की श्रीमती प्रीति जेटली को प्रबंधक मानते हुए उनके हस्ताक्षर प्रमाणित करें संयुक्त शिक्षा निदेशक केशिक्षा अधिनियम के विपरीत दिए गए आदेश को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में श्री नरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा रिट संख्या 17 852 दायर करके फर्जी ढंग से कराए गए निर्वाचन तथा फर्जी ढंग से दी गई मान्यता को तत्काल रोक लगाने का अनुरोध किया गया कोर्ट में मामला अभी भी विचाराधीन है। पूर्व प्रबंधक नरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया की 2007 में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में मेरिट पर जिसका नंबर 33592 है में स्पष्ट आर्डर किया है कि जब तक न्यायालय यह तय न कर दे कि निर्वाचन कौन कराएगा तब तक सभी पक्षों को निर्वाचन की कार्रवाई से रोका जाता है यह आदेश आज भी प्रभावी है लेकिन शिक्षा विभाग को मेरी तरफसे भी लिखित रूप में सूचित करने के बावजूद भी माननीय न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करते हुए संयुक्त शिक्षा निदेशक झांसी में कोई बड़ा लाभ लेकर फर्जी ढंग से गठित प्रबंध समिति को मान्यता देने का दुरुपयोग किया है।

**अभियान** | 10 अगस्त से 2 सितंबर तक चलेगा अभियान, घर-घर जाकर किया जाएगा जागरूक

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में स्वास्थ्य कर्मियों का करें सहयोग: डॉ. कनौजिया

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**क्षेत्र के** अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में फाइलेरिया मुक्ति अभियान को सफल बनाएं जाने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को दवा सेवन कराए जाने के उद्देश्य से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ वी.के कन्नौजिया की अध्यक्षता में जनजागरुकता कार्यक्रम के तहत समस्त कृषि वैज्ञानिक एवं किसानों की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में पी0सी0आई संस्था के जिला समन्वयक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि फाइलेरिया एक असाध्य रोग है। जब कोई व्यक्ति फाइलेरिया रोग से संक्रमित हो जाता तो आगे चलकर यह बीमारी विकलांगता का रूप धारण कर लेती है। और उस व्यक्ति का जीवन कष्ट मय हो जाता है। इस रोग का वाहक मादा क्यूलेक्स नामक मच्छर होता है जो फाइलेरिया रोग से संक्रमित व्यक्ति को काट लेता है और संक्रमित व्यक्ति का काटते समय खून चूस लेता है। उसके पेट में खून के साथ ही संक्रमित व्यक्ति



के परजीवी पहुंच जाते है। फिर यह मच्छर रात के समय व्यक्ति को काटता है और उस व्यक्ति को संक्रमित कर देता है। फाइलेरिया रोग को आम बोलचाल की भाषा में हाथीपांव के नाम से भी जाना जाता है। इस रोग के निम्न लक्षण होते है जैसे- हाथ-पैर में सूजन आ जाना, महिलाओं के स्तन में सूजन आ जाना, हाइड्रोसील हो जाना इन लक्षणों में हाइड्रोसील का तो इलाज संभव है। अन्य लक्षण हो जाने पर यह लाईलाज हो जाता हैं। एम.डी.ए अभियान के दौरान दवा सेवन ही इस रोग को होने से बचा सकती हैं । इसलिए इस रोग से मुक्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम के प्रतिनिधियों के द्वारा 10 अगस्त से 2 सितंबर तक अभियान चलाकर घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए दवा का सेवन निशुल्क कराएगी यह दवा साल में एक बार ही खानी है। लगातार पांच वर्ष तक दवा का सेवन करने से फाइलेरिया रोग से पूर्ण बचाव किया जा सकता हैं। डॉ वी.के कनौजिया ने कहा कि सभी कर्मचारी एवं किसान एमडीए कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की टीम का ग्रह भ्रमण के दौरान सहयोग करें। डॉ पूनम सिंह के द्वारा शपथ ग्रहण भी दिलाई गई।

# बजट में फिर से किसानों के हाथ खाली

- एमएसपी गारंटी कानून का जिक्र नहीं हुआ
- डबल आय की घोषणा हुई हवा हवाई साबित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**इस बार** के बजट में किसानों के हाथ पूरी तरह खाली हैं। ऐसा लगा कि वित्त मंत्री के बजट में किसानों को जानबूझकर नजरंदाज किया गया है। बजट में न तो एमएसपी की गारंटी के लिए कानून पर कोई बात हुई, न ही किसान सम्मान निधि का जिक्र किया गया। इसमें बढ़ोतरी की बात तो छोड़ ही दीजिए। स्वामीनाथन रिपोर्ट से सरकार इस तरह दूर भागती है जैसे अंधेरे में किसी को भूत नजर आ जाए। विभिन्न किसान संगठन, दोबारा से दिल्ली आने की तैयारी कर रहे हैं।

नवाबगंज बबना के किसान युनुस खान का कहना है कि क्या सरकार ये मान रही है कि किसान की औसतन आय 27 रुपये प्रतिदिन से बढ़कर हजारों रुपये हो गई है। आम बजट में किसानों की आय डबल करने के मामले में केंद्र सरकार मौन रही है। मौजूदा परिस्थितियों में किसानों की आर्थिक दशा कैसी है, इस बारे में वित्त मंत्री ने कुछ नहीं कहा। साल 2016 में सरकार ने यह घोषणा की थी कि अगले पांच साल में किसानों की आय डबल हो जाएगी। अब 2024-25 का बजट पेश हो गया है। इसमें कम से कम इतना तो बता देते कि डबल आय की घोषणा अभी कहां तक पहुंची है। इस घोषणा के पूरा होने में अभी कितने वर्ष और लगेंगे। नवाबगंज बरतल निवासी संजीव कुमार कश्यप ने कहा कि वित्त मंत्री ने अपने बजट में किसानों की स्थिति को लेकर कुछ नहीं कहा। वे रिसर्च और उत्पादन पर बात कर रही हैं। किसानों को उनकी फसल का सही दाम कैसे मिले, इस पर वे मौन हैं। पिछले कुछ वर्षों के बजट में सरकार झूठा ही सही, मगर दिलासा तो देती थी। इस बार तो वह भी नहीं है। दरअसल सरकार ने बजट में किसानों पर ध्यान ही नहीं दिया है। दो साल पहले के कुल बजट में कृषि क्षेत्र का हिस्सा 3.84 प्रतिशत रहा था। उसके बाद वह हिस्सा यानी 2023-24 में 3.20 फीसदी हो गया। इस बार 3.17 प्रतिशत पर बात अटक गई। यह शेयर लगातार घट रहा है। किसान देवेंद्र सिंह राजपूत निवासी नगला हीरा सिंह ने कहा है कि इस बजट से ऐसी उम्मीद थी कि किसान सम्मान निधि के तहत दी जाने वाली राशि में कुछ बदलाव होगा। बजट सुनकर ऐसा लगा कि जैसे किसानों की सारी समस्याएं खत्म हो गई हो। अब एमएसपी की गारंटी के कानून के लिए बड़ा आंदोलन होगा। सरकार ने पौने तीन साल पहले यह बात कही थी कि किसानों को एमएसपी की गारंटी मिलेगी। इसे कानूनी दर्जा मिलेगा। उसके बाद से सरकार इस बाबत कुछ नहीं बोल रही। उन्होंने कहा कि बजट से कृषक समाज पूरी तरह निराश है। सरकार, किसान आंदोलन से पहले वाली जिद पर ही अड़ी है। अब तो केंद्रीय बजट में भी सरकार की मंशा नजर आ गई है। किसानों को दोबारा से आंदोलन की राह पकड़नी पड़ेगी। सरकार ने अपने बजट में किसानों के लिए एमएसपी के गारंटी कानून पर मौन धारण कर लिया।



किसान युनुस खान



किसान संजीव कुमार कश्यप



किसान देवेंद्र सिंह राजपूत

# रिक्शा चालक की ट्रेन से कटकर मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज**

**रिक्शा चालक** की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लुकटपुरा निवासी ओमप्रकाश के 35 वर्षीय पुत्र रंजीत उर्फ रिंकू की बीती रात्रि ट्रेन से कटकर मृत्यु हो गई। जिसकी जानकारी रेलवे मेठ द्वारा दी गई कि कोई अज्ञात व्यक्ति पोल संख्या 1307/7 व 1307/8 के बीच आकर कट गया है। पड़ोस के गांव नगला अमृत के ग्रामीण सुबह जब शौच के लिए गए तो देखा रंजीत उर्फ रिंकू ट्रेन की चपेट मे आकर कट गया है। लगभग सुबह 5.30 बजे परिजनों को सूचना मिली। रंजीत फर्रुखाबाद में रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था। विवरण के अनुसार रात को रंजीत नशे की हालत में घर से विवाद करके निकल आया था। रंजीत के दो पुत्रों में बड़ा पुत्र सत्यम 4 साल व छोटा पुत्र छोटे लला डेढ़ वर्ष का है। पत्नी अर्चना देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर कोतवाली प्रभारी मनोज भाटी फोर्स के साथ पहुंचे। एसआई चमन सिंह ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



गुमशुम बैठे मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

# नगर पंचायत शमशाबाद कार्यालय पर हुआ मेधावियों का सम्मान

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**नगर पंचायत** शमशाबाद कार्यालय पर उत्तीर्ण मेघावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अथिति के रुप में उप जिला अधिकारी कायमगंज रहे।

नगर पंचायत शमशाबाद कार्यालय पर मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुकी ने मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया। उप जिलाधिकारी द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेघावी छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया। उप जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से वार्ता करते हुए पूछा कि भविष्य में आगे क्या करना है, वर्तमान में क्या तैयारी चल रही है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को भविष्य को संवारने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिक्षा संबंधी ज्ञान दिया और आश्वासन दिया आपको किसी प्रकार की हमसे मदद चाहिए आप हमसे मिल सकते हैं और हमारा प्रयास रहेगा हम आपको हर समय आपकी समस्या का हल करने में खरा उतारे। एसडीम कायमगंज ने जेईई एग्जाम इंजीनियरिंग के बारे में वार्ता की। एमए फारूकी मोमोरियल इंटर कॉलेज शमशाबाद की जोया, आरा, उजेफ आलम, अल्का, ईशा, नाजरीन के अलावा चंद्रकुमारी ज्वाला शंकर रायजादा बालिका इंटर कॉलेज शमशाबाद की सानिया, अलीना, दीक्षा, शिवानी, अलका, अंशिका, सरस्वती ज्ञान मंदिर शमशाबाद के सोनू सक्सेना, शिवानी राजपूत, कुमकुम, कुश शर्मा, अनुरुद्ध, अभिषेक, हनी, प्रयांशु, बाबा राम रक्षपाल अन्नपूर्णा देवी बालिका इंटर कॉलेज शमशाबाद की अलीमा, शालिनी, संगीता, उरूज फारुख, दिशा भारद्वाज, सृष्टि भारद्वाज, एवीइंटर कॉलेज शमशाबाद के दीपक, आयुष राठौर, विकास, कृष्णा गुप्ता, सुमित, ऋषभ आदि छात्र-छात्रायें को सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के गार्जियन भी मौजूद रहे। छात्र-छात्राओं ने सम्मान पाकर उप जिलाधिकारी वह नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि का तालियों के साथ स्वागत कर धन्यवाद दिया।



सम्मानित छात्र-छात्रायें व मौजूद एसडीएम व नदीम अहमद फारुकी

# डीएम ने लोहिया के एनआरसी सेंटर का किया निरीक्षण



भर्ती महिला को बेबी किट देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह ने जिला चिकित्सालय लोहिया में स्थित एनआरसी सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में एनआरसी सेंटर में भर्ती बच्चों को ड्रेस, बेबी जानसन किट, फल व बिस्किट व बच्चों की माँ को साड़ी का वितरण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। सेंटर में कुल 17 बच्चे भर्ती मिले। जिनमें से मंगलवार को 03 बच्चों को सेंटर से डिस्चार्ज किया गया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि यहां भर्ती बच्चों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। एसी आदि सभी दुरुस्त रहने चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अवनींद्र कुमार व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## पुलिस ने बाग लकूला व महरुपुर राबी में दबिश देकर पकड़ी कच्ची शराब





**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला आबकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षकों ने ग्राम बाग लकूला व महरुपुर राबी में दविश देकर करीब 77 लीटर कच्ची शराब बरामद की। इस दौरान तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह एवं क्षेत्र-3 सचिन त्रिपाठी मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम बाग लकूला एवं महरूपुर राबी में दबिश दी। जहां से करीब 77 लीटर कच्ची शराब के पाउच बरामद हुए। जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में लिया। इस दौरान कई लोग पुलिस को देखकर भाग गये। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आबकारी निरीक्षकों ने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा। कच्ची शराब को किसी भी कीमत पर नहीं बिकने दिया जायेगा। इसके अलावा आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया। जहां स्टाक रजिस्टर, ऑनलाइन पेमेंट, सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया। आबकारी निरीक्षकों ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## मौसेरे भाई के यहां रह रहे वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** मौसेरे भाई के यहां रह रहे वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। स्वजनों ने हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। जनपद एटा के थाना जसरथपुर के गांव खानपुर निवासी पचास वर्षीय कृपाराम राजपूत लगभग छः वर्षो से बहबलपुर मिस्तनी निवासी अपने मौसेरे भाई नन्हें के साथ रह रहे थे। कृपाराम की शादी नहीं हुयी थी। कुछ दिनों से वह बीमार चल रहे थे। मंगलवार की बीती रात उनकी हालत बिगड़ गयी। स्वजन आनन-फानन में उन्हें सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्वजन शव लेकर घर चले गए। स्वजनों ने हत्या का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## मन्दबुद्धि लड़की से गलत काम करने की रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** मन्दबुद्धि युवती के साथ गलत काम करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी देवराज सिंह ने अपने गांव के आशीष सिंह, देवेन्द्र सिंह, रुपेन्द्र सिंह, सचिन और नागेंद्र सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि 17.6.2024 को मेरी 16 वर्षीय मन्दबुद्धि पुत्री गांव के रक्षपाल के बाग में आम बीनने गयी थी। वहां पहले से मौजूद आशीष सिंह ने मेरी पुत्री का मुंह बन्द कर पास खड़ी मक्का के खेत में ले गया, तभी गांव के चन्द्रभान सिंह ने देख लिया और उसे ललकारा, तो आशीष मेरी पुत्री को छोड़कर भाग गया। इस शिकायत को लेकर जब मैं आशीष के घर गया , तो नामजद सभी आरोपियों ने मुझे गाली-गलौजकरते हुए थप्पड़ों से मारा और कहा कि झूठा इल्जाम लगा रहा है।

# प्रा0वि0 की बाउंड्रीवाल के पास नगर पंचायत डाल रहा कूड़ा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**प्राथमिक विद्यालय** की बाउंड्री के पास नगर पंचायत द्वारा कूड़ा डाला जा रहा है। जिससे बच्चों में संक्रामक रोग फैलने की संभवना प्रबल हो गयी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय नगला हीरा सिंह की बाउंड्रीवाल के बाहर नगर पंचायत कर्मी नवाबगंज कस्बे का कूड़ा डाल रहे हैं। जिसकी वजह से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। मंगलवार को पड़ोस के लोग भी कूड़े से निकलने वाली गंध से परेशान दिखायी दिये। वहीं कूड़े में मच्छरों के पनपने से मच्छरजनित रोग कभी भी फैल सकते हैं। अवंतीबाई नगर के सभासद कुलदीप राजपूत ने इसकी शिकायत जिला अधिकारी और एडीएम से की है। उन्होंने बताया शासन जहां एक ओर महा संचारी रोग दिवस मना रहा है, वहीं नगर पंचायत सरकार के इस अभियान में पलीता लगाने का काम कर रहा है। बच्चों के अभिभावकों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि विद्यालय के पास से जल्द से जल्द कूड़ा हटवाया जाये।



विद्यालय की बाउंड्रीवाल के पास पड़ा कूड़ा

# कावड़ यात्रा की तैयारियों का एडीजी व आईजी जोन कानपुर ने किया निरीक्षण

- निगरानी हेतु लगाये गये वाच टॉवरों को देखा, बैरीकेटिंग बढ़ाने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कावड़ यात्रा** को लेकर एडीजी जोन कानपुर ने आईजी जोन कानपुर के साथ पांचाल घाट गंगा तट पहुंचकर निरीक्षण किया। उत्तरी घाट पर बेरीकेटिंग बढ़ाने के साथ साथ ही गहराई के स्थान पर चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिये।

मंगलवार को शासन के आदेश पर एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह और आईजी जोन कानपुर जोगेन्द्र कुमार पांचाल घाट पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस प्रशासन की कावड़ यात्रा को लेकर की गयीं सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उत्तरी घाट पर बैरिकेटिंग को और अधिक बढ़वाने के आदेश दिए। एडीजी ने बताया की कावड़ यात्रा को लेकर पुख्ता इंतजाम है। एक फ्लड जल पुलिस को लगाया गया है और किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय गोताखोरों को लगाया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से पुल पर चलती रहे इसको लेकर भी अलग से तैयारी की गई है। दक्षिणी घाट पर लगी बेरीकेटिंग और वॉच टॉवर को देखा। वहां पर पानी गहरा है के बोर्ड बैनर लगे होने पर संतोष जताया। जिले के पुलिस प्रशासन ने निगरानी हेतु वॉच टावर बनाए है। जिन पर 24 घंटे पुलिस कर्मी दूरबीन से लैस रहेंगे। वॉच टावर पर लाउड स्पीकर लगाकर अंनाउस मेंट कर लोगों को सचेत किया जाए। इसके साथ गहरे पानी में जाने से रोकने को बैरिकेटिंग की गई है। चेतावनी बोर्ड लगाए गए है। कावड़ यात्रा के रूट पुल पर जाम नहीं लगे। इसको लेकर भी विशेष इंतजाम किए है। बताते चलें कि यहां पर लखीमपुर खीरी, बाराबंकी सहित काफी दूर से श्रद्धालु गंगा जल भरने आते है। इस दौरान एसपी आलोक प्रियदर्शी, एडीएम सुभाषचंद्र प्रजापति सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



पांचाल घाट पर तैयारियों का जायजा लेते एडीजी व आईजी कानपुर जोन

# डीएम को ग्रामीण अभियंत्रण समेत कई विभाग की रैंक मिली खराब




बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद सीडीओ आदि — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी डॉ** वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डेशबोर्ड पोर्टल आधारित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 27 विभागों की 77 योजनाओं की समीक्षा की गई। सीएम डेशबोर्ड पोर्टल पर जनपद की 55 रैंक है। 31 योजनाओं में जनपद की (ए प्लस) रैंक है। विद्युत विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में 17 घंटे व शहरी क्षेत्र में 21 घंटे आपूर्ति दी जा रही है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की रैंक खराब पाई गई। कृषि विभाग की पी0एम0 कुसुम योजना, डेएनआरएलएम, एम्बुलेन्स 108, दिव्यांग पेंशन, जल जीवन मिशन, पंचायती राज की 15वें वित्त, व्यक्तिगत शौचालय, स्वच्छ भारत मिशन, पर्यटन विभाग, वन विभाग, ओडीओपी, समाज कल्याण की राजकीय पारिवारिक लाभ योजना में जनपद की रैंक खराब पाई गई। बैठक में नेडा द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक शासन से कोई लक्ष्य आवंटित नहीं हुआ है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भाकियू ने समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**जन समस्याओं को** लेकर भाकियू (भानू गुट) ने उपजिलाधिकारी रवेन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गये ज्ञापन में मांग की गयी है कि कंपिल रोड स्थित शकुंतला देवी विद्यालय व अन्य प्राइवेट विद्यालयों में महंगी किताबें, एडमीशन फीस के अलावा महीने में बहुत ज्यादा फीस लगती है। ऐसे में प्राइवेट स्कूल बेटी पढ़ाओ अभियान को ठेंगा दिखा रहे हैं। ऐसे स्कूलों की जांच कराकर मान्यता रद्द की जाये, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नगर पालिका के महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं। नगर पालिका कायमगंज का कर्मचारी नीरज गुप्ता बगैर सुविधा शुल्क लिए मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं देता है। जांच कर उसको पटल से हटाया जाये, कस्बा कायमगंज में विद्युत आने जाने का कोई समय नहीं है। अक्सर सुबह और शाम के समय विदुर लाइनमैन द्वारा शटडाउन ले लिया जाता है पूरे 24 घंटे में मुश्किल से 12 घंटे भी बिजली नहीं मिलती है। रोस्टर के अनुसार पूरे समय विद्युत दी जाए, ग्राम पंचायत लोधीपुर में 50 प्रतिशत फर्जी राशन कार्ड बने हैं जो दुनिया से विदा हो चुके हैं या जिनके पास ट्रैक्टर हैं उनके अंत्योदय राशन कार्ड बने हैं और जिनकी शादी हो गई है गांव छोड़कर चले गए उनकी जांच कर कर ऐसे राशन कार्ड निरस्त किए जाएंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज व शमशाबाद में सरकारी आवासों से अवैध कब्जे हटाए जाएं व दंत चिकित्सक डॉ0 सचिन को आवास उपलब्ध कराया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त है। इनको जनपद में तैनाती के 3 वर्ष से अधिक का समय हो चुका है। उन्हें जिले से हटवाया जाए। डॉ0 विपिन को कायमगंज स्वास्थ्य केंद्र पर उपाधीक्षक पद पर तैनात किया गया है। पूर्व में इसी स्वास्थ्य केंद्र पर बाहर की दवाई लिखने और एक मरीज की हत्या करने के आरोप में मुकदमा कायम है। उन्हें पुनः कायमगंज में बड़ी रकम लेकर तैनात किया गया तत्काल हटाया जाए आदि सहित 12 मांगें शामिल हैं। इस मौके पर जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खां, जिला संगठन सचिव रामवीर, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कुमार, नगर उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, जिला महासचिव प्रताप सिंह गंगवार, जिला संगठन मंत्री अमरीश शुक्ला, बिंदु सिंह गंगवार, अनुज सक्सेन, महिपाल राजपूत, रक्षपाल आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू (भानू गुट) के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# पीएम आवास की आस में आज भी गरीब परिवार पन्नी डालकर रहने को मजबूर

- किसान यूनियन ने पीड़ित परिवारों से मिलकर लिये हालचाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पांचाल घाट** पुल के पास कुछ परिवार आज भी झोपड़ी डालकर रहते है। न ही इनके पास घर है और न ही कुछ भी सरकारी सुविधा मिल रही है। आधार कार्ड होने के बावजूद भी यह लोग विभिन्न सुविधाओं से वंचित है। जहां एक ओर सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना देकर झोपड़ी में रहने वाले लोगों को लाभांवित करती है। ऐसे पात्रों पर किसी भी जिम्मेदार लोगों की नजर नहीं पड़ी है। सोताबहादुरपुर के कुछ परिवार आज भी पांचाल घाट पुल के पास पन्नी डालकर रह रहे है। इन परिवारों के पास न ही जमीन है और न ही पीएम आवास है, न ही बिजली है। ऐसे में विभिन्न सुविधाओं से वंचित चल रहे परिवार मेहनत मजदूरी कर गुजर कर रहे है और परिवार का भरण पोषण कर रहे है। भारतीय किसान यूनियन के जिला सलाहकार अजय कटियार ने ऐसे लोगों को मदद दिलाने के लिए शासन प्रशासन से गुहार लगायी है। नेशनल हाइवे के 15 फुट गड्ढे में पन्नी डालकर पिछले 15 वर्षों से ग्राम सभा सोता बहादुरपुर के कुछ लोग रह रहे है। कुछ लोगों के पास राशन कार्ड है, आधार कार्ड है। जिसके द्वारा वह चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करते है। पर किसी भी सांसद व विधायक तथा अन्य नेता को इनकी सुध नहीं है। जमीन के नाम पर एक डिसमिल भी जगह नहीं है। इनका व इनके बच्चों का भविष्य कैसा होगा, पता नहीं। अगर शासन प्रशासन चाहे तो ऐसे लोगों को न्याय दिला सकता है। इन दिनों पीड़ित परिवार सड़क के किनारे पन्नी डालकर रह रहे है। बाढ़ का प्रकोप है, कीड़े-मकौड़े का भी भय बना रहता है। इनके बच्चों का भविष्य क्या होगा, यह सोंचकर आज भी कुछ परिवार परेशान रहते है। लगातार काम न मिलने के कारण दो टाइम का भोजन भी नसीब नहीं हो पा रहा है। भारतीय किसान यूनियन ने ऐसे पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है और शासन से मांग की है कि पीड़ित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास मिल जाये। जिससे इन परिवारों को सड़क के किनारे पन्नी डालकर रहना न पड़े।



सड़क किनारे पन्नी डालकर रह रहे गरीब परिवार



राशन कार्ड व आधार कार्ड दिखवाते लोग समृद्धि न्यूज

# बजट से मध्यम वर्गीय लोगों को होगा फायदाः मुकेश गुप्ता

- कैंसर की दवाई व सोलर पर की गई कस्टम ड्यूटी कम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**स्टेट बैंक** के सेवानिवृत्त कर्मचारी व भाजपा नेता मुकेश गुप्ता ने बजट को फायदे वाला बताया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये देश के आम बजट 2024-25 में इस बार मध्यम वर्गीय लोगों को काफी फायदा होते दिखाई पड़ रहा है। इस बार के बजट में आयकर के नए टैक्स रिजिम में स्टैंडर्ड डिडक्शन की छूट बढ़ाने के साथ-साथ 3 लाख से 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वाले करदाताओं को टैक्स रेट के बदलाव के कारण लगभग 17500 रुपयों तक की बचत होगी। इस प्रकार जब मध्यम वर्गीय लोगों की बचत होगी तो उनकी बचत में वृद्धि होगी। जिसके साथ-साथ उनकी पर्चेजिंग पावर बढ़ेगी और परचेजिंग पावर बढ़ने से वह बाजार में उपलब्ध उत्पादों की ज्यादा खरीद करेंगे। इस प्रकार माल की ज्यादा खपत होने के कारण कारखानों को अपना उत्पादन बढ़ाना होगा। देश में औद्योगिक विकास होगा। महंगे कैंसर जैसे इलाज की दवाइयों पर कस्टम ड्यूटी कम करके जहां एक ओर मरीजों को राहत दी गई है। वहीं दूसरी तरफ सोलर पैनल और सोलर सेल पर कस्टम ड्यूटी कम करके प्रदूषण दूर करने वाली ग्रीन एनर्जी पर विशेष फोकस किया गया है। स्टार्टअप पर कुछ टैक्स कम करने से इनकी संख्या तेजी से बढ़ेगी। जिससे काफी लोगों को रोजगार मिल सकेगा। सड़कों के लिए 26000 करोड रुपए के आवंटन से विशेष कर लोहा और सीमेंट उद्योग को फायदा होने के साथ-साथ नए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। 500 बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप योजना के द्वारा एक करोड़ बेरोजगार युवाओं को स्किल प्रदान की जाएगी। इस प्रकार कार्य में अनुभव होने के साथ यह युवा आगे चलकर आसानी से रोजगार पा सकेंगे। इस प्रकार की कंपनियों को सरकार की तरफ से इंटेंसिव भी देने के प्रावधान से तमाम सारी और कंपनियां भी इस प्रकार के कार्य को करने में रुचि लेगी। मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने से बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार देने का बल मिलेगा। बजट में आवास योजना पर ज्यादा फंड आवंटित करने से जहां निर्धन और बेघर लोगों को रहने के लिए आवास उपलब्ध होगा। वहीं दूसरी तरफ इससे सीमेंट और लोहा उद्योग को फायदा होने के साथ-साथ श्रमिकों और कारीगरों को भी रोजगार उपलब्ध होंगे। कह सकते हैं कि इस बजट में विशेष कर मध्यवर्गीय आयकरदाताओं, बेरोजगार युवाओं और महिलाओं का ध्यान रखा गया है तथा इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक बड़ा फंड आवंटन होने से हमारे देश की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी।



सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी मुकेश गुप्ता

## खबरें एक नजर में

### मोहम्मदाबाद व मऊदरवाजा प्रभारी निरीक्षक न्यायालय में तलब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** न्यायालय में आख्या प्रस्तुत न करने पर न्यायाधीश ने मोहम्मदाबाद व थाना मऊदरवाजा प्रभारी निरीक्षक को तलब किया है। भारत लाल गुप्ता बनाम अजय के मामले में न्यायालय द्वारा 10 जुलाई को आदेश जारी किया था कि मोहम्मदाबाद में प्रार्थना पत्र में वर्णित घटना के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज है अथवा नहीं की आख्या 23 जुलाई को मांगी थी, लेकिन न्यायालय में वांछित आख्या प्रस्तुत नहीं की गई। संबंधित पैरोकार के द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि थाने के डाक मुंशी के छुट्टी पर होने के कारण आख्या प्राप्त नहीं हुई। जिस पर अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय कक्ष संख्या 3/विशेष न्यायाधीश द0प्र0क्षे0 ने आदेश देते हुए कहा कि उक्त के संबंध में अपना लिखित स्पष्टीकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें कि 13 दिन बीत जाने के बाद भी न्यायालय में आख्या क्यों नहीं प्राप्त करायी गई और यह भी स्पष्ट सुनिश्चित करें कि थाने के डाक मुंशी के छुट्टी पर जाने के बाद आख्या न्यायालय में प्रेषित नहीं की जाती है। 29 जुलाई तक मोहम्मदाबाद कोतवाली प्रभारी द्वारा अपना स्पष्टीकरण मय आख्या प्रस्तुत नहीं किया गया तो यह समझा जायेगा कि उक्त के संबंध में कुछ नहीं कहना है। तब आपके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। वहीं राज्य बनाम वादी आरिफ के मामले में धारा 392 आईपीसी थाना मऊदरवाजा में न्यायालय द्वारा 25 नवम्बर 2021 आदेश के अनुक्रम में अग्रेतर विवेचना करने हेतु आदेशित किया गया था। 21 दिसम्बर 2022 को वादी आरिफ द्वारा संबंधित थाने से प्रगति आख्या मंगाये जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिस पर न्यायालय ने 4 जुलाई 2023 को आदेशित किया कि संबंधित विवेचक सम्पूर्ण सीडी सहित अगली तिथि को उपस्थित हो। परन्तु अभी तक संबंधित विवेचक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। जिस कारण प्रार्थना पत्र का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। न्यायालय ने संबंधित विवेचक को सम्पूर्ण केस डायरी सहित 1 अगस्त को न्यायालय में उपस्थित होने के आदेश दिया है। आदेश का अनुपालन न करने पर आपके विरुद्ध उचित विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### चौकी इंचार्ज व सिपाही के खिलाफ परिवाद दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अधिवक्ता के साथ अभद्रता करने के मामले में चौकी इंचार्ज व सिपाही के विरुद्ध पीड़ित ने न्यायालय में परिवाद दायर किया है। दीपक शर्मा एडवोकेट पुत्र श्याम बाबू निवासी अमेठी जदीद मसेनी थाना कादरीगेट ने न्यायालय में परिवाद दायर किया। जिसमें रेलवे रोड चौकी इंचार्ज राजेश कुमार गौतम व एक सिपाही को आरोपी बनाया है। दायर किये परिवाद में दर्शाया गया कि 7 जुलाई को समय लगभग 11:25 रात्रि मैं अपने भांजे विशाल जो कासगंज से आ रहा था। उसे लेने रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद गया था और स्टेशन के बाहर सड़क किनारे खड़े होकर भांजे से फोन पर पूछ रहा था कि इस समय कहां पर है, तभी रेलवे रोड चौकी इंचार्ज राजेश कुमार गौतम अपने हमराह सिपाही के साथ आये और गालियां देने लगे और कहा कि इतनी रात को किसे फोन कर रहा है तो मैंने कहा कि मैं अपने भांजे को लेने आया हूं जो ट्रेन से आ रहा है। मैंने अपना परिचय भी कि मैं अधिवक्ता हूं, लेकिन वह नहीं माने और अभद्रता करने लगे और बोले कि आज मैं दिखाता हूं कि पुलिस क्या कर सकती है। जब मैंने कहा कि मैं एसपी से शिकायत करूंगा। इस पर बिन बजह 6 हजार रुपये का मेरी बाइक का चालान कर दिया, जबकि मेरे सभी कागजात थे।

### गाली-गलौज कर मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज कर सरकारी कार्य में बाधा डालने का पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार सूबेदार सिंह पुत्र पृथ्वी पाल निवासी आरआरसी फतेहगढ़ थाना कोतवाली फतेहगढ़ ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है अभियुक्त विकास सिविल क्लर्क निवासी 12/02 क्वार्टर कैण्ट फतेहगढ़ थाना कोतवाली फतेहगढ़ ने शराब के नशे में पीड़ित के साथ गाली-गलौज की तथा सरकारी कार्य करने से रोका। विरोध करने पर पीड़ित की वर्दी फाड़ दी तथा पीड़ित की 05 तोले की चेन टूटकर गिर गयी। जो अभियुक्त ने उठा ली। जिसे वापस नहीं किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मु0अ0सं0.246/24 धारा-121, 132, 115(2), 352, 324, 316 बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना शुरु कर दी है।

### 25 जुलाई को मनाया जायेगा शहीद शिक्षामित्र दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह यादव ने शिक्षामित्र की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि 25 जुलाई 2017 को शिक्षामित्रों का समायोजन निरस्त हुआ था। 2017 से अब तक प्रदेश में 10 हजार से अधिक शिक्षामित्रों ने आर्थिक तंगी में आत्महत्यायें की। एवं आर्थिक तंगी में इलाज के अभाव में दम तोड़ दिया। मृत शिक्षामित्रों की याद में शहीद दिवस 25 जुलाई को शाम 4 बजे मनाते हुए पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा जायेगा।

### गृहकलह से क्षुब्ध युवक ने पिया कीटनाशक पदार्थ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव रजपालपुर निवासी आदर्श कुमार उम्र 20 वर्षीय पुत्र रवेन्द्र कुमार ने ग्रह कलह से शुब्द होकर जहरीला कीटनाशक पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

# स्काउट गाइड कार्यशाला में गाइड शिक्षा को दी गई गति

- जनपद की भारती मिश्रा व सुधीर कुशवाहा किये गये सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**प्रादेशिक मुख्य** आयुक्त प्रभात कुमार पूर्व आई0ए0एस0 व प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के निर्देशन व अनुमोदन के आधार पर कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क स्काउट/गाइड शिक्षा प्रदान करने को गति देने हेतु प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र स्काउट गाइड प्रयागराज में जिला स्काउट मास्टर व जिला गाइड कैप्टन की तीन दिवसीय कार्यशाला 20 जुलाई से 22 जुलाई तक का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जनपद से जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा व राष्ट्रीय पुरस्कृत शिक्षिका भारती मिश्रा ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए सहायक शिक्षा निदेशक तनुजा त्रिपाठी ने कहा कि यह कार्यशाला दायित्वों के निर्वहन के प्रतिबद्धता की कार्यशाला है। कार्यशाला का संचालन प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट हीरालाल यादव, प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड कामिनी श्रीवास्तव, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त अरविंद श्रीवास्तव, प्रादेशिक संगठन आयुक्त नौशाद अली सिद्दीकी, मयंक शर्मा, पूनम संधू आदि के द्वारा किया गया। अरविंद श्रीवास्तव ने एडल्ट कार्यक्रमों के निमित्त हुए नवीन परिवर्तनों की जानकारी दी। समस्त जिला स्काउट मास्टर तथा गाइड कैप्टन के द्वारा प्रादेशिक आयुक्त राजेश मिश्रा को सुझाव पत्रक सौंपे गए। बच्चों को निःशुल्क स्काउट गाइड प्रशिक्षण हेतु प्रत्येक कार्यशाला में जानकारी दी गई कि बच्चों को स्काउट/गाइड शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रत्येक से जनपद से 50 शिक्षकों को भी निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिससे स्काउट गाइड आंदोलन को गति मिले। भारती मिश्रा ने कार्यशाला में सुझाव रखा कि यदि बेसिक शिक्षा में स्काउट गाइड की वर्दी की व्यवस्था कर दी जाए तो निश्चित रूप से बेसिक शिक्षा के कैडेट सर्वोत्तम स्थान पर होंगे। सुधीर कुशवाहा ने कहा कि हम सब स्काउट गाइड के माध्यम से बच्चों को उत्कृष्ट नागरिक बनाने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम में लीडर ट्रेनर कुलदीप सिंह, ज्योति सिंह, विनोद राठौर आदि सहित उत्तर प्रदेश के समस्त जिला स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के समापन पर समस्त स्काउट मास्टर जिला गाइड कैप्टन को सम्मानित किया गया।



कार्यशाला में सम्मानित होती भारती मिश्रा समृद्धि न्यूज

# पर्यटन विकास निगम लि0 के सभी कार्यों की जांच व दोषियों पर कार्रवाई के डीएम ने दिये निर्देश



बैठक लेते जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। समीक्षा में उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0एसीएनडीएस, उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ, पर्यटन विकास निगम लि0 का कार्य खराब पाया गया। डीएम ने पर्यटन विकास निगम लि0 के सभी कार्यों की समिति बनाकर जांच कराने व दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# भू-जल सप्ताह के अन्तर्गत जल बचाने के बताये गये उपाय

- जल के बिना जीवन सम्भव नहींः निहारिका पटेल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला गंगा** समिति के तत्वाधान में भूजल सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विद्यावती माध्यमिक विद्यालय मसेनी चौराहा पर किया गया। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल के निर्देशन में भूगर्भ जल संरक्षण एवं वर्षा जल संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित विद्यार्थियों को जल के महत्व के बारे में बताया। निहारिका पटेल ने बताया कि हम प्रतिदिन जाने अनजाने में जल को अनावश्यक व्यर्थ कर रहे हैं। हम सभी को स्वयं जागरूक होना चाहिए कि जल हमारे लिए कितना आवश्यक है। जल के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है। जल का अत्यधिक दोहन करने से हमारा भूजल धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवम तिवारी ने कहा कि हम सभी को मिलकर जल को बचाने के लिए अभियान चलाना चाहिए एवं अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में हमें जल को व्यर्थ नहीं करना चाहिए। यदि हमें एक भी दिन जल न मिले तो हमारा जीवन समाप्त हो जायेगा। छोटे-छोटे उपाय के द्वारा विद्यार्थियों को जल को बचाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों के द्वारा जल संरक्षण पर पेंटिंग भी बनाई गई। पेंटिंग के माध्यम से विद्यार्थियों ने जल की एक-एक बूंद को बचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों के द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण की शपथ ली।



जल संरक्षण कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी समृद्धि न्यूज

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में इंटरहाउस काव्य पाठ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सीपी इंटरनेशनल** स्कूल में इंटर हाउस काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। काव्य पाठ का शुभारंभ उपनिदेशिका अंजू राजे, प्रधानाचार्य संजय बिष्ट, हेडमिस्ट्रेस संदीपा कुमार, एवम सभी शिक्षकों व छात्रों ने सामूहिक रूप से सरस्वती वन्दना प्रस्तुत करके किया। जूनियर विंग में पीस हाउस ने प्रथम एवं चैरिटी हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर विंग में होप हाउस ने प्रथम एवं ज्वाय हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्देशिका डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल के संदेश में बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों की रिदम गति मे सुधार तथा मंचन भय से मुक्ति मिलती है। अंजू राजे, संजय बिष्ट, संदीप कुमार एवं शिवानी मिश्रा निर्णायक रहे। वेदांशी, राधिका, नव्या, मानवी, परिधि, एंजल, आराध्या, अंशिका, अंजली, अनन्या, प्रिया, रामांश, ईशा, कनक, वैष्णवी आदि प्रमुख प्रतिभागी रहे। सुनिधि एवम गौरी ने मंच संचालन किया। अतुल मिश्र, संगीता, सारस्वत, कंचन सहित समस्त शिक्षकों का योगदान रहा।



कार्यक्रम में मौजूद प्रधानाचार्य व बच्चे समृद्धि न्यूज

# चन्द्रशेखर आजाद व बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर किया गया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जनतंत्र क्रांतिकारी** मोर्चा कार्यालय वंशीधर स्मारक भवन साहबगंज चौराहे पर महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद एवं स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है का जयघोष करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। दोनों महापुरुषों के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। मोर्चा के अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने दोनों महापुरुषों के चरित्र और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज देश के युवा पीढ़ी को इन महान पुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों पर चलकर देश को विकसित करने का संकल्प लें, तभी इन महापुरुषों का जन्मदिन सार्थक होगा। साथ ही सभी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर कन्हैया लाल श्रीवास्तव, अजय सिंह चौहान, डा0 मेहंदी हसन, शिवाजी कटियार, रामनारायन मिश्रा, कुलभूषण श्रीवास्तव, पृथ्वीनारायन, नरेन्द्र कुमार शर्मा, शुभ कुमार वर्मा व अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा मौजूद रहे।



चन्द्रशेखर आजाद व गंगाधर तिलक के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग

# मध्यम वर्गीय व सरकारी कर्मचारियों को बजट में मिली निराशा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**देश के** आम बजट में कुछ खास न मिलने से मध्यम वर्गीय को निराशा हाथ लगी। बिहार व आंध्र प्रदेश को खास पैकेज देनकर सरकार राजनैतिक लाभ लेना चाहां रही है। जबकि देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश को कुछ न मिलने के पीछे लोकसभा चुनाव में जनता ने नकार दिया है। वहीं विपक्षी दलों के लोगों ने इस बजट को निराशा जनक बताया है। जिले के समाजसेवी व व्यापारी एवं शिक्षकों ने इस बजट में मध्यम वर्गीय को कुछ खास न मिलने के कारण यह बजट पूंजीपतियों को फायदा देने वाला बताया गया है।

### सरकारी कर्मचारियों के लिए यह बजट निराशाजनकः ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी

फर्रुखाबाद। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री शिक्षक नेता ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों के लिए यह बजट निराशा जनक है। एनपीएस कर्मचारी अपने बुढ़ापे के सहारे पुरानी पेंशन लागू होने की उम्मीद लगाये बैठे थे। जिसका कोई जिक्र बजट में नहीं किया गया है। जबकि उलटा गैर सरकारी नियोक्ता का अंशदान एनपीएस में पहले 10 प्रतिशत होता था, उसके बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया है। अब गैर सरकारी एनपीएस कर्मचारियों को 4 प्रतिशत वेतन कम मिलेगा। जो लोग शेयर मार्केट में म्यूचुरुल फंड में पैसा निवेश करते थे, उन्हें भी निराशा हाथ लगी है। अब लांग टर्म कैपिटल गेन टैक्स 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया है। तथा शार्टटर्म कैपिटल गेन टैक्स 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है।

### आम बजट में महंगाई और बेरोजगारी दूर करने की कोई योजना नहीं हैः डॉ0 संदीप शर्मा

फर्रुखाबाद। युवा महोत्सव समिति के अध्यक्ष व समाजसेवी डा0 संदीप शर्मा ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि आम बजट में महंगाई और बेरोजगारी दूर करने की कोई योजना नहीं है। इसका सीधा मध्यम वर्गीय जनता व किसानों पर असर पड़ेगा। वित्त मंत्री द्वारा सदन में आम बजट पेश किया गया। बजट में सरकारी कर्मचारियों को राहत नहीं, महगाई और बेरोजगारी दूर करने के लिये बजट में कुछ भी नहीं, किसानो को महंगी खाद बीज बेंचकर अर्जित धन में से कुछ अंश किसान सम्मान निधि के रूप में बाटने वाला बजट लग रहा है। शिक्षा को सस्ता करने की कोई योजना नहीं है। जबकि इस बजट में पूंजीपतियों को ही लाभ मिला है। सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश को अलग से कोई पैकेज रुपी सुविधा नहीं दी गई है।



ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, संदीप शर्मा, संजय गर्ग, विमलेश शाक्य, राजकिशोर शुक्ला

### मिलाजुल बजट काफी हद तक सहीः संजय गर्ग

फर्रुखाबाद। समाजसेवी व व्यापारी नेता संजय गर्ग ने बताया कि यह बजट काफी हद तक सही है। इस बजट से सरकार पर अलग से कोई बोझ नहीं पड़ेगा और मिला-जुला बजट होने के कारण सभी का ध्यान रखा गया है, लेकिन इनकम टैक्स में और रियाज की आवश्यकता 25 लाख तक केवल 5 प्रतिशत ही इनकम टैक्स होना चाहिए, क्योंकि जब प्रतिशत है तो 100 पर पांच तो 25 लाख पर भी इस रेशों से टैक्स बनेगा। अधिक प्रतिशत कई रेट्स आम जनता को भ्रमित और परेशान करते हैं, जितना कम टैक्स रेट रखा जाता है उतनी अधिक रेवेन्यू आती है। ऐसे में इस बजट को मिलाजुला बजट कह सकते है।

### मध्यम वर्गीय लोग इस बजट से हतासः विमलेश शाक्य

फर्रुखाबाद। शिक्षक नेता अटेवा के जिला कोषाध्यक्ष विमलेश शाक्य ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों को राहत न देकर इस बजट में उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया गया है। शिक्षक व कर्मचारी पुरानी पेंशन की आस लगाये थे। पर उन्हे निराशा हाथ लगी है। यह बजट आम बजट न होकर पूंजीपतियों का बजट हो गया है। मध्यम वर्गीय लोग इस बजट से हतास है। जहां युवाओं को सरकारी नौकरियों की जरुरत है। उन्हें भी निराशा नजर आती लग रही है। प्राइवेट सेक्टर को बढ़ाते हुए बजट आया है। इसमें किसानों की एमएससी जैसी योजनाओं को लागू नहीं किया गया है। जिससे आम आदमी मुख्य सुविधाओं से दूर होता जा रहा है। ऐसे में राजनैतिक लाभ का बजट भी इसे कहा जा सकता है। लोगों की निराशा को छिपाया नहीं जा सकता है।

### बजट से शिक्षकों को मिली निराशाः राजकिशोर शुक्ल

फर्रुखाबाद। वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट से शिक्षकों को घोर निराशा हुई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने कहा कि शिक्षक कर्मचारी पहले ही आयकर सीमा दस लाख तक बढाने की मांग कर रहे थे। भीषण मंहगाई को कम करने के कोई उपाय नहीं किए गए। सीमा शुक्ला ने कहा कि मंहगे पेट्रोल, डीजल, कुकिंग गैस, दालें, मसाले, ड्राई फ्रूट्स ने तो रसोई घर का बजट ही बिगाड़ दिया। बजट से छात्रों, बेरोजगारों, किसानों और नौकरीपेशा लोगों को निराशा ही हाथ लगी।


# ग्रामीण विकास व कृषि क्षेत्र की प्रगति में नए आयाम स्थापित करेगा बजट : शिवराज

▸ वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध व शक्तिशाली भारत के निर्माण का बजट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनकल्याणकारी बजट पेश किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया है। इसके साथ ही उन्होंने देश के किसानों-ग्रामीणों, गरीब वर्ग, युवाओं, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत की आत्मा है गांव और प्राण है किसान, आज का बजट ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र की प्रगति में नए आयामों को स्थापित करेगा। मंगलवार को बजट पेश किए जाने के बाद केंद्रीय मंत्री ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह विकसित भारत के निर्माण की नींव रखने वाला का बजट है। चौहान ने कहा कि यह वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के निर्माण का बजट है, विशेषकर किसान, गरीब, महिलाएं, युवा और मध्यम वर्ग के कल्याण पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। यह बजट ग्रामीण क्षेत्र को और विकसित करेगा व किसानों की जिंदगी बदलेगा। इन सब वर्गों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन करेगा। चौहान ने कहा कि किसान की दृष्टि से अगर देखा जाए तो इसमें सभी पक्षों पर ध्यान दिया गया है। जिसमें उत्पादन बढ़ाना शामिल है। उन्होंने कहा कि किसानों को लाभ तभी होगा, जब उत्पादन बढ़ेगा। उसके लिए फल-सब्जी और अनाज की 109 नई वैरायटी जारी की जाएगी, जो जलवायु अनुकूल होगी। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के मौजूदा खतरे में चाहे ज्यादा तापमान हो या कम पानी हो, अच्छा उत्पादन देगी। चौहान ने कहा कि बजट में केवल उत्पादन बढ़ाने की बात नहीं है, इस बजट में लागत घटाने के प्रयत्न भी हैं। प्राकृतिक खेती के मिशन में हम किसानों को प्रशिक्षित करेंगे, प्राकृतिक खेती में केमिकल फर्टिलाइजर का इस्तेमाल नहीं होगा तो जो उत्पाद होगा, वह फल-सब्जी हो या अनाज, वे मनुष्य के लिए बहुत हितकारी होगा। प्राकृतिक खेती होने से लोग बीमारियों से बचेंगे और धरती का स्वास्थ्य भी सुधरेगा।



चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजना से जो छोटे और सीमांत किसान है, उनकी लागत में कमी आएगी, इनपुट डालने का मौका उन्हें इस राशि से मिलेगा। उत्पादन के ठीक दाम देने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी सुनिश्चित की गई है और सरकार ने हाल ही में खरीफ की 14 फसलों की एमएसपी की दरें जारी की है, उससे किसानों को ठीक दाम मिलना सुनिश्चित होगा। किसान क्रेडिट कार्ड हो या सस्ता ऋण हो, उनके कारण किसानों की लागत घटेगी।

## विकसित भारत की आधारशिला रखने वाला बजट है : नड्डा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट 2024-25 विकसित भारत की आधारशिला रखने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में मातृ शक्ति के आगे बढ़ने की छाप है, कृषि विकास का आधार भी है। नौजवानों को आगे बढ़े के लिए खुला आसमान है, गरीबों के चेहरे पर लाने वाली मुस्कान भी है। यह रोजगार के सृजन के प्रति समर्पित बजट है। ये बजट सिर्फ एक दस्तावेज नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण की दिशा में मार्गदर्शन करने वाला एक रोडमैप है, जो भारत को एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करता है। मंगलवार को बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि सावधानीपूर्वक तैयार किया गया यह दूरदर्शी बजट हमारे देश के विकास में एक नया अध्याय लिखने के लिए तैयार है। 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को संबोधित करके, यह प्रगति में तेजी लाने और समावेशी विकास प्रदान करने का वादा करता है। बजट को युवाओं और महिलाओं से लेकर किसानों और वंचितों तक सभी के लिए अवसर प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि समाज के हर वर्ग को हमारी साझा प्रगति से लाभ मिले। बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी 3.0 का पहला बजट भारत के समावेशी विकास, सतत विकास और आर्थिक लचीलेपन का प्रमाण है।

## ढांचागत क्षेत्र में प्रगति का मंच तैयार करता है बजट : गडकरी

**नयी दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के लिए बजट 2024-25 में 2 लाख 78000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सडक परिवहन एवं राजमार्ग नितिन गडकरी ने मंत्रालय के लिए बजट प्रावधान को ढांचागत विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृष्टिकोण का करिश्मा बताया और कहा कि बजट अगली पीढी के लिए महत्वपूर्ण सुधार लाने का रास्ता खोलता है। उनका कहना था कि यह बजट ढांचागत क्षेत्र में प्रगति का मंच तैयार करता है और देश को विकास की नई राह दिखाता है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे, नवाचार, अनुसंधान और अगली पीढ़ी के सुधारों पर जोर देने के साथ ही यह बजट सभी क्षेत्रों में देश की महत्वपूर्ण प्रगति के लिए मंच तैयार करता है।



## बजट में तमिलनाडु के साथ अनदेखी, नीति आयोग की बैठक का करेंगे बहिष्कार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि केन्द्रीय बजट में राज्य के साथ अन्याय हुआ है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बुलाई गई नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करेंगे। स्टालिन ने कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया, क्योंकि केंद्र ने केंद्रीय बजट में तमिलनाडु का बहिष्कार किया है।

केंद्रीय बजट पर चेन्नई में प्रेसवार्ता करते हुए एमके स्टालिन ने कहा कि केंद्र सरकार ने 3 साल से मेट्रो रेल की फंडिंग नहीं की है और इसकी कोई अधिसूचना भी नहीं है। केवल कुछ ही राज्यों के लिए बजट घोषणाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि 36,000 करोड़ मांगने के बावजूद राज्य में दो सबसे बड़ी आपदाओं के लिए केवल 236 करोड़ रुपये रखे गए हैं। तमिलनाडु में रेलवे परियोजनाओं के लिए धन का आवंटन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में तमिलनाडु के साथ अन्याय किया गया है। केंद्र सरकार के भेदभाव के खिलाफ तमिलनाडु के सांसद कल विरोध प्रदर्शन करने जा रहे हैं। इसलिए दिल्ली में होने जा रही बैठक में भाग नहीं लेने का फैसला किया गया है। वहीं, राज्यसभा सदस्य पी. विल्सन ने इसे बदले के भाव वाला बजट बताया है। उन्होंने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि सोमवार को संसद में अपने भाषण के दौरान, तमिलनाडु में लंबित परियोजनाओं के लिए धन आवंटित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला था। इस बात पर जोर दिया था कि तमिलनाडु और उसके लोगों को राजनीतिक कारणों से भेदभावपूर्ण व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। आज का केंद्रीय बजट इसी भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बजट अत्यधिक निराशाजनक है क्योंकि यह भाजपा के लिए लोकसभा चुनाव के खराब नतीजों के जवाब में तमिलनाडु और उसके लोगों को लक्षित करता प्रतीत होता है।



## बसपा की जिला कार्यकारिणी भंग

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव के बाद अब नगर निकाय चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी ने कवायद तेज कर दी है। लोकसभा और मंगलौर विधानसभा उपचुनाव में हार के बाद संगठन की मजबूती के लिए बसपा नए सिरे से संगठन मजबूत कर रही है। इसी क्रम में बसपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शीशपाल सिंह ने देहरादून जिला कार्यकारिणी को भंग कर जल्द ही नई कार्यकारिणी का गठन करने की बात कही है। बहुजन समाज पार्टी की मंगलवार को हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शीशपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुकानों पर नाम लिखवाकर समाज को बांटना चाहती है। बसपा इसकी घोर निंदा करती है। वहीं दुकानों पर नेमप्लेट लगाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर बसपा प्रतिनिधिमंडल डीजीपी व राज्यपाल से मुलाकात करेगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने नगर निकाय चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की। साथ ही भाजपा-कांग्रेस छोड़कर आए पवन कुमार प्रजापति, सैयद मोहम्मद खालिद समेत कई लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

# भारतीय गांवों की मुख्य शक्ति है स्वावलंबन

▸ गौ-माता की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी राशि

एजेंसी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वावलंबन ही भारतीय गांव की मुख्य शक्ति और उनकी विशेषता रही है। हजारों साल की गुलामी के बावजूद भारतीय समाज ने अपने सांस्कृतिक स्वरूप और मूल्यों को गांवों के स्वावलंबन के बल पर ही अक्षुण्य बनाए रखा है। आत्मनिर्भर पंचायत-समृद्ध मध्यप्रदेश विषय पर संगोष्ठी, पंचायतों और ग्रामों को आर्थिक रूप से अधिक सशक्त और विकास परक बनाने में प्रभावी रूप से सहायक होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आत्मनिर्भर पंचायत- समृद्ध मध्य प्रदेश विषय पर कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस मौके पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना, पशुपाल राज्य मंत्री लखन पटेल एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह तथा अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री ने श्रावण मास में आरंभ हुई तीन दिवसीय कार्यशाला में महाकाल बाबा के जयघोष के साथ अपना संबोधन आरंभ करते हुए कहा कि भारतीय गाँव अनुशासित, संयमित और परम्परा व मूल्यों के अनुसार जीवन जीने के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वावलंबी ग्राम की व्यवस्था को सशक्त करने के प्रयासों से ग्रामीण जीवन अधिक सुविधाजनक हो रहा है और ग्रामीणों को प्रगति के भी पर्याप्त अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हर घर में नल से जल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन संचालित है तथा हर खेत में सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था के उद्देश्य से स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार पूरे प्रदेश में प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में नर्मदा घाटी विकास के परिणाम सबके सामने हैं। केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश को 45-45 हजार करोड़ रूपए उपलब्ध कराए गए हैं। कालीसिंध-पार्वती और चंबल लिंक परियोजना की गतिविधियां आरंभ हो रही हैं। प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ने से किसानों का भी आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आधार खेती के साथ-साथ पशुपालन को भी राज्य सरकार विशेष महत्व दे रही है। वृद्ध, अस्वस्थ, अपाहिज व असहाय गायों को पालने के लिए राज्य सरकार द्वारा राशि उपलब्ध कराई जाएगी। कांजी हाऊसों को गौ-शाला के रूप में विकसित किया जाएगा और ऐसी गायों की व्यवस्था कांजी हाऊस में की जाएगी।

# आर्यकुल कॉलेज में टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के बिजनौर स्थित आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में हमारे वीर सेनानी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के जननायक, लोकनायक बाल गंगाधर तिलक व महान क्रांतिकारी, देशभक्त अमर शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम पर सरोजिनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बी.फार्मा बैच (2020-2024, 2019-2023) व एम.फार्मा बैच (2021-2023) के छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने कहा कि टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। डिजिटलीकरण की प्रक्रिया देश-प्रदेश स्तर पर चल रही है। हर रोज अनेको डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया जा रहा है। यह टैबलेट शिक्षार्थी की स्वायत्तता को भी बढ़ावा देते हैं। इनका उपयोग आसान है जिसकी वजह से हमारे छात्र-छात्राओं को हर तरह की मुमकिन सुविधाएं व मदद हासिल हो पा रही है।



इस अवसर पर आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज के फार्मेसी विभाग के उप निदेशक डॉ. आदित्य सिंह, रजिस्ट्रार सुदेश तिवारी, उप रजिस्ट्रार हर्ष नारायण सिंह, प्रबंध- पत्रकारिता एवं शिक्षा विभाग की उप निदेशक डॉ. अंकिता अग्रवाल, फार्मेसी विभाग के एचओडी बी.के सिंह, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. अजय शुक्ला, प्रबंध- शिक्षा विभाग के एचओडी प्रणव पांडे, डॉ. स्नेहा सिंह, डॉ. अंकिता श्रीवास्तव, प्रियंका केसरवानी, अंशिका शुक्ला, रॉनी बिस्वास के साथ अन्य शिक्षक गण एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## डिजिटल शिक्षा का ज्ञान आज की मांग : डॉ राजेश्वर सिंह

सरोजिनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि आज के वर्तमान समय में छात्र-छात्राओं को डिजिटल शिक्षा का ज्ञान अति आवश्यक है। आने वाला समय और भी ज्यादा आधुनिक है व तरह-तरह के अनेको नए रोज़गारों के साथ हमारे जीवन में दस्तक देगा और इसके लिए हमें अभी से अपने आप को तैयार करना होगा ताकि हम अगले 30-40 सालों में अपने देश को नई बुलंदियां हासिल करवा सकें। नि:शुल्क टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना 25 दिसंबर, 2021 को शुरू की गई थी। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए 1500 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित किया गया था।

## सरकार के खजाने में हर एक रुपये में टैक्स से आएगा 63 पैसा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रस्तुत बजट दस्तावेजों के मुताबिक सरकारी खजाने में आने वाले हर एक रुपये में सबसे बड़ा हिस्सा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों का है। वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा कि टैक्स से 63 पैसे आएंगे, जबकि उधार और अन्य देनदारियों से 27 पैसे प्रति रुपये जुटाए जाएंगे। वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2024-25 के मुताबिक प्रत्येक एक रुपये में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों से 63 पैसे, उधार और अन्य देनदारियों से 27 पैसे, विनिवेश जैसे गैर-कर राजस्व से 09 पैसे और गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियों से 1 पैसा आएगा। इस तरह कुल मिलाकर 36 पैसे प्रत्यक्ष करों से आएंगे, जिसमें कॉरपोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर शामिल हैं। बजट दस्तावेज के मुताबिक आयकर से 19 पैसे मिलेंगे, जबकि कॉरपोरेट कर से सरकार के खाते में 17 पैसे आएंगे।

# सरकार का ध्यान कर दायरा बढ़ाने व कर व्यवस्था को सरल बनाने पर केन्द्रित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बजट पेश करने के बाद कहा कि सरकार लगातार कर (टैक्स) का दायरा बढ़ाने जोर दे रही है। भारत में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से कर दायरे का विस्तार करने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने कहा कि बजट में केवल कर राजस्व का ही नहीं बल्कि गैर-कर राजस्व संग्रहण भी योगदान दे रहा है। सरकारी कंपनियों का लाभ बेहतर हो रहा है। उनका मूल्यांकन काफी बढ़ गया है और उनके प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है।

केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के बाद दोपहर में राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इसमें उन्होंने कहा कि सरकार केवल कर राजस्व को बढ़ाने ही नहीं बल्कि कर व्यवस्था को सरल करने पर भी ध्यान केन्द्रित कर रही है। हम कर व्यवस्था की समीक्षा के माध्यम से एक सरल कर व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। नई आयकर व्यवस्था पुरानी कर व्यवस्था को सरल बनाने की राह में लाई गई है।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज बजट घोषणा में संपत्ति की बिक्री पर मिलने वाले इंडेक्सेशन लाभ हटाने की घोषणा की थी। इसका मतलब कि संपत्ति बेचने वाले व्यक्ति अब मुद्रास्फीति का उपयोग करके अपनी खरीद मूल्य को समायोजित नहीं कर पाएंगे, जिससे उनको होने वाला लाभ कम हो जाएगा। इस पर सवाल के जवाब में वित्त सचिव डी.आर. टी.वी.सोमनाथन ने कहा कि रियल एस्टेट, सोना और अन्य संपत्तियों पर पहले इंडेक्सेशन के साथ कर दर 20 प्रतिशत थी। इसे अब बिना इंडेक्सेशन के घटाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया गया है। ऐसा करते समय यह माना गया है कि अचल संपत्ति पर रिटर्न की दर आम तौर पर 10 प्रतिशत प्रति वर्ष से ऊपर रहती है और मुद्रास्फीति लगभग 4 प्रतिशत प्रतिवर्ष है। रियल एस्टेट में रिटर्न की वास्तविक दर पहले 6 प्रतिशत और 16 प्रतिशत प्रति वर्ष के बीच रहती है। ऐसे में विक्रेता का ज्यादा रिटर्न पर कम कर देना पड़ेगा और कम रिटर्न पर मामूली बढ़ोत्तरी होगी। ऐसा करने से कर व्यवस्था अधिक सरल भी हो गई है। वहीं इस बार के बजट में सरकार ने एंजेल टैक्स हटाने का भी फैसला किया है।

# बजट में समावेशी, रोजगार सृजन और कौशल विकास पर दिया जोर : फिक्की

▸ बजट से व्यापार व विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा : डॉ. अनीश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने कहा कि केंद्रीय बजट समावेशी है, जिसमें गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजन और कौशल विकास पर जोर दिया गया है। ये बजट कृषि और विनिर्माण के बीच संतुलन बनाता है, जिसमें सेवाओं के तत्व भी शामिल हैं। फिक्की अध्यक्ष डॉ. अनीश ने मंगलवार को केंद्रीय बजट 2024-25 पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही।

शाह ने कहा कि फिक्की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को विकासोन्मुखी बजट पेश करने के लिए बधाई देता है, जिसमें अल्पकालिक मांग प्रोत्साहन और मध्यम से दीर्घकालिक विकास अनिवार्यताओं पर केंद्रित कार्रवाई दोनों ही शामिल हैं, जबकि राजकोषीय अनुशासन को बनाए रखा गया है। अनीश शाह ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट पर कहा कि यह बजट कृषि और विनिर्माण के बीच संतुलन बनाता है, जिसमें सेवाओं के तत्व भी शामिल हैं। इस बजट की नीति घोषणाओं में निरंतरता है। इस बजट के सरलीकरण से व्यापार करने में आसानी होगी, विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2024-25 का फोकस क्षेत्र उद्योग के लिए फिक्की की प्रमुख प्राथमिकताओं के अनुरूप है। हमें ये जानकर खुशी हो रही है कि बजट में फिक्की के कई सुझावों पर विचार किया गया है, जैसा कि कृषि अनुसंधान में तेजी लाने, विनिर्माण में महिला कार्यबल की भागीदारी बढ़ाने, विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार के लिए कारक बाजार सुधारों के साथ-साथ हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उपायों के प्रस्तावों में देखा गया है।

## खबरें एक नजर में

### विकसित भारत के लिए रोडमैप बनाने वाला बजट : शेखावत

**नई दिल्ली/जयपुर।** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत के लिए रोडमैप बनाने वाला बताया। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह गरीबों, महिलाओं, युवाओं और अन्नदाताओं को विकसित भारत के संकल्प से संयुक्त करता बजट है। शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के लिए जो रोडमैप बनाया है, वित्त मंत्री ने उस अनुरूप ही रोजगार, कौशल विकास, व्यापार-उद्योग जगत तथा मध्यम वर्ग के लिए आगे बढ़ने के शानदार अवसर प्रस्तुत किए हैं। महत्वपूर्ण है कि इसमें भारत की उदात्त संस्कृति और भारतीयता का परिचय देने वाले अद्वितीय स्थलों को अनिवार्य स्थान मिला है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नालंदा को एक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा भारत के शिक्षा, साहित्य और अध्यात्म से समृद्ध गौरवशाली इतिहास से न्याय है। नालंदा विवि प्राचीन भारत में शिक्षा के विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्तर का संपूर्ण उदाहरण था। इसे वर्तमान में नया प्रकाश देने की सोच से ही प्रधानमंत्री पिछले दिनों नालंदा विवि के नए कैंपस के शुभारंभ अवसर पर गए थे। यह घोषणा बारंबार स्वागत योग्य है। बजट- 2024 कहता है 卐जय भारत-जय भारती卐।

### क्वाड और आसियान बैठक में शामिल होने विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर टोक्यो में भारत, जापान, आस्ट्रेलिया और अमेरिका चार देशों के संगठन क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए 28-30 जुलाई तक जापान की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इससे पहले विदेश मंत्री आसियान-भारत, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) और आसियान क्षेत्रीय मंच (एआरएफ) के प्रारूप में आसियान ढांचे के तहत विदेश मंत्रियों की बैठकों में भाग लेने के लिए 25-27 जुलाई को लाओस की राजधानी वियनतियाने जायेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को विदेश मंत्री की दो यात्राओं का विवरण दिया है। मंत्रालय के अनुसार जयशंकर सितंबर 2023 में न्यूयॉर्क में आयोजित क्वाड की पिछली बैठक के दौरान हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाएंगे और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में विकास पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे और क्वाड पहलों और कार्य समूहों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। वे क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे और सार्वजनिक वस्तुओं की डिलीवरी के माध्यम से क्षेत्र की समकालीन प्राथमिकताओं को संबोधित करके एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए भविष्य के सहयोग का मार्गदर्शन करेंगे। वहीं विदेश मंत्री के आसियान से संबंधित बैठकों के दौरान वियनतियाने में अन्य देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की संभावना है।

### एसडीआरएफ टीम ने छह युवकों को गंगा में डूबने से बचाया

**हरिद्वार।** कांवड़ मेले के दौरान गंगा में डूब रहे छह कांवड़ियों को एसडीआरएफ के गोताखोरों ने गंगा में डूबने से बचा लिया। मंगलवार को संवेदनशील कांगड़ा घाट पर पांच तथा बैरागी कैम्प में एक कांवड़िए को वहां तैनात एसडीआरएफ के जवान आशिक अली, शिवम सिंह, रजत तोमर, अनिल कोटियाल व लक्ष्मण सिंह ने गंगा के कूदकर तुरंत रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। गंगा में डूब रहे जिन लोगों को रेस्क्यू किया गया, उनमें मोनू सिंह (21) निवासी गांव बदरौली, फरीदाबाद, संदीप सिंह (21) निवासी गोरखपुर उत्तर प्रदेश, गोविंद सिंह (21) निवासी रुद्रपुर खेड़ा, उत्तराखंड, करण (17) निवासी सदर तिकोना पार्क दिल्ली, अंकित (15) ग्राम भोपोली पानीपत हरियाणा तथा अरुण राठौर (32) ग्राम जलालपुर जिला मुजफ्फरनगर शामिल हैं। यह जानकारी एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम प्रभारी दरोगा दीपक मेहता ने दी।

### एडमोंटन के बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड

**एडमोंटन।** कनाडा में एक और हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया है। अब एडमोंटन के बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने बताया कि बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर पर सुबह भारत विरोधी नारे लिखे देखे गए। साथ ही भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य पर हमला किया गया। नेपियन संसद सदस्य चंद्र आर्य ने हिंदू-कनाडाई समुदायों के खिलाफ हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। आर्य ने एक्स पर कहा, एडमॉन्टन में हिंदू मंदिर बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को फिर से तोड़ दिया गया है। पिछले कुछ सालों से ग्रेटर टोरंटो एरिया, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के अन्य स्थानों में भारत विरोधी नारे के साथ तोड़फोड़ की जा रही है। सांसद आर्य ने पोस्ट में खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों को मिली छूट की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, जैसा कि मैं हमेशा से कहता रहा हूं, खालिस्तानी चरमपंथी नफरत और हिंसा की अपनी सार्वजनिक बयानबाजी से आसानी से बच निकलते हैं। मैं एक बार फिर से बोलना चाहता हूं, हिंदू कनाडाई सच में परेशान हैं। मैं फिर से कनाडा की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का आह्वान करता हूं। इससे पहले कि ये बयानबाजी हिंदू कनाडाई लोगों के खिलाफ हमलों में तब्दील हो जाए।

## इमरान खान की पार्टी के खिलाफ सेना ने खोला मोर्चा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में सेना की मजबूत पकड़ और सत्ता प्रतिष्ठान से उसकी राजनीतिक जुगलबंदी एक बार फिर सतह पर आ गई है। पाकिस्तान की सरकार ने सेना को गिलगित-बाल्टिस्तान सहित कई प्रांतों में ऑपरेशन अजम-ए-इस्तेहकम के माध्यम से एक नए सिरे से सक्रिय और आतंकवाद विरोधी अभियान से निपटने के लिए मंजूरी दी है। इसका पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की तहरीक ए इंसाफ पार्टी (पीटीआई) खुलकर विरोध कर रही है। सेना की तरफ से भी पीटीआई के खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया है। पाकिस्तान की सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने सोमवार को देरशाम रावलपिंडी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पीटीआई का नाम लिए बिना कहा कि संगठित राजनीतिक माफिया आतंकियों के सफाये और आर्थिक विकास के उद्देश्य से शुरू किए गए एक नए आतंकवाद-रोधी अभियान अज्म-ए-इस्तेहकाम के बारे में गलत सूचना फैला रहे हैं।

# सुविधा : मैक्स हॉस्पिटल में रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम द विंची एक्सआई का हुआ शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अत्याधुनिक द विंची शी रोबोटिक सर्जरी सिस्टम के शुभारंभ के साथ अपनी सर्जरी सुविधा के विस्तार की घोषणा की है। यह नई टेक्नोलॉजी लखनऊ के लोगों के लिए कम से कम चीरों वाली सर्जरी को और सुलभ बनाकर सर्जरी की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगी।

द विंची एक्सआई सर्जिकल रोबोट डॉक्टरों को छोटी चीरे के माध्यम से, उन्नत 3डी दृष्टि के साथ जटिल सर्जरी करने में सक्षम बनाता है, जिससे रोगी को होने वाली असुविधा और उनके अस्पताल में रहने की अवधी कम हो जाती है। सर्जन दा विंची शी सर्जिकल रोबोट उपकरणों का उपयोग करके सर्जरी कर सकते हैं जिन्हें वे कंसोल के जरिए से निर्देशित कर सकते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, डॉ. गौरव अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट-हॉस्पिटल ऑपरेशन्स एवं जोनल हेड (वैशाली और लखनऊ), मैक्स हेल्थकेयर ने कहा, हम लखनऊ के मैक्स हॉस्पिटल में नवीनतम दा विंची एक्सआई रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम लॉन्च करके बहुत उत्साहित हैं। यह हमारे मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार और चिकित्सा उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह अत्याधुनिक तकनीक मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ की महत्वाकांक्षी योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका लक्ष्य, चिकित्सा विज्ञान और रोगी देखभाल के क्षेत्र में अग्रणी बनकर, मैक्स हॉस्पिटल को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाना है। इस पहल से न केवल लखनऊ, बल्कि आसपास के इलाकों से भी मरीजों को सुविधा मिलेगी। यह न सिर्फ स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाएगा, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी गति प्रदान करेगा। डॉ. अग्रवाल ने कहा, लखनऊ एक प्रमुख चिकित्सा केंद्र है, जो न केवल राजधानी और आसपास के मरीजों को बल्कि पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश और बिहार के मरीजों को भी सेवाएं प्रदान करता है।

